एसआईए रिपोर्ट

SRIAsia
sustainability defined

कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए भूमि अधिग्रहण, हिमाचल प्रदेश

SIAU-HIPA, Govt of Himachal Pradesh

प्राक्कथन

यह सामाजिक प्रभाव आकलन (एसआईए) प्रतिवेदन, एसआर एशिया द्वारा भूमि अधिग्रहण पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन अधिनियम, 2013 और हिमाचल प्रदेश सामाजिक प्रभाव आकलन (एचपीएसआईए) नियम, 2015 में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता के अधिकार के अनुसार तैयार किया गया है। प्रभावित क्षेत्र से महत्वपूर्ण निविष्टयां, सामाजिक आर्थिक स्थिति का आकड़ा, विस्थापन की उत्पन्न स्थिति, स्थानीय पारिस्थितिकी, संस्कृतिक, सामाजिक–आर्थिक रूपरेखा एवं अन्य सुझावो पर्याप्त करने के लिए एसआईए टीम ने जिला उप आयुक्त कांगड़ा, एडीएम कांगड़ा, एसडीएम शाहपुर एवं एसडीएम कांगड़ा, परियोजना प्रभावित परिवारों, राजस्व और भूमि सुधार विभाग एवं पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ व्यापक परामर्श किया।

हम इस प्रतिवेदन को तैयार करने में शासकीये अधिकारियों, परियोजना प्रभावित परिवार, स्थानीय प्रतिनिधियों, डा. अंबरीन जमाली (सहायक प्रोफेसर) एवं टीम संकाय–सामाजिक कार्य विभाग केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश तथा सभी हितधारकों द्वारा उनके साझा समय एवं सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूं।

हम विशेष रूप से प्रमुख सचिव (पर्यटन–हि.प्र.), निदेशक– हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान, उपायुक्त कांगड़ा, जिला एवं तहसील प्रशासन तथा को एसआईए कार्य में सहायता प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त करता हूं।

इस चुनौती पूर्ण अध्ययन को पूर्ण करने के लिए मै संस्था में कार्यारत श्री अजय कुमार सिंह (परियोजना प्रबंधक) तथा एसआईए टीम के सदस्यो को धन्यवाद देता हूं।

मार्च, 2023

बीरेंद्र रतूड़ी
(अंतर्राष्ट्रीय निदेशक)

विषय सूची

	शीर्षक	पृष्ठ संख्या
	कार्यकारी संक्षेप	i-xxviii
अध्याय–एक	भूमिका	1–10
	1.1 पृष्ठीाूमि	1
	1.2 दिल्ली–धर्मशाला के बीच होती हैं शिर्फ तीन उड़ानें	7
	1.3 हवाई अड्डे के विस्तार की आवश्यकता	7
	1.4 परियोजना स्थल	8
	1.5 परियोजना के लिए वैकल्पित स्थान	8
अध्याय–दो	सामाजिक समाघात आंकलन की अध्ययन पद्धति	11–21
	2.1 परिचय	11
	2.2 सामाजिक समाघात अध्ययन की आवश्यकता	12
	2.3 अध्ययन के उद्देश्य	12
	2.4 अध्ययन पद्धति	13
	2.5 अध्ययन के उपकरण	16
	2.6 टीम संयोजन	19
	2.7 समय विवरण	20
	2.8 जन सुनवाई	21
अध्याय–तीन	भूमि आंकलन	22–27
	3.1 परियोजना के अन्तर्गत वांछित भूमि आदि का विवरण	22
	3.2 तहसीलवार अर्जन की जाने वाली भूमि का विवरण	23
	3.3 ग्रामवार अर्जन की जाने वाली भूमि का विवरण	24
	3.4 भूमि का प्रकार	27
	3.5 भूमि का उपयोग	27
	प्रभावित ग्रामों की सामाजिक एवं आर्थिक रूपरेखा	28–45

अध्याय–चार	4.1 ग्रामों की अवस्थिति	28
	4.2 जनांकिकी स्थिति एवं श्रेणी	29
	4.3 आर्थिक संस्थाओं की उपलब्धता	30
	4.4 सामाजिक/धार्मिक स्थल	31
	4.5 राजनैतिक, प्रशासनिक संस्थाऐं	32
	4.6 शिक्षण संस्थाए	33
	4.7 स्वास्थ्य सेवाऐ	34
	4.8 पशु चिकित्सा सेवाऐ	35
	4.9 विद्युत कनेक्शन	36
	4.10 पेयजल स्रोत	36
	4.11 सिंचाई का साधन	37
	4.12 आर्थिक गतिविधियां	37
	4.13 कुटीर उद्योगो की स्थिति	38
	4.14 कुरीतियां	39
	4.15 पशुधन	39
	4.16 पशुओं हेतु हरा चारे की उपलब्धता	40
	4.17 मुख्य फसलें	40
	4.18 अधिग्रहीत सार्वजनिक परिसम्पत्तियां	41
	4.19 असहमति के कारण	43
	4.20 परियोजना के प्रभाव	43
अध्याय–पॉच	सामाजिक प्रभाव	46–83
	5.1 प्रभावित परिवारों की सामान्य विशेषताऐ	46
	5.1.1 लिग	47
	5.1.2 शैक्षिक योग्यता	48
	5.1.3 धर्म	50
	5.1.4 जाति	50
	5.2 व्यवसाय	52
	5.3 आय	54
	5.4 परिवार के प्रकार	56

	5.5 पशुधन	57
	5.6 सामाजिक स्थिति	58
	5.6.1 मकान का प्रकार	58
	5.6.2 विधुत कनेक्शन की उपलब्धता	59
	5.6.3 पेयजल स्रोत	60
	5.6.4 शौचालय की उपलब्धता	62
	5.6.5 रसोई की उपलब्धता	63
	5.7 आंगनबाड़ी केन्द्र में मिलने वाली सुविधाओं की नियमितता	64
	5.8 चिकित्सकीय सुविधा	65
	5.9 विभिन्न उत्सवों में भागीदारी	66
	5.10 गाँव के पास/मध्य में हवाई अड्डा के विस्तार के संबंध में जानकारी	67
	5.11 अधिग्रहीत भूमि का क्षेत्रफल	68
	5.12 अधिग्रहीत की जाने वाली भूमि पर बोयी जाने वाली फसलें	69
	5.13 अधिग्रहीत की जाने वाली भूमि की श्रेणी	70
	5.14 अधिग्रहीत होने वाली भूमि से प्राप्त होने वाली वार्षिक आय	72
	5.15 अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा परियोजना के निर्माण के बार में राय	73
	5.16 भूमि अधिग्रहित करने की सहमति	74
	5.17 भूमि अधिग्रहण से प्रभावित होने वाली सम्पति	76
	5.18 असहमति के कारण	77
	5.19 भूस्वामियों द्वारा बतायीं गई शर्तें जिन पर वे भूमि देने हेतु सहमत है	79
	5.20 परियोजना से प्रतिकूल प्रभाव	81
	5.21 हवाई अड्डा से लाभ / सकरातमक प्रभाव	82
अध्याय–छ :	सामूहिक विचार विमर्श	84–97
	6.1 सामूहिक विचार विमर्श और परामर्श की आवश्यकता	84
	6.2 सामूहिक विचार विमर्श – अनुसंधान और आकड़ा संग्रह की प्रकिया	85
	6.3 परियोजना प्रभवित क्षेत्र के पांच अबाद गांवों का सामूहिक विचार विमर्श	86

	6.4 विशेष रूप से आय के स्रोत के बारे में उठाए गए मुद्दे, चाहे वह कृषि हो या गैर–कृषि, परिवार में महिलाओं की भूमिका पर चर्चा :	88
	6.5 भूमि अधिग्रहण से पीएपी में रोजगार क्षमता, आय क्षमता, सामाजिक स्थिति, सांस्कृतिक लोकाचार, पारिवारिक संरचना, मानसिक कल्याण और पारिस्थितिक कल्याण पर पड़ने वाले प्रभाव पर चर्चा	90
	6.6 प्रभावित क्षेत्र में रोजगार में वृद्धि, व्यापार के अवसर, जमीन की कीमत, सार्वजनिक सुविधा, औपचारिक रोजगार उत्पादकता और जीवन स्तर में वृद्धि के संबंध में उनकी राय /धारणाओं पर चर्चा की गई	91
	6.7 प्रभावित क्षेत्र में खाद्य (सब्जी) सुरक्षा में वृद्धि, महिला रोजगार उत्पादकता और जीवन स्तर के संबंध में उनकी राय/धारणाओं पर चर्चा की गई और राय मांगी गई	92
	6.8 अधिग्रहण से क्षेत्र की स्थानीय अर्थव्यवस्था और आर्थिक निर्भरता पर पड़नेवाले प्रभव पर चर्चा	92
	6.9 परियोजना क्षेत्र मे जल स्रोत, जल संचय, भूमिगत जल स्तर और वन संरक्षित जैसे मुद्दों चर्चा	92
	6.10 परियोजना क्षेत्र मे स्वास्थ्य सुविधाओं पर चर्चा	93
	6.11 इस परियोजना का क्षेत्र में शैक्षिक सुविधा/स्कूलो/कॉलेजों और परिवहन और सड़क सुविधा में वृद्धि पर प्रभाव	93
	6.12 क्षेत्र में संसाधनों की उपलब्धता में सुधार और निजी संपत्ति के मूल्य में वृद्धि के मुद्दे पर चर्चा	93
	6.13 सामान्य तौर पर, एफजीडी के दौराण परियोजना के बारे में कोई अन्य राय/टिप्पणी भी उठाई गई और चर्चा की गई	93
	6.14 शमन उपाय	94
	6.15 सामुदायिक कल्याण और जीवन शैली संभावित प्रभाव	95
	6.16 सामूहिक विचार विमर्श के दौराण ग्रामीणों की मांगे	95
	6.17 परियोजपना के लिए वैकल्पिक स्थान पर चर्चा	96
अध्याय–सात	लागत और लाभ विश्लेषण	98–106
	7.1 परियोजना से सार्वजनिक उद्देश्य का आकलन	98
	7.2 संरचना और परिमाण या आकार पर प्रभाव	99
	7.3 मुआवजे के निर्धारण	99
	7.4 पात्रता अधात्री (मैट्रिक्स)	100

	7.5 परियोजना की लागत और लाभ	103
	7.5.1. लागत	104
	7.5.2. लाभ	104
	7.6.1 लागत –लाभ विश्लेषण लागू करने में समस्याएँ	106
अध्याय–आठ	सामाजिक समाघात प्रबन्धन योजना	107–123
	8.1 प्रभाव से बचने, कम करने और क्षतिपूर्ति करने के उपाय	113
	8.2 प्रभाव और प्रबंधन योजना	114
	8.3.महिलाओं के लिए प्रबंधन योजना	115
	8.4 विकास प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी	116
	8.5 निर्माण शिविरों में महिलाओं का प्रावधान	117
	8.6 प्रशिक्षण आवश्यकता आकलन	118
	8.7 कौशल विकास के माध्यम से आजीविका संचालन और आय सृजन की रणनीति	119
	8.8. हिमाचल प्रदेश नियम 2015 के अनुसार अपेक्षित निकाय द्वारा उपाय	120
	8.9 पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन योजना के क्रियान्वयन हेतु संस्थागत व्यवस्था	121
	8.10 शिकायत निवारण समिति (जीआरसी)	122
अध्याय–नौ	संस्तुतिया	124–128
परिशिष्ट–एक	ग्रामवार अधिग्रहित की जाने वाली परिसम्पत्तियां, सम्भावित समस्यायें/नुकसान एवं इन समस्याओं के निराकरण हेतु सुझाव	129–168
परिशिष्ट–दो	साहित्यिक समीक्षा एवं तसवीर	169–188
परिशिष्ट–तीन	प्रभावित भूस्वामियों की सामान्य विशेषताऐं	189

कार्यकारी संक्षेप

1.1 पृष्ठीाूमि :

विकास एक सतत प्रकिया है। मानव सभ्यता के विकास के साथ–साथ मानव जाति की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु विभिन्न काल खण्डों के तत्कालीन परिवेश के अनुरूप आविष्कार किये जाते रहे है। किसी भी क्षेत्र में उस क्षेत्र की आवश्यताओं को ध्यान में रखते हुए आविष्कार किये जाते हैं। समय–समय पर इनमें आवश्यकतानुसार संशोधन भी होते रहे है। मनुष्य की प्रकृति रही है कि ज्यों–ज्यों आवश्यकताओं की पूर्ति होती जाती है त्यों–त्यों जीवन स्तर में सुधार हेतु नई आवश्यकताऐं अनुभव की जाती रही है।

विभिन्न प्रकार की सुख सुविधा युक्त साधनों में परिवहन एवं यातायात महत्वपूर्ण साधनों में से एक है। परिवहन एवं यातायात के लिए सड़क मार्ग, रेल मार्ग, वायु मार्ग तथा जल मार्ग का उपयोग किया जाता है। इनमें सबसे अधिक दबाव सड़क मार्ग पर यातायात में पड़ता है। विगत वर्षों में सड़क मार्ग से यातायात के साधनों में अत्यधिक वृद्धि हुई है, जिससे सड़क मार्ग से यातायात में वाहनों की भीड़भाड़ से सड़को पर अत्यधिक जाम तो लगता ही है साथ ही वाहनों की धीमी गति के कारण गन्तव्य तक पहुॅचनें में अधिक समय एवं ईंधन व्यय होता है। इसके निराकरण हेतु लोग वायु मार्ग का प्रयोग करते हैं, जिससे वह अपने गन्तव्य स्थान पर जल्द पहुच सके है। इसके लिए हवाई अड्डा का विस्तार एवं नविन हवाई अड्डा के निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

विगत कुछ वर्षो से पूर्व में निर्मित विद्यमान हवाई अड्डा को यथासम्भव विस्तार किया जाता रहा है। इस क्रम में कांगड़ा हवाई अड्डा का विस्तार कांगना जनपद के कांगड़ा एवं शाहपुर तहसील के 14 ग्राम के भूमि पर विस्तार का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया।

वर्ष 2019 में, टीम ने हवाई अड्डे के आस–पास के क्षेत्र का दौरा किया और रनवे को 1,370 से 1,920 मीटर (4,490 से 6,300 फीट) तक विस्तारित करने के लिए भूमि की पहचान की गई। हालांकि, इस प्रस्तावित विस्तार के लिए कुल 140 हेक्टेयर (350 एकड़) भूमि की आवश्यकता होगी और इसका मतलब लगभग सभी गगल टाउनशिप का विस्थापन होगा जो

हवाई अड्डे से लगभग 2 किमी (1.2 मील) की दूरी पर स्थित है और हवाई पट्टी के विस्तार के प्रस्तावित मार्ग में सीधे स्थित है। नतीजतन, जनवरी और फरवरी 2020 में स्थानीय लोगों द्वारा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किए गए।

मार्च 2021 में, एएआई द्वारा प्रस्तावित विस्तार के लिए बाधा/व्यवधान स्तर सर्वेक्षण (ओएलएस) किया गया था। एएआई के संशोधित सर्वेक्षण में, पहले मांझी नदी पर एक पुल का निर्माण करके रनवे की लंबाई को 1,900 मीटर (6,200 फीट) तक बढ़ाया जाना था, जो गगल टाउनशिप और हवाई अड्डे के बीच बहती है। इसके बाद, राष्ट्रीय राजमार्ग 154 को काटकर गगल टाउनशिप से भूमि का अधिग्रहण करके रनवे को 3,010 मीटर (9,880 फीट) तक विस्तारित किया जाना है, जिसके लिए राजमार्ग के पुनर्गठन की भी आवश्यकता होगी।

मार्च 2022 में, कांगड़ा हवाई अड्डे के लिए दो चरणों में विस्तार की योजना बनाई।

हिमाचल प्रदेश मुख्य रूप से एक पर्वतीय राज्य है और परिवहन के अन्य साधनों की अनुपलब्धता सड़कों को अंतरराज्यीय और अंतर्राज्यीय परिवहन का एकमात्र साधन बनाती है। इसके अलावा, लंबी यात्रा का समय और सुरक्षा पहाड़ी इलाकों में विशेष रूप से खराब मौसम की स्थिति के दौरान बड़े मुद्दे हैं इसलिए हवाई संपर्क समय की बचत और सुरक्षा के मामले में एक महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करता है।

क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों के लिए विश्वसनीय और निर्बाध हवाई संपर्क की आवश्यकता को स्वीकार करते हुए, राज्य सरकार का उद्देश्य राज्य में एक विश्व स्तरीय विमानन बुनियादी ढांचा तैयार करना है जो हिमाचल प्रदेश को विमानन और संबद्ध व्यवसायों में निवेश के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बना देगा। आर्थिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में हवाई अड्डों का निर्माण/विस्तार कराया जायेगा।

इसलिए, राज्य के समग्र विकास और कांगड़ा जिले के विकास को विशिष्ट रूप से ध्यान में रखते हुए और हिमाचल प्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय विमानन मानचित्र पर लाने के लिए, हिमाचल प्रदेश सरकार ने कांगड़ा हवाई अड्डा को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के रूप में विकसित करने

की योजना बनाई है जो व्यापक रूप से संचालित करने के लिए उपयुक्त है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को पूरा करने के लिए प्रस्तावित साइट केंद्रीय रूप से स्थित है और अन्य महत्वपूर्ण/धार्मिक / पर्यटन स्थलों के साथ निकटता में है।

1.2 हवाई अड्डे के विस्तार की आवश्यकता :

हिमाचल प्रदेश में धर्मशाला एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है और इसमें गगल हवाई अड्डे के माध्यम से हवाई संपर्क है। सीमित रनवे लैंग्थ व लोड पेनाल्टी के कारण यह हवाई अड्डा छोटे विमानों के उतरने के लिए उपयुक्त है, परिणामतः हवाई किराया बहुत अधिक है। अधिक मांग और बहुत सीमित सीटें होने के कारण देश में गगल हवाई अड्डे के लिए विमान किराया उच्चतम स्तर पर है, जिससे राज्य में पर्यटन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। तदानुसार भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा कांगड़ा हवाई अड्डे का बाधा/व्यवधान सीमा सतह सर्वेक्षण किया गया था तथा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की रिपोर्ट के अनुसार इस प्रयोजन के लिए भूमि चयनित की गई है। यह विमानपत्तन राज्य के सर्वोच्च हितों की पूर्ति करेगा तथा वायु सेना की रक्षा आवश्यक्ताओं की पूर्ति हेतु आधार के रूप में सेवा प्रदान करने के साथ–साथ प्रस्तावित विमानपत्तन पर बड़े विमानों की लैंडिग से पर्यटकों का समय बचेगा और इन गंतव्यों के लिए हवाई किराए में गिरावट देखने को मिलेगी।

1.3 परियोजना स्थल :

तहसील शाहपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश के महाल रछियालू, जुगेहड, क्योड़ी और भड़ोत तथा तहसील कांगड़ा, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश के महाल भेड़ी, ढुगियारी खास, सनौर, बल्ला, सहौड़ा, मुंगरेहाड, बाग, गगल खास, बरसवालकड और झिकली इच्छी में अवस्थित कुल 147–75–87 हैक्टयर प्रस्तावित भूमि (सरकारी भूमि और निजी भूमि) हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा गगल (कांगड़ा) हवाई अड्डे, जिला कांगड़ा के विस्तारीकरण के लिए चयन किया गया हैं।



1.4 परियोजना के लिए वैकल्पित स्थान :

प्रभावित क्षेत्र के निवासियों एवं पचायत के सदस्यों से बात करने से ज्ञात हुआ कि प्रस्तावित क्षेत्र की भूमि फसल उत्पादन के लिए ज्यदा उपजाऊ हैं और इसके साथ परियोजना क्षेत्र मे व्यवसायिक गतिविधियॉ एवं अवास भी प्रभावित हो रहा हैं। इससे क्षेत्र कि आर्थिक स्थिती खराब होगी एवं परियोजना के निर्माण से क्षेत्र में सब्जी उत्पादन में कमी आयेगी। इस प्रभाव से बचने के लिए लोगो ने परियोजना के लिए तीन वैकल्पित सुझााव दिये जो निम्नवत हैं:

क. क्षेत्रवासियों एवं ग्रामीणों के अनुसार इस परियोजना के विस्तार के लिए हवाई अड्डे के पश्चिम से उत्तर कि तरफ सराह कि ओर विस्तार कर सकते हैं, इस क्षेत्र में अबादि कम हैं और खली भूमि का क्षेत्रफल अधिक हैं।

ख. ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों के अनुसार परियोजना के विस्तार के अलावा नये हवाई अड्डे के निर्माण के लिए कांगड़ा तहसील के बोड़क्वालू में वैकल्पिक भूमि का प्रस्ताव दिये है, जो तहसील

से लगभग 15 किमी दूरी एवं गगल हवाई अड्डे से लगभग 12 कि0मी0 कि दूरी पर है। प्रस्तावित भूमि से पोंग बांध एवं मसरूर मंदिर लगभग 15 कि0मी0 पर हैं। जो पयर्टन के लिए महत्वपूर्ण हैं और ज्यादातर भूमि बंजर और कम उपजाऊ है और प्रस्तावित क्षेत्र की तुलना में अधिग्रहण से कम लोगों को पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन की सम्भावना है।

ग. ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों के अनुसार परियोजना के लिए तीसरा वैकल्पिक भूमि का प्रस्ताव कांगड़ा तहसील के रैत विकास खण्ड कें लंज क्षेत्र में दिये है, जो गगल हवाई अड्डे से लगभग 23 कि0मी0 कि दूरी पर स्थित है। प्रस्तावित भूमि से पोंग बांध लगभग 5 कि0मी0 एवं मसरूर मंदिर लगभग 3 कि0मी0 पर हैं। जिला हमीरपुर से लगभग 70 कि0मी0 एवं ऊना से लगभग 100 कि0मी0 कि दूरी पर स्थित हें, जो पयर्टन के लिए महत्वपूर्ण भी हैं और वर्तमान प्रस्तावित क्षेत्र की तुलना में अधिग्रहण से कम लोगों को पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन की सम्भावना है।

इसलिए SIA टीम यह सुझाव देगी कि स्थल चयन के लिए तकनिकी टीम के सुझाव के उपरांत ही परियोजना के लिए उपयुक्त वैकल्पित स्थान का चयन किया जाए।

वैकल्पित स्थान : ग्राम बोड़क्वाल

2.1 सामाजिक समाघात अध्ययन की आवश्यकता :

कांगड़ा हवाई अड्डा का विस्तार राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण परियोजना है। हवाई अड्डा के विस्तार हेतु संबंधित जनपद में भूमि की आवश्यकता पड़ रही है। इससे सरकारी तथा निजी दोनो प्रकार की भूमि सम्मिलित है। जिन निजी भू–स्वामियों की भूमि जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध नियमों के तहत अधिग्रहित कर पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग, हिमाचल प्रदेश शासन को हस्तांतरित की जायेगी। इस संबंध में यह भी उल्लेख किया जाना आवश्यकता है कि भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन में उचित मुआवजे और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013, यानी हिमाचल प्रदेश सामाजिक प्रभाव आकलन नियम 2015 (एचपीएसआईए नियम, 2015) के अनुपालन में, किसी भी सार्वजनिक उद्देश्य के लिए अधिग्रहित की जाने वाली भूमि का आकलन करने के लिए सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन करना अनिवार्य कर दिया गया है। तदनुसार, एचआईपीए की निविदा के अनुसार सामाजिक प्रभाव आकलन इकाई, (हिपा) हिमाचल प्रदेश सरकार , एसआर एशिया द्वारा प्रस्तुत सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन पूर्ण किया गया

2.2 अध्ययन के उद्देश्य :

प्रस्तुत सामाजिक समाघात आंकलन अध्ययन का उद्देश्य हवाई अड्डे के विस्तार हेतु भूमि अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों की सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक स्थिति पर पड़ने वाले प्रभावों तथा उनको होने वाले नुकसान का अभिज्ञान कर इन प्रभावों को कम से कम करने हेतु सुझाव देना है। प्रस्तुत सामाजिक समाघात आंकलन अध्ययन RFCTLARR अधिनियम, 2013 और HP SIA नियम, 2015 के प्रावधानों के अनुसार निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए किया गया ।

• यह आकलन करने के लिए कि क्या प्रस्तावित अधिग्रहण सार्वजनिक उद्देश्य की पूर्ति करता है और परियोजना के लिए अधिग्रहित भूमि न्यूनतम आवश्यक है।

• प्रभावित परिवारों की संख्या और उनमें से उन परिवारों की संख्या का अनुमान लगाने के लिए जिनके आवासीय, व्यावसायिक या दोनों रूप से विस्थापित होने की संभावना है।

• परियोजना के भूमि अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति का आकलन करना।

• सामान्य संपत्ति संसाधनों (सीपीआर), सामाजिक–आर्थिक बुनियादी ढांचे आदि के नुकसान के कारण प्रत्यक्ष रूप से भूमि खोने वाले परिवारों के साथ–साथ अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों दोनों को सामिल करके परियोजना के सामाजिक प्रभावों का अध्ययन करना और कुल लागत पर इन लागतों का प्रभाव और परियोजना के लाभ का आकलन करना।

• यह पता लगाने के लिए कि जहां कम से कम विस्थापन की समस्या है, उस उद्देश्य के लिए किसी वैकल्पिक स्थल पर विचार किया गया है, लेकिन वह स्थल ही परियोजना के लिए उपयुक्त नहीं है।

• सामाजिक प्रभाव प्रबंधन योजना (एसआईएमपी) के माध्यम से उपयुक्त नीतियों और कार्यक्रमों को डिजाइन करके उपचारात्मक हस्तक्षेप उपायों का सुझाव देना।

2.3 अध्ययन पद्धति :

कांगड़ा जिले के कांगड़ा तहसील के दस ग्राम (गगल खास, सन्नौर, ढुगियारी खास, भेड़ी, बाग, बरसवालकड, झिकली इच्छी, मुंगरेहड, सौहाड़ा एंव बल्ला) के 108.4707 हे0 भूमि और शाहपुर तहसील के चार (जुगेहड़, क्योड़ी, भड़ोत एवं रछियालू) ग्रामों के 39.2880 हे0 भूमि हवाई अड्डा विस्तार परियोजना से प्रभावित है, इस प्रकार दोनों तहसील के कुल 147.7587 हे0 भूमि अधिग्रहण से प्रभावित है। एस आर एशिया संस्था की एस.आई.ए.टीम द्वारा सभी ग्रामों के 1446 प्रभावित परिवारों से दिनांक 28 फरवरी से 10 मार्च 2023 तक ग्रामों में लगातार घर –घर जाकर साक्षात्कार करने हेतु मिलने का प्रयास किया गया तथा जो भूस्वामीं ग्राम से बाहर थे उनसे दूरभाष के माध्यम से या परिवार के सदस्यों के माध्यम से साक्षात्कार करने का प्रयास किया गया। इस सम्बध में यह भी उल्लेख करना आवश्यक होगा कि झकली इच्छी एवं गगल खास पंचायत के लोग साक्षात्कार देने से माना कर दियें। पंचायत के लोगो ने एस.आई.ए.टीम टीम को भी ग्राम के अन्दर साक्षात्कार करने से रोका एवं टीम के लोगों को धमकियॉ भी दी, उनका

कहना था कि जब हम लोग को हवाई अड्डा विस्तार के लिए भूमि नहीं देनी हैं तो हम लोग साक्षात्कार क्यों दे। लोगों के अनुसार पिछले कई वर्षों से क्षेत्र में परियोजना से सबंघित कई बार सर्वे का कार्य हुआ हैं। हवाई अड्डा विस्तार से क्षेत्र में बहुत ज्यदा मकान एवं व्यवसाय प्रभावित हो रहा हैं, इसलिए क्षेत्र के लोगों में परियोजना के प्रति काफी रोष हैं और परियोजना के विरोध में हैं। इसलिए लोगों ने साक्षात्कार देने से मना कर दिये। एस.आई.ए के लाभ को SDM एवं ADC कई बैठको के माघ्यम से ग्रामों के परिवारों को बताने का प्रयास किये, परंतु लोगों ने उनकी बात नहीं मानी और साक्षात्कार देने से मना कर दिये। एस आर एशिया संस्था की एस.आई.ए.टीम को कुछ ग्राम के 399 (34.04 प्रतिशत) परिवार के लोगों ने साक्षात्कार दिये, जिसके अघार पर एस.आई.ए.टीम ने प्रभावित ग्रामों के परिवारों का सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक स्थिति को ज्ञात करने का प्रयास किया गया। यह भी उल्लेख करणा अवश्यक हैं कि परिवार के केवल एक सदस्य ने साक्षात्कार दिया, अन्य सदस्य साक्षात्कार देने से मना कर दिये, कुछ परिवार ग्राम से बाहर रहते है एवं अन्य विभिन्न कारणों से 773 परिवारों से साक्षात्कार नही हो पाया। इसके अतिरिक्त प्रभावित ग्रामों के सम्बन्ध में विभिन्न स्तरों यथा ग्राम पंचायत तथा तहसील स्तर से आंकडें प्राप्त किये गये। साथ ही प्रभावित ग्रामों मे सामूहिक विचार–विर्मश के आधार पर भी प्राथमिक आंकडे संकलित करने का प्रयास किये गये। इसके अतिरिक्त हवाई अड्डा के विस्तार से संबन्धित ग्राम से विभिन्न हितधारकों से भी विचार–विमर्श कर वांछित जानकारी प्राप्त कर इस सामाजिक सामाघात निर्धारण अध्ययन को पूर्ण किया गया।

2.4 अध्ययन के उपकरण :

अध्ययन के लिए गुणात्मक और मात्रात्मक दोनो तरीकों का मिश्रण किया गया। प्रस्तुत सामाजिक सामाघात आंकलन अध्ययन को पूर्ण करने में निम्नलिखित उपकरणों का उपयोग किया गया।

1. डेस्क समीक्षा
2. स्थल भ्रमण
3. ग्राम स्तरीय प्रोफॉर्मा

4. प्रभावित परिवारों हेतु अनुसची,
5. भागीदारी ग्रामीण मूल्यांकन (पीआरए)
6. सामूहिक विचार विमर्श हेतु निर्देशक प्रसंग तथा
7 डेटा विश्लेषण और प्रतिवेदन लेखन

2.5 जन सुनवाई

RFCTLARR अधिनियम 2013 की धारा 5 में परिकल्पना की गई है कि जब भी सामाजिक सामाघात निर्धारण अध्ययन आयोजित करने की आवश्यकता होती है, सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि प्रभावित क्षेत्रों में एक जन सुनवाई आयोजित की जाए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रभावित परिवारों के विचार रिकॉर्ड किए गए हैं और सामाजिक सामाघात निर्धारण अध्ययन प्रतिवेदन में शामिल किए गए हैं। एसआर एशिया के आलेख्य प्रतिवेदन प्रस्तुत करने और विज्ञापन देने के बाद जन सुनवाई का आयोजन किया जायेगा।

3.1 परियोजना के अन्तर्गत वांछित भूमि आदि का विवरण :

जनपद कांगड़ा के प्रभावित शाहपुर और कांगड़ा तहसील के 14 ग्रामों में हवाई अड्डा के विस्तार के अन्तर्गत कुल 147.7587 हेक्टेयर भूमि प्रभावित हो रही है जिसमें से 25.1064 हे0 (16.99 प्रतिशत) भूमि सरकारी है शेष (83.02 प्रतिशत) 122.6623 हे0 भूमि निजी कृषकों की है। हमारे संस्था द्वारा 147.7587 हे0 भूमि का सामाजिक समाघात आंकलन किया गया है।

3.2 तहसीलवार अर्जन की जाने वाली भूमि का विवरण :

इस सम्बन्ध में यह भी उल्लेख करना आवश्यक होगा कि जनपद कांगड़ा में भूमि अधिग्रहण के फलस्वरूप प्रभावित/सामाजिक समाघात हेतु प्रस्तावित कुल 14 ग्राम है। इस प्रकार शाहपुर तहसील के 4 ग्रामों में 39.2880 हे0 (26.59 प्रतिशत) और कांगडा तहसील के 10 ग्रामों में 108.4707 हे0 (73.41 प्रतिशत) भूमि अर्जन किया जाना प्रस्तावित है।

3.3 भूमि का प्रकार :

इस परियोजना के अन्तर्गत अधिग्रहित की जाने वाली भूमि कृषि, गैर–कृषि और व्यावसायिक भूमि है। भूमि सरकारी और निजी दोनों प्रकार की हैं।

3.4 भूमि का उपयोग :

पीएफ के साथ चर्चा के दौरान, यह पाया गया कि परियोजना स्थाल कि अधिकतम भूमि पर कृषि का कार्य होता हैं। इसके अतरिक्त गैर–कृषि, अवासिये, वाणिज्यिक और अन्य सरकारी प्रतिष्ठान भी हैं।

4. प्रभावित ग्रामों की सामाजिक एवं आर्थिक रूपरेखा :

1. प्रभावित सभी ग्राम विकास खण्ड से 5 से 10 कि0मी0 तक के दूरी तक हैं। तहसील से दस ग्राम 5 से 10 कि0मी0 तथा चार ग्राम 10 से 15 कि0मी0 कि दूरी पर स्थित है। अन्य विभिन्न प्रशासनिक संस्थाओं से प्रभावित ग्रामों की दूरी 0 से 10 कि0मी0 तक हैं।

2. सभी प्रभावित ग्रामों में कुल जनसंख्या में पुरूषों का 50.27 प्रतिशत एवं महिलाओं का 49.73 प्रतिशत है। अनुसुचित जाति की जनसंख्या कुल जनसंख्या का 7.93 प्रतिशत हैं। जबकि पुरूष 7.64 प्रतिशत एवं महिला 7.70 प्रतिशत कुल पुरूष एवं महिला जनसंख्या का हैं। अनुसुचित जन जाति की जनसंख्या कुल जनसंख्या का 1.64 प्रतिशत हैं। जबकि पुरूष 1.70 प्रतिशत एवं महिला 1.57 प्रतिशत कुल पुरूष एवं महिला जनसंख्या का हैं। इसी प्रकार मुख्य कर्मकर की संख्या कुल जनसंख्या का 43.33 प्रतिशत हैं। जबकि पुरूष 53.23 प्रतिशत एवं महिला 33.32 प्रतिशत कुल पुरूष एवं महिला जनसंख्या का हैं।

3. सभी आर्थिक संस्थाओं की सुविधाओं के सम्बन्ध में ज्ञात होता हैं कि सब्जी/गल्ला मंडी, गेहूं, धान क्रय केन्द्र और कोल्ड स्टोरेज के अलावा सभी उपलब्धता (वाणिज्यिक/ग्रामीण बैंकों, सहकारी बैंकों, सहकारी क्रय–विक्रय/ऋण समिति, दैनिक बाजार, साप्ताहिक बाजार, सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान, खाद–बीज गोदाम एवं कृषि यंत्र स्टोर की सुविधाआ) सुविधाएँ 0 से 5 कि.मी. की दूरी पर स्थित हैं।

4. प्रभावित सभी ग्रामों मे मंदिर स्थित हैं, जबकि 10 ग्राम में खेल का मैदान, 5 ग्राम में मेला स्थल, 2 ग्राम में पुरूषों एवं महिलाओं हेतु सार्वजनिक शौचालय, ग्यारह ग्राम में शमशान/कब्रिस्तान स्थित हैं। शेष ग्राम एवं सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं/स्थलों जैसे कि पुरूषों/महिलाओं हेतु सार्वजनिक शौचालय, कब्रिस्तान,मस्जिद, गुरूद्वारा, खेल का मैदान तथा मेला स्थल की दूरी ग्राम से 5 कि0मी0 के अन्तर्गत हैं। गिरिजाघर एवं मस्जिद की दूरी प्रभावित ग्रामों से 5 से 10 कि0मी0 तक है।

5. प्रभावित सात ग्रामों में पंचायत भवन, स्थित है, दो ग्राम में स्वैच्छिक संस्थाऐं, एक ग्राम में राजनैतिक दलों के कार्यालय, सात ग्राम में डाकघर एवं एक ग्राम में पुलिस स्टेशन स्थित हैं। शेष प्रभावित ग्रामों में से राजनैतिक, प्रशासनिक एवं सार्वजनिक संस्थाओं की उपलब्धता की दूरी 2 से 4 कि0मी0 तक स्थित हैं।

6. प्रभावित आठ ग्रामों में प्राइमरी स्कूल, सात ग्राम में उच्च प्राइमरी स्कूल, दो ग्राम में हाईस्कूल एवं इण्टर कालेज, एक ग्राम में डिग्री कालेज एवं आई0 टी0 आई0 और पॉच ग्राम में अंग्रेजी माध्यम के स्कूल उपलब्ध है।

7. प्रभावित सभी ग्रामों में आंगनवाड़ी केन्द्र उपलब्ध है। जबकि सात ग्राम में ए0एन0एम0 केन्द्र, तीन ग्राम में स्वास्थ्य उपकेन्द्र, ऐलोपैथीक चिकित्सा, होमियोपैथी चिकित्सा, दो ग्राम में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, आयुर्वेदिक चिकित्सा और बारह ग्रामों में झोलाछाप डाक्टर अवस्थित है। प्रभावित शेष ग्रामों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्ध 6 कि.मी. तक है।

8. प्रभावित तीन ग्राम में पशु चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता हैं। जबकि शेष ग्यारह ग्रामों से पशु चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता एक कि.मी. से चार कि0मी0 की दूरी. तक है।

9. प्रभावित सभी अबाद ग्राम विद्युतीकृत हैं। शत प्रतिशत अबाद ग्रामों में घरेलू बत्ती/पंखा विद्युत कनेक्शन तथा 9 ग्राम में औद्योगिक कार्य हेतु औद्योगिक कनेक्शन उपलब्धता है।

10. प्रभावित ग्रामों के पेयजल के स्त्रोत में शत प्रतिशत ग्रामों में क्रमशः पइप से जलापूर्ति, समरसेबिल/ बोरींग/ टयूबवेल तथा कुआ पीने के पानी का मुख्य स्त्रोत है।

11. प्रभावित शत प्रतिशत ग्रामों में महिला स्वयं सहायता समूह गठित हैं। जबकि किसी भी ग्राम में पुरूष स्वयं सहायता समूह गठित नहीं हैं।

12. प्रभावित सभी ग्रामों में किराना स्टोर, दूधिया, बकरी पालन इकाइयां उपलब्ध है। शेष अन्य कुटीर उद्योगों की उपलब्धता ग्राम से बाहर हैं। जबकि कांगड़ा तहसील का गगल ग्राम क्षेत्र के व्यवसाय का प्रमुख केन्द्र हैं जो अधिग्रहण से प्रभावित हो रहा हैं।

13. प्रभावित सभी ग्रामों के प्रतिनिधियों एवं ग्रामवासीयों द्वारा बताया गया कि उनके ग्रामों में दहेज प्रथा, विधवा विवाह पाबंदी, लड़कियों की उच्च शिक्षा पर पाबंदी, अंधविश्वास, तांत्रिक क्रिया एवं परिवार नियोजन पर पाबंदी बिल्कुल नहीं है। जबकि पंचायती फैसले आदि सामान्य रूप में प्रचलित है।

14. रबी की फसलों में शत प्रतिशत ग्रामों में गेहूं, एवं सरसों की खेती होती है। खरीफ की फसलों में शत प्रतिशत ग्रामों में धान एवं मक्का बोया जाता है। जबकि जायद की फसलों में कोई फसले नहीं बोयी जाती हैं। वाणिज्यिक फसलों के सम्बन्ध में स्पष्ट होता है कि शत प्रतिशत अबाद ग्रामों में सब्जिया (टमाटर, गोभी, बैगन, भिण्डी, खिरा आादि) तथा आलू बोयी जाती हैं। प्रभावित ग्रामों के मुख्य फसलों में सब्जियॉ (टमाटर, गोभी, बैगन, भिण्डी, खिरा आादि) हैं। इन ग्रामों में सब्जी कि खेती प्रचुर मात्रा में होती हैं। जो ग्राम के किसानों के आय का मुख्य स्त्रोत हैं।

15. प्रभावित लगभग 93 प्रतिशत ग्रामों में सम्पर्क मार्ग, सिंचाई नाली, मकान, 86 प्रतिशत ग्राम में मंदिर, पेड–पौघे, 71 प्रतिशत ग्राम में जल निकासी नाली, 64 प्रतिशत ग्राम में दुकान, बोरींग/ टयूबवेल (पिने के पानी हेतु) आदि प्रभावित हैं। जबकि कांगड़ा तहसील का गगल ग्राम क्षेत्र के व्यवसाय का प्रमुख केन्द्र हैं जो अधिग्रहण से प्रभावित हो रहा हैं।

16. प्रभावित ग्रामों के प्रधानों/पंचायत सदस्यों के अनुसार भूस्वामियों द्वारा स्वेच्छा से परियोजना के लिए भूमि न देने के कारणों का बहुउत्तरीय विवरण में शत प्रतिशत ग्रामों में सर्किल रेट बाजार मूल्य से बहुत कम होना, भूमि का अत्यधिक उपजाऊ होना एवं भूमि का अत्यधिक

मूल्यवान होना, कई अंशधारको का होना, भूस्वामि का मृत्क होना/वरासत न होने के कारण, 92.86 प्रतिशत ग्राम में अवास का नुकसान होना, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना का न होना, बेरोजगारी का भय, अवास एवं व्यवसाय के लिए भूमि का न होना एवं ग्राम से पलायन की समस्या आदि कारण बताये गये।

17. हवाई अड्डा विस्तार से नकारात्मक प्रभावो के सम्बन्ध में शत प्रतिशत द्वारा कृषि योग्य भूमि कम हो जायेगी, 92.86 प्रतिशत द्वारा मुख्य/सम्पर्क मार्गों का नुकसान, अवास का नुकसान, किसानों को खेतों को आन–जाने मे कठिनाईयां, बेरोजगारी का भय, 85.71 प्रतिशत द्वारा सब्जी उत्पादन में कमी, सिचाई के साधनों में कमी, 78.57 प्रतिशत द्वारा प्रदूषण की समस्या में वृद्धि हो जायेगी, ग्राम से पलायन की समस्या एवं 64.28 प्रतिशत द्वारा व्यवसाय का नुकसान होना आदि नकारात्मक बहुउत्तरीय प्रभाव बताये गये।

18. जबकि शत प्रतिशत द्वारा गाँव / क्षेत्र का विकास, परिवहन की सुविधाओं में वृद्धि, यात्रा में समय की बचत होगी, पयर्टन में वृद्वि होगी एवं अन्य जमीनों की मूल्य दर में वृद्धि, जबकि 92.86 प्रतिशत द्वारा व्यापार करने की सुविधा बढ़ जायेगी, 85.71 प्रतिशत द्वारा रोजगार के नये अवसर उपलब्ध होंगे, 78.57 प्रतिशत द्वारा क्षेत्र से शहर में पलायन कम होगा, 71.43 प्रतिशत द्वारा क्षेत्रवासीयों के रहन सहन में सुधार होगा, स्वास्थ्य सम्बन्धी संसाधनो का विकास होगा, 64. 28 प्रतिशत द्वारा शिक्षा सम्बन्धी संसाधनो का विकास होगा आदि सकारात्मक बहुउत्तरीय प्रभाव बताये गये।

5. सामाजिक–आर्थिक और सांस्कृतिक प्रभाव

5.1 प्रभावित परिवारों की विशेषताऐ :

जैसा कि अध्ययन पद्धति मे यह उल्लेख हैं कि जिन भूस्वामियो का सूची में नाम बार–बार या दुसरे ग्राम में होने के कारण या एक ही परिवार के होने के कारण उनका साक्षात्कार केवल एक बार हुआ है। क्षेत्र के लोगों द्वारा हवाई अड्डा के विस्तार के पूर्ण रूप से विरोध के कारण

लगभग 28 प्रतिशत परिवारों का साक्षात्कार हुआ हैं इसी के आधार पर प्रभावित परिवारों की सामाजिक विशेषताओं का विवरण किया गया है।

1. कुल साक्षात्कार किये गये प्रभावित भूस्वामियों में से 77..44 प्रतिशत पुरूष तथा 22.563 प्रतिशत महिलाऐ है।

2. साक्षात्कार किये गये प्रभावित भूस्वामियों के परिवार के सदस्यो का उच्यतम शैक्षिक योग्यता में 1.00 प्रतिशत हाई स्कूल से कम, 18.55 प्रतिशत हाई स्कूल तक, 17.29 प्रतिशत इंटरमीडिएट, 38.60 प्रतिशत स्नातक तक तथा 24.56 प्रतिशत परास्नातक या उससे अधिक तक शिक्षा प्राप्त थे।

3. साक्षात्कार किये गये भूस्वामियों में शत प्रतिशत हिन्दू है।

4. साक्षात्कार किये गये भूस्वामियों में से 1.75 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति, 5.76 प्रतिशत अनुसूचित जाति, 34.59 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग तथा 57.90 प्रतिशत सामान्य जाति के है।

5. साक्षात्कार किये गये भूस्वामियों में से 60.40 प्रतिशत का व्यवसाय स्वयं की भूमि पर कृषि जबकि 8.27 प्रतिशत का व्यवसाय कृषि एवं अन्य मजदूरी हैं। इसके अतरिक्त 16.79 प्रतिशत का दुकान/व्यपार, 17.04 प्रतिशत सरकारी नौकरी, 22.30 प्रतिशत प्राइवेट नौकरी तथा 29.32 प्रतिशत का अन्य व्यवसाय है।

6. साक्षात्कार किये गये भूस्वामियों में से 33.08 प्रतिशत का आय एक से 2.5 लाख तक, 32.08 प्रतिशत का 2.5 लाख से 5 लाख तक, 14.79 प्रतिशत का पॉच लाख से 10 लाख तक, 13.53 प्रतिशत का एक लाख से कम तथा 6.52 प्रतिशत का 10 लाख से अधिक का आय है।

7. परिवार के प्रकार के अनुसार साक्षात्कार किये गये प्रभावित भूस्वामियों में से 31.08 प्रतिशत एकल परिवार, 34.59 प्रतिशत मध्य परिवार तथा 33.09 प्रतिशत का संयुक्त परिवार है।

8. साक्षात्कारकृत भूस्वामियों में से 40.10 प्रतिशत के पास पशुधन की उपलब्धता हैं जबकि 59.90 प्रतिशत के पास पशुधन की उपलब्धता नहीं है।

9. साक्षात्कार किये गये प्रभावित भूस्वामियों का मकान के प्रकार में 43.86 प्रतिशत का पक्का मकान, 38.35 प्रतिशत का बहुमंजिल पक्का मकान, 12.53 प्रतिशत का मिश्रित मकान तथा 5.26 प्रतिशत का कच्चा मकान है।

10. साक्षात्कार किये गये सभी भूस्वामियों के पास विद्युत कनेक्शन उपलब्ध है।

11. साक्षात्कार किये गये प्रभावित भूस्वामियों के पेयजल का शतप्रतिशत स्रोत पाइप लाइन द्वारा है।

12. शत प्रतिशत साक्षात्कार कृत भूस्वामियों के घरों में शौचालय निर्मित हैं।

13. साक्षात्कार किये गये भूस्वामियों में से केवल 87.97 प्रतिशत के घरों में अलग से रसोई धर उपलब्ध हैं शेष 12.03 प्रतिशत के घरों में अलग से रसोई धर उपलब्ध नही हैं।

14. आंगनबाड़ी केन्द्र में मिलने वाली सुविधाओं की नियमितता शतप्रतिशत है।

15. प्रभावित भूस्वामियों के अनुसार विभिन्न प्रकार की चिकित्सा हेतु शतप्रतिशत भूस्वामियों को 0 से 5 कि.मी. तक दूरी तय करनी पड़ती है।

15. साक्षात्कार किये गये प्रभावित भूस्वामियों में से 30.83 से 47.37 प्रतिशत द्वारा सामाजिक, आर्थिक, राष्ट्रीय पर्वो/आयोजनों, धार्मिक मेलों, धार्मिक आयोजनो एवं राजनैतिक आयोजनो में अधिक सहभागिता तथा 45.36 से 65.41 प्रतिशत द्वारा सामान्य सहभागिता का स्तर रहता है। जबकि 3.76 से 14.29 प्रतिशत द्वारा बहुत अधिक सहभागिता का स्तर रहता है।

16. प्रभावित सभी भूस्वामियों को हवाई अड्डा के विस्तार के सम्बन्ध में जानकारी शत–प्रतिशत पायी गयी।

17. प्रभावित भूस्वामियों की हवाई अड्डा विस्तार हेतु अधिग्रहीत की जाने वाली भूमि के क्षेत्रफल में 82.21 प्रतिशत भूस्वामियों की 0.20 हे0 तक, 14.79 प्रतिशत की 0.21 से 0.40 हे0 तक तथा 3.01 प्रतिशत की 0.40 हे0 से अधिक की भूमि का अधिग्रहण किया जाना प्रस्तावित है।

18. अधिग्रहीत की जा रही भूमि में वर्तमान में बोई जाने वाली फसलों का बहुत्तरीय विवरण में 63.91 प्रतिशत द्वारा धान्य फसलें, 24.56 प्रतिशत द्वारा तिलहनी फसलें तथा 68.17 प्रतिशत द्वारा वाणिज्यिक फसलें बोयी जा रहीं हैं।

19. अधिग्रहीत की जा रही भूमि के प्रकार का विवरण में 69.67 प्रतिशत की भूमि उपजाऊ, 32.58 प्रतिशत की भूमि बहुत उपजाऊ तथा 29.32 प्रतिशत की भूमि सामान्य श्रेणी की है।

20. अधिग्रहण हेतु प्रस्तावित भूमि में फसलोत्पादन से होने वाली वार्षिक आय का विवरण में से 73.43 प्रतिशत का आय पचास हजार से कम, 20.30 प्रतिशत का एक लाख से 1.5 लाख तक, 5.76 प्रतिशत का 1.5 लाख सें 3 लाख तक तथा 0.50 प्रतिशत का 3 लाख से अधिक का आय है।

21. साक्षात्कार किये गये भूस्वामियों में से 26.82 प्रतिशत भूस्वामियों ने अच्छा, 39.35 प्रतिशत भूस्वामियों ने खराब तथा 33.83 प्रतिशत भूस्वामियों ने कह नहीं सकते हवाई अड्डा के विस्तार बारे में अपनी राय बताई।

22. साक्षात्कार किये गये भूस्वामियों में से 52.63 प्रतिशत भूस्वामियों ने हवाई अड्डा के विस्तार के लिए भूमि देने में सहमति जताई जबकि 32.33 प्रतिशत भूस्वामियों ने भूमि देने में असहमति जताई तथा 15.04 प्रतिशत भूस्वामियों ने भूमि देने के लिए कह नहीं सकते का जबाब दिया।

23. साक्षात्कार किये गये भूस्वामियों में से 45.36 प्रतिशत भूस्वामियों के भूमि पर अवास, 16.04 प्रतिशत भूस्वामियों के भूमि पर व्यवसाय के साथ शत प्रतिशत भूस्वामियों के कृषि भूमि भी अधिग्रहन से प्रभावित हैं।

24. साक्षात्कार किये गये प्रभावित भूस्वामियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा परियोजना के विस्तार के लिए भूमि देने के असहमति के कारणों का बहुत्तरीय विवरण में शतप्रतिशत द्वारा सर्किल रेट बाजार मूल्य से कम होना, 61.40 प्रतिशत द्वारा भूमि का अत्यधिक उपजाऊ होना, 82.96 प्रतिशत द्वारा जिवकोपार्जन/व्यवसाय का नुकसान, 76.69 प्रतिशत द्वारा भूमि अत्यधिक मूल्यवान होना, 86.47 प्रतिशत द्वारा बेरोजगारी का भय, 60.40 प्रतिशत द्वारा ग्राम से पलायन,35.34 प्रतिशत

द्वारा भूमि से अवास के लिए अन्य भमि का न होना, 94.74 प्रतिशत द्वारा भूमि के कई अंशधारक का होना तथा 34.09 प्रतिशत द्वारा पुर्वजों का भूमि होना आदि का कारण बताये गये।

25. प्रभावित भूस्वामियों से यह भी जानकारी प्राप्त की गयी थी कि उनके द्वारा किन शर्तों पर भूमि देने हेतु सहमत होंगे। जिसका बहुत्तरीय विवरण में शतप्रतिशत द्वारा सर्किल रेट बाजार मूल्य के बराबर होने पर, 80.70 प्रतिशत द्वारा भूमि अधिग्रहण के बराबर और गुणवत्ता की भूमि किसी अन्यत्र स्थान पर दी जाय, 49.62 प्रतिशत द्वारा सरकारी अथवा अर्ध–सरकारी विभाग में नौकरी, 30.83 प्रतिशत द्वारा वैकल्पिक रोजगार प्रारम्भ करने हेतु भौतिक/वित्तीय सहायता दी जाय, 43.86 प्रतिशत द्वारा विस्थापन के समस्या के निवारण के बाद, 77.94 प्रतिशत द्वारा क्षतिपूर्ति समय से मिलने पर तथा 30.83 प्रतिशत द्वारा व्यवसाय के लिए भूमि का आवंटन एवं वित्तीय सहयोग के उपरांत के बाद आदि शर्तें बतायी गयीं।

26. साक्षात्कार किये गये भूस्वामियों के अनुसार हवाई अड्डा के विस्तार से होने वाले प्रतिकूल प्रभाव के विषय पर चर्चा की गयी जिसका बहुत्तरीय में शतप्रतिशत द्वारा कृषि योग्य भूमि कम हो जायेगी, 86.47 प्रतिशत द्वारा सब्जी उत्पादन में कमी एवं किसानो को अपने खेत में जाने मे समस्या, 89.22 प्रतिशत द्वारा प्रदूषण में वृद्वि, 64.41 प्रतिशत ग्राम से पलायन की समस्या, 38.60 प्रतिशत द्वारा व्यवसाय समाप्त होने कि संभावना तथा 35.34 प्रतिशत कृषकों द्वारा कोई विशेष कुप्रभाव न होने की बात कही है।

27. साक्षात्कार किये गये भूस्वामियों के अनुसार हवाई अड्डो के विस्तार से होने वाले लाभ में शत प्रतिशत द्वारा क्षेत्र का तीव्र विकास होगा, पर्यटन में वृद्वि होगी एवं अन्य जमीनों की मूल्य में वृद्धि होगी, 94.49 प्रतिशत द्वारा आवागमन सुविधा में वृद्वि होना, 89.22 प्रतिशत द्वारा रोजगार के नये अवसर उपलब्ध होना, 96.99 प्रतिशत द्वारा यात्रा में समय की बचत, 97.99 प्रतिशत भूस्वामियों द्वारा स्वरोजगार के साधनों में वृद्धि, 38.60 प्रतिशत ने गाँव से शहर में पलायन कम होगा, 73.93 प्रतिशत द्वारा रहन सहन में सुधार होगा तथा 36.84 प्रतिशत द्वारा सामरिक दृष्टि से बहुत उपयोगी होना आदि लाभ बताये है।

6.1 सामूहिक विचार विमर्श और परामर्श की आवश्यकता :

आघारभूत संरचना और विकास परियोजनायें जो प्रभावित परिवारों की आजीविका, पशुधन, रोजगार, सार्वजनिक और सामुदायिक परिसम्पत्तियो, सड़कों, सार्वजनिक परिवहन, जल–निकासी, स्वच्छता, पेयजल स्त्रोत, पशुओं के लिए जल स्त्रोत, सामुदायिक जलाशय, चरागाह, बाग, सार्वजनिक उपयोगिताओं जैसे डाकधर, उचित मूल्य की दुकानों, अन्न भंडारण गोदामों, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं,स्कूल (विद्यालय) सुविधाओं, आंगनबाड़ी, पार्क, पूजा–स्थलों और दाह संस्कार स्थल को प्रभावित करती हैं। यह नीति निर्माताओं को पुनर्वास और पुनर्वासन (आर एंड आर) अधिनियम के अनुसार निष्पादन पर पर्याप्त और सामाजिक आर्थिक रूप से मजबूत ढांचा प्रदान करती हैं। सामूहिक विचार विमर्श परियोजना के लिए समावेशी और स्थानीय समुदाय और सामाजिक पारिस्थितिकी के प्रति उत्तरदायी होने के लिए महत्वपूर्ण हैं। यह परस्पर संतोषजनक परिणाम प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण चिंताओं पर चर्चा करने और उन्हें संबोधित करने के लिए सभी हितधारकों, नीति–निर्माण निकायों और कई एजेंसियों को एक साथ लाता है। यह विभिन्न हितधारकों, विशेष रूप से प्रभावित समुदायों को शामिल करने का एक माध्यम है, जो उन्हें सकारात्मक या नकारात्मक रूप से प्रभावित मुद्दों और गतिविधियों के बारे में अपनी राय, चिंताओं और आशंकाओं को व्यक्त करने के लिए एक मंच प्रदान करता है, इस प्रकार उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया को बढ़ाने में सक्षम बनाता है। यह न केवल कुछ भावात्मक प्रभाव और प्रभावी योजना की पहचानने की सुविधा प्रदान करता है, बल्कि यह सूचनाओं के संचार, उनके भय को कम करने और समुदायों के साथ तालमेल के विकास में भी सहायता प्रदान करता है, जो कि इस तरह के सुचारू परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए सर्वोपरि है। परियोजना से प्रभावित लोगों की भागीदारी का प्राथमिक उद्देश्य खुले संवाद के माध्यम से कथित पर्यावरणीय परिणामों को कम करके सार्वजनिक जागरूकता और विकास गतिविधि या परियोजना की स्वीकृति कों बढ़ाना है।

6.2 सामूहिक विचार विमर्श – अनुसंधान और आकड़ा संग्रह की प्रकिया :

एसआईए टीम ने सभी परियोजना प्रभवित गांवो मे परियोजना के संभावित प्रभाव के गुणात्मक विश्लेषण के लिए आकड़ा संग्रह और समाज के कल्याण के लिए पुनर्वास और परियोजना के निष्पादन के बारे में भू–स्वामियों की राय/दृष्टिकोण जानने के लिए पीएपी के साथ सामूहिक विचार विमर्श और गहन साक्षात्कार आयोजित करने का प्रयास किया। जिससे उनके भूमि अधिग्रहण, आजीविका, रोजगार, सामाजिक संरचना, जीवन स्तर, मनोवैज्ञानिक कल्याण आदि से संबंधित कई प्रासंगिक मुद्दों के बारे में सशक्त रूप से जानकारी प्राप्त करने में मदद मिल सके। प्रत्येक ग्राम में प्रभावित समुदाय के सदस्यों के साथ दिनांक 27 फरवरी से 10 मार्च 2023 के दौरान सामूहिक विचार विमर्श का आयोजन किया गया। प्रतिक्रिया देने वालों में अधिकांश परियोजना प्रभवित क्षेत्र के किसान, व्यवसायी आदि थे। सामूहिक विचार विमर्श में भाग लेने वाली महिलाओं की संख्या भी लगभग पुरूषो के बराबर थी। इसके अतरिक्त महिला एव पुरूषों का सामूहिक विचार विमर्श अलग– अलग करने का प्रयास किया गया। सामूहिक विचार विमर्श की शुरुआत में सामाजिक प्रभाव आकलन अध्ययन और अध्ययन करने वाली एजेंसी के लक्ष्यों और विधियों का एक संक्षिप्त परिचय दिया गया था। सामूहिक विचार विमर्श के दौरान, SIA टीम के सदस्यों की भूमिका मघ्यस्था के रूप में थी।

सामूहिक विचार विमर्श (एफजीडी) का उद्देश्य परियोजना प्रभावित परिवारों के जीवन के बारे में अधिक से अधिक जानकारी एकत्र करना था, वे किस क्षेत्र में रहते हैं, उनके भूमि उपयोग की व्यवस्था, व्यवसाय एवं रोजगाार आदि के बारे में जानकारी एकत्र करना था। परियोजना से प्रभावित लोगों के साथ एफजीडी का आयोजन उनके समुदाय की विशेष रूप से प्रभावित क्षेत्र के कमजोर लोगों के मौजूदा सामाजिक–आर्थिक स्थितियों को समझने के लिए एवं समुदाय की प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए किया गया था। यह प्रकिया करने के लिए प्रभावित सभी ग्रामों में खसरावार प्रभवित पविारों द्वारा 27 फरवरी से 10 मार्च 2023 के बीच एफजीड करने का प्रयसा किया गया। परंतु गगल एवं झिकली इच्छी पंचायत के लोगो ने पुरी तरह से इस प्रयोजना का विरोध किये इस कारण इस पंचायत में एवं इनके पास के ग्राम में विचार विमर्श पूर्ण रूप से

नहीं हो पाया। SDM और ADC द्वारा इन ग्राम पंचायतों में SIA के बारे में जनकारी देने के लिए दो से तीन बार बैठके कि गई फिर भी लोग SIA टिम को साक्षात्कार एवं विचार विमर्श के लिए तैयार नही हुए। हालांकि, अधिकांश पीएएफ ने प्रस्तावित कांगड़ा हवाईअड्डा परियोजना के बारे में अपनी असहमति व्यक्त की क्योकि इस परियोजना के विस्तार से उनके अवास एवं व्यवसाय पुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। क्षेत्र के लोग इस परियोजना के विरोध मे है। इसलिए एसआईए टीम को सक्षात्कार नहीं दिये। उनका कहना हैं कि जब हमलोग इस परियोजना के विरोध में हैं तो फिर इस परियोजना के लाभ एवं हानि के बारे में क्यों बात करे। इसलिए लोगों ने एसआईए टीम को सक्षात्कार एवं विचार विमर्श करने के लिए ग्राम के अन्दर जाने से माना /विरोध किया।

6.3 सामुदायिक कल्याण और जीवन शैली संभावित प्रभाव :

पीएपी सामुदायिक कल्याण और रहने की क्षमता पर संभावित प्रभावों के बारे में चिंतित थे जिससे उनके जीवन प्रभावित होगा। यह भी जवाब दिया गया है कि इस भूमि अधिग्रहण से कुछ पीएएफ अधिक प्रभावित होंगे क्योंकि वे दूसरों की तुलना में बड़े क्षेत्र में भूमि, अवास एवं व्यवसाय खो देंगे। परियोजना लोगों के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन को अस्त–व्यस्त कर देगी क्योंकि परियोजना के बाद उनकी जीवन शैली पूरी तरह से बदल सकती है। वे अपनी मूल पारंपरिक ग्रामीण संस्कृति और संयुक्त परिवार संरचना के नुकसान के बारे में बहुत आशंकित हैं। उनके द्वारा बताया गया है कि उनकी आजीविका मुख्य रूप से कृषि पर आधारित है, जो परिवार के सदस्यों के बीच आय का समान अवसर प्रदान करती है, लेकिन भूमि के नुकसान के बाद, हमें उनके अस्तित्व के लिए किसी प्रकार का व्यवसाय करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा जो संयुक्त परिवार की संरचना को प्रभावित करेगा। इसके अलावा परियोजना पर्यावरण पर प्रभाव डाल सकती है, ग्रामवासीयों के अनुसार विभिन्न प्रकार के निर्माण से क्षेत्र की स्थलाकृति बदल जाएगी और पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। परियोजना के कारण ध्वनि, जल और वायु प्रदूषण में भी वृद्धि होगा।

6.4 सामूहिक विचार विमर्श के दौराण ग्रामीणों की मांगे :

प्रस्तावित क्षेत्र के कुछ ग्राम के अधिकांस किसान/भूस्वामि अपना भूमि परियोजना के लिये नहीं देना चाहते, क्योंकि इससे उनका व्यवसाय एवं अवास का नुकसान हो रहा हैं और वह चाहते हैं कि सरकार पहले प्रभावित लोगों के लिए पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना प्रस्तुत करें। परंतु प्रस्तावित कांगड़ा हवाई अड्डे विस्तार के संरेखन से प्रभावित अन्य ग्राम के किसान अपनी भूमि देने के लिए तैयार हैं परंतु इसके बदले अपनी भूमि का मूल्य बजार मूल्य के बराबर चाहते हैं या फिर सर्किल रेट का दस गुणा दर चाहते हैं। इसके अलावा परिवार के सदस्यों के लिए उनकी योग्यता के अनुसार नौकरियां, जमीन के बदले जमीन और प्रभावित परिवार के युवा पीढ़ी के लिए तकनिकी प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार सृजित करणा आदि शर्ते बताऐ गये। जिनका घर अधिग्रहण से प्रभावित हो रहा है उनको तहसील के ग्रामीण क्षेत्र में पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन 2013 के नियमानुसार किया जाना चाहिए। जिनका व्यवसाय अधिग्रहण सें पूर्ण रूप से समाप्त हो जायेगा। उनको भूमि अधिनियम 2013 के अनूसार पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन किया जाना चाहिए और जब तक उनका व्यवसाय सुचारू रूप से न चल सके तब तक उनको जीविकोपार्जन के लिये वर्तमान आय के अनुसार धनराशी प्रतिमाह मिलनी चाहिये।

6.5. परियोजना के लिए वैकल्पित स्थान पर चर्चा:

एफजीडी के दौराण ग्रामीणों से इस परियोजना के विस्तार के लिए वैकल्पित स्थान पर चर्चा किया गया एवं उनका सुझाव लिया जो निम्नवत हैं:

1. ग्रामीणों ने पहला सुझाव इस परियोजना के विस्तार के लिए हवाई अड्डे के पश्चिम से उत्तर कि तरफ सराह कि ओर दिये, उनके अनुसार इस क्षेत्र में अबादि कम हैं और खाली भूमि अधिक हैं।

2. ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों के अनुसार परियोजना के विस्तार के अलावा नये हवाई अड्डे के निर्माण के लिए कांगड़ा तहसील के बोड़क्वालू में वैकल्पिक भूमि का प्रस्ताव दिये है, जो तहसील से लगभग 15 किमी दूरी एवं गगल हवाई अड्डे से लगभग 12 कि0मी0 कि दूरी पर है। प्रस्तावित

भूमि से पोंग बांध एवं मसरूर मंदिर लगभग 15 कि0मी0 पर हैं। जो पयर्टन के लिए महत्वपूर्ण हैं और ज्यादातर भूमि बंजर और कम उपजाऊ है और प्रस्तावित क्षेत्र की तुलना में अधिग्रहण से कम लोगों को पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन की सम्भावना है।

ग. ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों के अनुसार परियोजना के लिए तीसरा वैकल्पिक भूमि का प्रस्ताव कांगड़ा तहसील के रैत विकास खण्ड कें लंज क्षेत्र में दिये है, जो गगल हवाई अड्डे से लगभग 23 कि0मी0 कि दूरी पर स्थित है। प्रस्तावित भूमि से पोंग बांध लगभग 5 कि0मी0 एवं मसरूर मंदिर लगभग 3 कि0मी0 पर हैं। जिला हमीरपुर से लगभग 70 कि0मी0 एवं ऊना से लगभग 100 कि0मी0 कि दूरी पर स्थित हें, जो पर्यटन के लिए महत्वपूर्ण भी हैं और वर्तमान प्रस्तावित क्षेत्र की तुलना में अधिग्रहण से कम लोगों को पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन की सम्भावना है।

उपयुक्त स्थिति के अनुसार SIA टीम यह सुझाव देगी कि स्थल चयन के लिए तकनिकी टीम के सुझाव के उपरांत ही परियोजना के लिए उपयुक्त वैकल्पित स्थान का चयन किया जाए।

7.1 सामाजिक समाघात प्रबन्धन योजना :

हवाई अड्डे के निर्माण/ विस्तार के लिए सुझाई गई वैकल्पिक भूमि और स्थान जिससे कम से कम सामाजिक और आर्थिकछति का अवलोकन को जनकल्याण एवं मांग के संर्दभ में लिया जाए। यदि हवाई अड्डा का विस्तार किया जा रहा है तो परियोजना से प्रभावित लोगों के कल्याण के लिए प्रस्तावित उपाय RFCTLAR (HP) नियम, 2015 के अनुसार निम्नलिखित हैं:–

1. परियोजना से सबंधित विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन, व्यवहार्यता प्रतिवेदन एवं पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना उपल्बघ नहीं हैं इसलिए प्रस्तुत सामाजिक समाघात प्रबन्धन योजना सिर्फ एक सुझाव/संदर्भ के रूप में प्रस्तुत हैं जिसका बिना पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के कोई औचित्य नहीं हैं।

2. भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया से पहले सामाजिक प्रभाव आकलन का क्रियान्वयन किया जाना चाहिए।

3. भूमि अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों के लिए पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना उपलब्ध होना चाहिए।

4. अधिग्रहण प्रक्रिया से पहले अधिक मौद्रिक लाभ और विस्थापित परिवार की सूची, भूमि का स्वामित्व और बुनियादी ढांचा, वाणिज्यिक संरचना, प्रभावित क्षेत्र में भूमिहीन लोगों की सूची, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित पीएएपी की सूची है, प्रभावित क्षेत्र में विकलांग सूची, प्रभावित क्षेत्र में भूमिहीन खेतिहर मजदूरों की सूची, प्रभावित क्षेत्र में चल/अचल संपत्ति की सूची तैयार किया जाना चाहिए और तदनुसार, प्रतिकर प्रदान किया जाय।

5. परियोजना का परिचालन सभी लागू विधानों, नीतियों, क्षति को कम से कम करने हेतु किये गये उपायों जैसे उचित प्रतिकर अथवा आजीविका के स्रोतो तथा संसाधनों का विकास राष्ट्रीय एवं राज्य के विधानों के अनुपालन मे किया जाना चाहिए।

6. जहाँ तक सम्भव हो परियोजना के परिचालन में सामाजिक कुप्रभाव नहीं होने देने के लिए उचित स्रोतो के सृजन का प्रयास किया जाना चाहिए। जहाँ यह सम्भव न हो तो सामाजिक प्रभाव /प्रतिघात की अवधि, सघनता एवं प्रभाव के प्रसार को कम से कम किया जाना चाहिए। साथ ही, ऐसे प्रभाव जिनको पूर्ण रूप से कम नहीं किया जा सकता है उनको पूर्व की स्थिति में लाने का प्रयास सुनिश्चित किया जाना चाहिए (उदाहरण के लिए कृषि भूमि, आजीविका के स्रोत, व्यक्तियों की जीवनशैली की गुणवत्ता आदि)।

7. परियोजना की प्राथमिकता उपयुक्त निर्माण पद्धति अनुसूची एवं अन्य क्षति को कम से कम करने के उपायों का उपयुक्त निर्धारण करते हुए प्रभावित व्यक्तियों एवं परिवारों के कल्याण एवं जीविकोपार्जन के अनुरूप होनी चाहिए।

8. हवाई अड्डा का विस्तार एवं परिचालन प्रत्यक्ष रूप से सामाजिक प्रभाव से सम्बंधित हो सकता है अथवा प्राकृतिक पर्यावरण एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था में परियोजना के कार्यकलापों के सम्पादन आदि के रूप में समाघात सम्भव है। इस प्रकार के सभी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष समाघात का सही

एवं पारदर्शी रूप से आंकलन करते हुए उन्हें कम करने हेतु शमन के उपायों को अपनाने की आवश्यकता है।

9. परियोजना में दुर्बल/कमजोर व्यक्तियों एवं परिवारों, जैसे ऐसे भूमिहीन एवं बटाई कृषक जो अपने जीविकोपार्जन हेतु कृषि मजदूरी पर निर्भर हैं उन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। ऐसे व्यक्ति एवं परिवार नई परिस्थितियों के अनुसार निर्णय लेने, परामर्श करने एवं विचार–विमर्श में भाग लेने में असमर्थ रहते है। साथ ही, आजीविका के नये साधनों एवं परियोजना के अन्तर्गत काम के अवसरों के सम्बंध में भी अनभिज्ञ रहते हैं। प्रभावित उन लोगो को भी उचित मुआवजा मिलना चाहिए जिनके पास उचित भूमि स्वामित्व या भूमि पंजीकरण नहीं है, हालांकि वे कई वर्षों से प्रभावित क्षेत्र में रह रहे हैं।

10. परियोजना मे उन सभी व्यक्तियों, समूहों एवं समुदायों के विधि सम्मत अधिकारों एवं रूचि का ध्यान रखा जाना चाहिए जो परियोजना से प्रभावित हैं। इस प्रकार इसमें उन सभी को सम्मिलित किया जाना है जिनकी भूमि, फसल एवं अन्य परिसंम्पत्तियों हवाई अड्डा के विस्तार के रेखांकन में अवस्थित हैं तथा ऐसे अन्य व्यक्ति जिनके सुख–साधन, जीवन–स्तर एवं अन्य सुरक्षा कवच आदि प्रभावित हुए हैं।

11. परियोजना में व्यक्तियों, समूहों एवं समुदायों को परियोजना के हितधारकों के रूप में अपनी तर्कसंगत, रूचियों एंव परियोजना से सम्बधित विषयों में अपने विचार रखने का अधिकार होगा। प्रभावित लोगों के असहमति का अधिकार सुनिश्चित किया जाना चाहिए और उस पर विधिवत विचार किया जाना चाहिए।

12. अधिग्रहण से प्रभावित लोगो के लिए आजीविका योजना, लिंग योजना, शिक्षा योजना आदि सहित आर एंड आर पैकेज अनिवार्य और समयबद्ध होना चाहिए।

13. पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन से पहले भुगतान का समयरेखा का निर्घारण या भुगतान किया जाना चाहिए, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना से पहले किसी को विस्थापन नहीं किया जाना चाहिए।

14. सभी विस्थापित पीएफ को कम से कम तीन बार पूर्व सूचना दी जानी चाहिए, और उनके पशुधन की अत्यधिक देखभाल के साथ उनकी पसंद के नए क्षेत्र में सुचारू पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के लिए 9–12 महीने का उचित समय दिया जाना चाहिए।

15. विस्थापन/पुनर्वास के कारण आर्थिक, मनोवैज्ञानिक, पारिस्थितिक, मानसिक समावेशन को पूर्ण करने वाले सामाजिक प्रभावों के लिए उचित मुआवजा मिलना चाहिए।

16.. अधिग्रहण और उसके बाद पुनर्वास प्रक्रिया के लिए पारदर्शिता और भागीदारी दृष्टिकोण का पालन किया जाना चाहिए

17. भूमि के दुरुपयोग को रोकने के लिए अत्यंत सावधानी रखनी चाहिए।

18. भूमिहीन लोगों के लिए पट्टे का विकल्प होना चाहिए।

19. संस्थागत तंत्र–विवादों के निपटान के लिए राष्ट्रीय/राज्य निगरानी प्राधिकरण/आयुक्त आर एंड आर/प्रशासक का गठन किया जाना चाहिए।

8.1 संस्तुतिया :

एसआईए टीम ने पीएएफ एवं अन्य हितधारकों के साथ बातचीत, विचार विमर्श, अवलोकन और अन्य तकनीकी तरीकों के माध्यम से क्षेत्रीये आंकड़ों को एकत्रित करके विश्लेषण किया है और तदोउपरांत निम्नवत सिफारिशें प्रस्तावित हैं :

1. भू–अर्जन से पहले कानून के अनुसार पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन योजना कि व्यवस्था तथा हितधारको का सहयोग वांछनीय है।

2. हवाई अड्डा का वर्तमान विस्तार वृहत आबादी क्षेत्र एवं स्थापित व्यवसाय को प्रभावित करेगी, जो वर्षो से स्थापित एवं सामान्य स्वसंचालित हैं को पूर्ण तरह से प्रभावित करेगा। व्यापक विचार विमर्श से जानकारी मिली हैं कि यदि प्रस्तावित भूमि का अधिग्रहण होता हैं तो परियोजना कि लागत मूल्य लगभग कई हजार करोड़ आकी गई है साथ ही साथ हजारो कि संख्या में परिवार अपना परिवारिक व्यवसाय, आमदनी के श्रोत और समाजिक ताना बना खो देंगे, विचार

विमर्श के दौरान यह भी पता चला है कि हजारो लोग छोटी बड़ी दुकानो में कर्यारत है वे भी अपनी जीवन यापन इस कारण खो देंगे। जैसेकि सरकारी नौकरीयों का पहले ही अभाव है, और सरकार हजारों लोगो को नियोजित नही कर पायेगी ऐसी स्थिति से निपटने के लिए प्रभावित परिवारों ने परियोजना के लिए वैकल्पित भूमि एवं भू–अर्जन के लिए निम्न सुझाव दिये है

i. परियोजना का विस्तार, वर्तमान कांगड़ा हवाई अड्डे के पश्चिम से उत्तर की तरफ धर्मशाला की ओर किया जाना चाहिए, जिससे कम से कम परिवार विस्थापित होंगे और सरकारी आय कि अत्यधिक बचत होगी और स्थानिये लोग भी खुश रहेंगे।

ii. नई जगह (बोड़क्वालू या लंज) कांगड़ा तहसील में खुली एवं सरकारी भूमि उपलब्ध है, इसमें भी समाजिक एवं आर्थिक छति निम्नवत् आकि गई है।

3. ग्रामवार समस्यों के समाधान हेतु दिये गये उपायो का विवरण परिशिष्ट–एक में अंकित हैं। जिसका निवारण समयवद्ध होना चाहिए ताकी लोगो में समाजिक सद्भावना बनी रहे।

4. परियोजना के विस्तार से ग्राम या क्षेत्र में जलभराव/बाढ़ कि समस्या उत्पन्न हो सकती हैं इसलिए पानी की समुचित निकासी की व्यवस्था होनी चहिए और इसे आपदा प्रबंधन के रूप में संबोधित किया जाना चाहिए।

5. पूर्व में जो परिवार,वर्तमान हवाई अड्डे की भूमि अधिग्रहण से प्रभावित हैं ऐसे परिवार यदि पुनः अधिग्रहण से प्रभावित हो रहे हैं तो विशेष प्रतिकर राशी दि जाए।

6. जो परिवार भूमिहीन और बेघर हो रहे हैं, उनका उपयुक्त रूप से और पूरी तरह से पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन किया जाना चाहिए।

7. प्रतावित अधिग्रहण भूमि में उपलब्ध परिसम्पत्तियों जैसे भवन, दुकान, नलकूप/बोरिंग, पेड़–पौधे, फसल, जलस्त्रोत, होटल, पेट्रेल पम्प, समुदायिक भवन, सरकारी भवन साजसामान,आदि का सक्षम संस्था से उचित मूल्यांकन कराते हुए, प्रभावित परिवारों एवं संस्थान

के स्वामियों से बातचित के माध्यम से प्रतिकर दिया जाना चाहिए और उपयुक्त पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन किया जाना चाहिए।

8. प्रभावित परिवार आंशिक/पूर्ण रूप से कृषि भूमि खो देंगे, जिससे फसल उत्पादन एवं आजीविका का नुकसान होंगा।

9. जिन लोगो ने साक्षात्कार दिये उनमें से लगभग 53 प्रतिशत परिवार जमीन देने के लिए तैयार हैं, यदि उनकी समस्यों का निवारण उनकी मांगों के अनुसार मुआवजा दिया जाता है।

10. जिनका व्यवसाय भू–अधिग्रहण से पूर्ण रूप से समाप्त हो जायेगा। उनको भूमि अधिनियम 2013 के अनूसार पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन किया जाना चाहिए और जब तक उनका व्यवसाय सुचारू रूप से न चल सके तब तक उनको जीविकोपार्जन के लिये वर्तमान आय के अनुसार प्रतिमाह धनराशी मिलनी चाहिये।

11. प्रभावित भूस्वामियों को इस अध्ययन में वर्णित सामाजिक प्रभाव प्रबंधन योजना (एसआईएमपी) और RTFCTLARR अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार प्रतिकर दिया जाना चाहिए।

12. जिन परिवारों की पूर्ण भूमि एवं मकान अधिग्रहण से प्रभावित समाप्त होगा। ऐसे परिवारों को लगभग 15 कि.मी. के परिधी में नियमानुसार या वर्तमान यथास्थिति के अनुसार, अधिग्रहण से पूर्व पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन किया जाना चाहिए।

13. सामुदायिक, समाजिक और सरकारी सम्पतियॉ जो कि अधिग्रहण से प्रभावित होंगी एवं ग्रामवासियो को आंशिक व पूर्ण रूप से प्रभावित करेगी। ऐसी सम्पतियों का आंकलन करके परियोजना कार्य आरम्भ होने से पूर्व ही नियमानुसार पुननिर्माण किया जाना चाहिए।

14. अध्ययन के निष्कर्षों से यह भी पता चलता है कि प्रस्तावित परियोजना से प्रभावित परिवारों की आजीविका और समाजिक–आर्थिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

15. RFCTLARR अधिनियम, 2013 की अनुसूची के अनुसार भूमि अधिग्रहण के लिए मुआवजा राशि ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि के बजार मूल्य/ सर्कल रेट (लागू होने पर) का चार गुना और शहरी क्षेत्रों में भूमि के बाजार मूल्य का दो गुना होना चाहिए।

16. परियोजना प्रभावित परिवारों द्वारा प्रतिवेदन के लिए अतिरिक्त सुझााव और प्रतिक्रिया होने की स्थिति में सार्वजनिक सुनवाई के दौरान भी प्राप्त की जा सकती है और अंतिम प्रतिवेदन में शामिल किया जा सकता है।

परियोजना से प्रभावित अधिकांश परिवारों द्वारा अपनी जमीन नहीं देने के लिए कई मुद्दे और चुनौतियां प्रस्तुत कि हैं। हवाई अड्डे के विस्तार /निर्माण के लिए सुझाई गई वैकल्पिक भूमि और स्थान, लोगों द्वारा सबसे अधिक अपेक्षित हैं क्योंकि इससे क्षेत्र में सामाजिक और आर्थिक प्रभाव कम से कम होगा, इसके लिए वैकल्पिक भूमि कि तकनीकी जाच की आवश्यकता हो सकती है और तदनुसार, सरकार भूमि अधिग्रहण के विषय पर निर्णय ले सकती है। RFCTLARR 2013 के अनुसार सार्वजनिक सुनवाई के दौरान परियोजना प्रभावित परिवारों और हितधारकों के साथ सारे एवं अन्य भी सकारात्मकत एवं नकारात्मकत प्रभावो की चर्चा होगी और एसआईए एजेंसी द्वारा स्थानीय स्तर पर भी सभी मुद्दों/विषयों का मूल्यांकन करने के बाद भूमि अधिग्रहण अधिनियम के अनुसार भूमि अधिग्रहण की सिफारिश उसके बाद ही की जा सकती है।

अध्याय–एक

भूमिका

1.2 पृष्ठीूमि :

विकास एक सतत प्रकिया है। मानव सभ्यता के विकास के साथ–साथ मानव जाति की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु विभिन्न काल खण्डों के तत्कालीन परिवेश के अनुरूप आविष्कार किये जाते रहे है। किसी भी क्षेत्र में उस क्षेत्र की आवश्यताओं को ध्यान में रखते हुए आविष्कार किये जाते हैं। समय–समय पर इनमें आवश्यकतानुसार संशोधन भी होते रहे है। मनुष्य की प्रकृति रही है कि ज्यों–ज्यों आवश्यकताओं की पूर्ति होती जाती है त्यों–त्यों जीवन स्तर में सुधार हेतु नई आवश्यकताऐं अनुभव की जाती रही है।

जब व्यक्ति की न्यूनतम आवश्यकताऐं पूरी हो जाती है तब उसे सुविधाजनक जीवन की चाहत बढ़ती जाती है। परिणामस्वरूप सुख सुविधाओं के साधनों के विकास और सृजन भी खोज प्रारम्भ होती जाती है। यह प्रकिया कभी सामाप्त नहीं होती है। इस अवधि में भी जनसंख्या में वृद्धि होती जाती है फलतः विकसित किये गये साधनों पर जनसंख्या का भार बढ़ जाता है जिससे नये साधनों का विकास किया जाता है साधनों के विकास के साथ उनकी तकनीक में भी सुधार किया जाता है। मनुष्य की यह भी प्रकृति है कि उसके द्वारा नवीनतम तकनीको का उपयोग अधिक रूप से किया जाता है, ताकि मानव जीवन अधिक सुगम हो सके।

विभिन्न प्रकार की सुख सुविधा युक्त साधनों में परिवहन एवं यातायात महत्वपूर्ण साधनों में से एक है। परिवहन एवं यातायात के लिए सड़क मार्ग, रेल मार्ग, वायु मार्ग तथा जल मार्ग का उपयोग किया जाता है। इनमें सबसे अधिक दबाव सड़क मार्ग पर यातायात में पड़ता है। विगत वर्षों में सड़क मार्ग से यातायात के साधनों में अत्यधिक वृद्धि हुई है, जिससे सड़क मार्ग से यातायात में वाहनों की भीड़भाड़ से सड़को पर अत्यधिक जाम तो लगता ही है साथ ही वाहनों की धीमी गति के कारण गन्तव्य तक पहुॅचनें में अधिक समय एवं ईंधन व्यय होता है। इसके निराकरण हेतु लोग वायु मार्ग का प्रयोग करते हैं, जिससे वह अपने गन्तव्य स्थान पर जल्द

पहुच सके है। इसके लिए हवाई अड्डा का विस्तार एवं नविन हवाई अड्डा के निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

विगत कुछ वर्षो से पूर्व में निर्मित विद्यमान हवाई अड्डा को यथासम्भव विस्तार किया जाता रहा है। इस क्रम में कांगड़ा हवाई अड्डा का विस्तार कांगना जनपद के कांगड़ा एवं शाहपुर तहसील के 14 ग्राम के भूमि पर विस्तार का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया।

अक्टूबर 2013 में, पहली बार, कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार का मुद्दा आधिकारिक रूप से सामने आया, जब नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने गगल हवाई अड्डे के विस्तार के लिए एक नया सर्वेक्षण करने का संकेत दिया। इस क्रम में अगस्त 2014 में, जिला प्रशासन को विस्तार सर्वेक्षण करने का आदेश दिया गया था और इस संबंध में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) को भी लिखा गया था।, इसके बाद, एएआई अधिकारियों की एक टीम ने व्यवहार्यता अध्ययन और आवश्यक भूमि की पहचान के लिए मई 2015 में हवाई अड्डे का दौरा किया।

वर्ष 2019 में, टीम ने हवाई अड्डे के आस–पास के क्षेत्र का दौरा किया और रनवे को 1,370 से 1,920 मीटर (4,490 से 6,300 फीट) तक विस्तारित करने के लिए भूमि की पहचान की गई। हालांकि, इस प्रस्तावित विस्तार के लिए कुल 140 हेक्टेयर (350 एकड़) भूमि की आवश्यकता होगी और इसका मतलब लगभग सभी गगल टाउनशिप का विस्थापन होगा जो हवाई अड्डे से लगभग 2 किमी (1.2 मील) की दूरी पर स्थित है और हवाई पट्टी के विस्तार के प्रस्तावित मार्ग में सीधे स्थित है। नतीजतन, जनवरी और फरवरी 2020 में स्थानीय लोगों द्वारा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किए गए।

मार्च 2021 में, एएआई द्वारा प्रस्तावित विस्तार के लिए बाधा/व्यवधान स्तर सर्वेक्षण (ओएलएस) किया गया था। एएआई के संशोधित सर्वेक्षण में, पहले मांझी नदी पर एक पुल का निर्माण करके रनवे की लंबाई को 1,900 मीटर (6,200 फीट) तक बढ़ाया जाना था, जो गगल टाउनशिप और हवाई अड्डे के बीच बहती है। इसके बाद, राष्ट्रीय राजमार्ग 154 को काटकर गगल टाउनशिप से भूमि का अधिग्रहण करके रनवे को 3,010 मीटर (9,880 फीट) तक विस्तारित किया जाना है, जिसके लिए राजमार्ग के पुनर्गठन की भी आवश्यकता होगी।

मार्च 2022 में, कांगड़ा हवाई अड्डे के लिए दो चरणों में विस्तार की योजना बनाई।

चरण 1 में, रनवे को वर्तमान 1,372 से 1,900 मीटर (4,501 से 6,234 फीट) तक लगभग 600 मीटर (2,000 फीट) तक विस्तारित किया जाना है, जिसके लिए मांझी नदी पर एक रनवे पुल के निर्माण की आवश्यकता होगी, जो गगल टाउनशिप से कुछ ही दूर है। यदि पहला चरण पूरा हो जाता है, तो यह टर्बोप्रॉप हवाई जहाजों को बिना लोड पेनल्टी के पूरी क्षमता के साथ गगल हवाई अड्डे पर उड़ान भरने और उतरने में मदद करेगा।

चरण 2 में, रनवे की लंबाई 1,900 से बढ़ाकर 3,110 मीटर (6,230 से 10,200 फीट) करते हुए रनवे को 1,210 मीटर (3,970 फीट) बढ़ाया जाना है। इस विस्तार के बाद यह हवाई अड्डा आसानी से एयरबस–320/330 और बोइंग 737 जैसे संकीर्ण आकार के टर्बोफैन विमानों को संचालित करने में सक्षम होगा। इससे न केवल कांगड़ा जिले के लिए पर्यटन क्षेत्र को बड़ा बढ़ावा मिलेगा, बल्कि चंबा, हमीरपुर और ऊना जिलों को भी फायदा होगा।

कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के लिए पंद्रहवें वित्त आयोग द्वारा कुल 400 करोड़ रुपये की सिफारिश की गई थी, जिसे केंद्र सरकार ने मंजूर कर लिया है।

वर्तमाण हवाई अड्डा 2,492 फीट (760 मीटर) की ऊंचाई पर, 1,269 एकड़ (514 हेक्टेयर) में एक डामर रनवे के साथ बना हुआ है, जो 15/33, 1,372 गुणा 30 मीटर (4,501 गुणा 98 फीट) की ओर उन्मुख है। इसका 91 गुणा 61 मीटर (300 गुणा 200 फीट) एप्रन एटीआर 72 और डैश 8 सीरीज 400 जैसे दो टर्बोप्रॉप विमानों के लिए पार्किंग स्थान प्रदान करता है, जबकि इसकी टर्मिनल बिल्डिंग 100 यात्रियों को संभाल सकती है, आगमन में 50 यात्री और प्रस्थान में 50 यात्री । इसके छोटे रनवे के साथ–साथ अधिक ऊंचाई के कारण, हवाईअड्डे पर लोड पेनाल्टी है और इस हवाईअड्डे पर विमानों को पूरी क्षमता के साथ उड़ान भरने की अनुमति भी नहीं है, जिसके कारण इस मार्ग पर कम उपयोग और उच्च हवाई किराए हैं।





4350
EXISTING RUNWAY 1372M x 30M
PROPOSED RWY 3010Mx45M
1100
600
2600
360
800
PROPOSED AREA
ADDL.LAND AREA = 396.05 ACRES
TOTAL LAND = 552.0 ACRES
PROPOSED RUNWAY = 3010m x 45m
PROPOSED TERMINAL BUILDING = 6000 SQ.M
PROPOSED APRON AREA = 197M x 120M
FIRE / ATC TECH. BLOCK
AFS AREA
HANGER AREA
SERVICES BLOCK
COMMERCIAL AREA
RESIDENTIAL / STAFF QTR'S AREA
EXISTING AREA
EXISTING LAND AREA = 155.95 ACRES
EXISTING RUNWAY =1372m x 30m
EXISTING APRON = 100.5m x 61.0m
EXISTING TERMINAL BUILDING = 1500 Sq.M
EXISTING ATC & TECHNICAL BLOCK
EXISTING FIRE STATION
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
DEPARTMENT OF PLANNING,
PROPOSED MASTER PLAN AT KANGRA AIRPORT
MASTER PLAN

DRAFT MASTER PLAN
2692
600
300
960
PROPOSED RUNWAY 3010M x 45M
3187
600
4588
PROPOSED AREA
EXISTING LAND = 155.95 ACRES
ADDL.LAND AREA = 369.82 ACRES
TOTAL LAND = 525.77 ACRES
PROPOSED RUNWAY = 3010m x 45m
PROPOSED TERMINAL BUILDING =6000 Sq.M.
PROPOSED APRON AREA = 194M x 120M
FIRE / ATC TECH. BLOCK
AFS AREA
HANGER AREA
SERVICES BLOCK
COMMERCIAL AREA
RESIDENTIAL / STAFF QTR'S AREA
EXISTING AREA
EXISTING LAND AREA = 155.95 ACRES
EXISTING RUNWAY =1372m x 30m
EXISTING APRON = 100.5m x 61.0m
EXISTING TERMINAL BUILDING = 1500 Sq.M
EXISTING ATC & TECHNICAL BLOCK
EXISTING FIRE STATION
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
DEPARTMENT OF PLANNING,
DEVELOPMENT OF KANGRA AIRPORT FOR OPERATION OF
A320-200 TYPE OF AIRCRAFT
DRAFT MASTER PLAN


START POINT OF
MATAUR BYPASS

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में मांझी खड्ड पर कंकरीट का पुल डालकर गगल एयरपोर्ट का विस्तार किया जाएगा। एयरपोर्ट के विस्तार को लेकर भारतीय विमानन प्राधिकरण केंद्रीय जल और विद्युत अनुसंधान केंद्र (सीडब्ल्यूपीआरएस) पुणे की टीम ने हरी झंडी दे दी है। वर्तमान में गगल एयरपोर्ट का रनवे 1,330 मीटर है। पहले चरण में रनवे को 1,900 मीटर किया जाएगा। दूसरे चरण में रनवे की लंबाई 3,010 मीटर की जाएगी।

विस्तारीकरण के बाद यहां 320 सीटर जहाज उतर पाएगा, जिससे दिल्ली से कांगड़ा के हवाई सफर का किराया आधा होने की संभावना रहेगी। बीते नवंबर में सीडब्ल्यूपीआरएस पुणे की टीम गगल एयरपोर्ट विस्तारीकरण की संभावनाएं तलाशने के लिए कांगड़ा पहुंची थी। इस दौरान टीम ने गगल एयरपोर्ट सहित साथ लगते क्षेत्रों, खड्डों और नालों का निरीक्षण किया था। टीम ने निरीक्षण के दौरान पाया था कि मांझी खड्ड सहित अन्य नालों का तटीकरण (चौनलाइजेशन) कर यहां पर एयरपोर्ट का विस्तार किया जा सकता है।

हिमाचल प्रदेश मुख्य रूप से एक पर्वतीय राज्य है और परिवहन के अन्य साधनों की अनुपलब्धता सड़कों को अंतरराज्यीय और अंतर्राज्यीय परिवहन का एकमात्र साधन बनाती है। इसके अलावा, लंबी यात्रा का समय और सुरक्षा पहाड़ी इलाकों में विशेष रूप से खराब मौसम की स्थिति के दौरान बड़े मुद्दे हैं इसलिए हवाई संपर्क समय की बचत और सुरक्षा के मामले में एक महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करता है।

क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय गंतव्यों के लिए विश्वसनीय और निर्बाध हवाई संपर्क की आवश्यकता को स्वीकार करते हुए, राज्य सरकार का उद्देश्य राज्य में एक विश्व स्तरीय विमानन बुनियादी ढांचा तैयार करना है जो हिमाचल प्रदेश को विमानन और संबद्ध व्यवसायों में निवेश के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बना देगा। आर्थिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में हवाई अड्डों का निर्माण/विस्तार कराया जायेगा।

इसलिए, राज्य के समग्र विकास और कांगड़ा जिले के विकास को विशिष्ट रूप से ध्यान में रखते हुए और हिमाचल प्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय विमानन मानचित्र पर लाने के लिए, हिमाचल प्रदेश सरकार ने कांगड़ा हवाई अड्डा को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है जो व्यापक रूप से संचालित करने के लिए उपयुक्त है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को पूरा करने के लिए प्रस्तावित साइट केंद्रीय रूप से स्थित है और अन्य महत्वपूर्ण/धार्मिक /पर्यटन स्थलों के साथ निकटता में है।

1.2 दिल्ली–धर्मशाला के बीच होती हैं शिर्फ तीन उड़ानें :

वर्तमान में दिल्ली–धर्मशाला के बीच गगल एयरपोर्ट पर तीन उड़ानें लैंड और टेकऑफ होती हैं। इसके अलावा शिमला के लिए भी यहां से उड़ानें होती हैं। गगल एयरपोर्ट का विस्तार होता है तो यहां पर्यटन कारोबार को भी पंख लगेंगे।

1.3 हवाई अड्डे के विस्तार की आवश्यकता :

हिमाचल प्रदेश में धर्मशाला एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है और इसमें गगल हवाई अड्डे के माध्यम से हवाई संपर्क है। सीमित रनवे लैंग्थ व लोड पेनाल्टी के कारण यह हवाई अड्डा छोटे विमानों के उतरने के लिए उपयुक्त है, परिणामतः हवाई किराया बहुत अधिक है। अधिक मांग और बहुत सीमित सीटें होने के कारण देश में गगल हवाई अड्डे के लिए विमान किराया उच्चतम स्तर पर है, जिससे राज्य में पर्यटन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। तदानुसार भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा कांगड़ा हवाई अड्डे का बाधा/व्यवधान सीमा सतह सर्वेक्षण किया गया था तथा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की रिपोर्ट के अनुसार इस प्रयोजन के लिए भूमि चयनित की गई है। यह विमानपत्तन राज्य के सर्वोच्च हितों की पूर्ति करेगा तथा वायु सेना की रक्षा आवश्यक्ताओं की पूर्ति हेतु आधार के रूप में सेवा प्रदान करने के साथ–साथ प्रस्तावित विमानपत्तन पर बड़े विमानों की लैंडिग से पर्यटकों का समय बचेगा और इन गंतव्यों के लिए हवाई किराए में गिरावट देखने को मिलेगी।

1.4 परियोजना स्थल :

तहसील शाहपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश के महाल जुगेहड, रछियालू, क्योड़ी और भड़ोत तथा तहसील कांगड़ा, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश के महाल भेडी, ढुगियारी खास, सनौर, बल्ला, सहौड़ा, मुंगरेहाड, बाग, गगल खास, बरसवालकड और झिकली इच्छी में अवस्थित कुल 147–75–87 हैक्टयर प्रस्तावित भूमि (सरकारी भूमि और निजी भूमि) हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा गगल (कांगड़ा) हवाई अड्डे, जिला कांगड़ा के विस्तारीकरण के लिए चयन किया गया हैं।

1.5 परियोजना के लिए वैकल्पित स्थान :

प्रभावित क्षेत्र के निवासियों एवं पचायत के सदस्यों से बात करने से ज्ञात हुआ कि प्रस्तावित क्षेत्र की भूमि फसल उत्पादन के लिए ज्यदा उपजाऊ हैं और इसके साथ परियोजना क्षेत्र मे व्यवसायिक गतिविधियॉ एवं अवास भी प्रभावित हो रहा हैं। इससे क्षेत्र कि आर्थिक स्थिती खराब होगी एवं परियोजना के निर्माण से क्षेत्र में सब्जी उत्पादन में कमी आयेगी। इस प्रभाव से बचने के लिए लोगो ने परियोजना के लिए तीन वैकल्पित सुझााव दिये जो निम्नवत हैं:

क. क्षेत्रवासियों एवं ग्रामीणों के अनुसार इस परियोजना के विस्तार के लिए हवाई अड्डे के पश्चिम से उत्तर कि तरफ सराह कि ओर विस्तार कर सकते हैं, इस क्षेत्र में अबादि कम हैं और खली भूमि का क्षेत्रफल अधिक हैं।

ख. ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों के अनुसार परियोजना के विस्तार के अलावा नये हवाई अड्डे के निर्माण के लिए कांगड़ा तहसील के बोड़क्वालू में वैकल्पिक भूमि का प्रस्ताव दिये है, जो तहसील से लगभग 15 किमी दूरी एवं गगल हवाई अड्डे से लगभग 12 कि0मी0 कि दूरी पर है। प्रस्तावित भूमि से पोंग बांध एवं मसरूर मंदिर लगभग 15 कि0मी0 पर हैं। जो पयर्टन के लिए महत्वपूर्ण हैं और ज्यादातर भूमि बंजर और कम उपजाऊ है और प्रस्तावित क्षेत्र की तुलना में अधिग्रहण से कम लोगों को पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन की सम्भावना है।

ग. ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों के अनुसार परियोजना के लिए तीसरा वैकल्पिक भूमि का प्रस्ताव कांगड़ा तहसील के रैत विकास खण्ड कें लंज क्षेत्र में दिये है, जो गगल हवाई अड्डे से लगभग 23 कि0मी0 कि दूरी पर स्थित है। प्रस्तावित भूमि से पोंग बांध लगभग 5 कि0मी0 एवं मसरूर मंदिर लगभग 3 कि0मी0 पर हैं। जिला हमीरपुर से लगभग 70 कि0मी0 एवं ऊना से लगभग 100 कि0मी0 कि दूरी पर स्थित हें, जो पयर्टन के लिए महत्वपूर्ण भी हैं और वर्तमान प्रस्तावित क्षेत्र की तुलना में अधिग्रहण से कम लोगों को पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन की सम्भावना है।

उपयुक्त स्थिति के अनुसार SIA टीम यह सुझाव देगी कि स्थल चयन के लिए तकनिकी टीम के सुझाव के उपरांत ही परियोजना के लिए उपयुक्त वैकल्पित स्थान का चयन किया जाए।

Proposed site as per current proposal.





bhuvan-app1.nrsc.gov.in/bhuvan2d/bhuvan/bhuvan2d.php#
bhuvan
Indian Geo-Platform of ISRO
Welcome User Login
National Remote Sensing Centre
Bhuvan-2D
Kangra Airport,Kangra District,Himact
Tools | Updates | Bhuvan Store | Link | Help | Bhuvan Collaborators
Map
Satellite
Hybrid
Terrain
More
NH154
Discussion Forum | Send Mail
High Resolution Data(1m) - 28NOV2018
Contact us | Terms
32.17,76.26

bhuvan-app1.nrsc.gov.in/bhuvan2d/bhuvan/bhuvan2d.php#
bhuvan
Indian Geo-Platform of ISRO
Welcome User Login
National Remote Sensing Centre
Bhuvan-2D
Kangra Airport,Kangra District,Himact
Tools | Updates | Bhuvan Store | Link | Help | Bhuvan Collaborators
Map
Satellite
Hybrid
Terrain
More
NH154
Government Senior Secondary School Saneran
Discussion Forum | Send Mail
High Resolution Data(1m) - 28NOV2018
Contact us | Terms
32.16,76.27


bhuvan
Indian Geo-Platform of ISRO
National Remote Sensing Centre
Map | Satellite | Hybrid | Terrain | More
Discussion Forum | Send Mail
High Resolution Data(1m) – 28NOV2018
Contact us | Terms
bhuvan
Indian Geo-Platform of ISRO
National Remote Sensing Centre
Map | Satellite | Hybrid | Terrain | More
Discussion Forum | Send Mail
Contact us | Terms


bhuvan
Indian Geo-Platform of ISRO
National Remote Sensing Centre
Kangra Airport Arrival Terminal
Discussion Forum | Send Mail
High Resolution Data(1m) – 28NOV2018
Contact us | Terms


bhuvan
Indian Geo-Platform of ISRO
National Remote Sensing Centre
Bhuvan
Discussion Forum | Send Mail
High Resolution Data(1m) – 28NOV2018
Contact us | Terms





flightaware.com/resources/airport/VIGG/map/satellite
Browse By State or enter Airport Code: VIGG
Get Airport Information
Map
Satellite
Google
TenderSnackBar....pdf
ATECHNICALPR....pdf
Forms.pdf
FinaldocMP.pdf
3 (2).pdf
Show all

Rachhialu
राछिअलु
Baintlu
बैन्तलु
Patwar office-
Rachiyalu revenue
Patwar circle
Gagal airport
Sanora chowk
Kuthman
Cricket Ground
Kangra
Airport
City Care
Multispeciality Hospital
Google
WNITDVORBwall.pdf
TenderSnackBar....pdf
ATECHNICALPR....pdf
Forms.pdf
FinaldocMP.pdf
Show all



Chrome File Edit View History Bookmarks Profiles Tab Window Help
Wed 15 Mar 2:56 PM
Rachhialu
Baintlu
Patwar office
Rachiyalu revenue
Patwar circle
Gagal airport
Kuthman
Cricket Ground
Temporarily closed
Kangra
Airport
Sanora chowk
City Care
Multispeciality Hospital
Dhauladhar Adventures
2D
Google
Airbus Maxar Technologies
100 m
WNITDVORBwall.pdf
TenderSnackBar....pdf
ATECHNICALPR....pdf
Forms.pdf
FinaldocMP.pdf
Show all

लाद्वारा
Mundla
मुंडला
Kakroh
कक्रोह
Baintlu
बैन्तलू
Bharot
भारोत
Padher
पंढेर
City Care
Multispeciality Hospital...
Keori
कोरी
Gujrehra
गुज्रेहरा
Gagal
गगल
Bhati
भाटी
Dol
डोल
Gaggal
गग्गल
Banwala
बनवाला
दुघ्घर खास
Bheri
भेरी
Chetru
चेत्रू
Bagli
बागली
Tremla
त्रेमला
Kharyada
खर्याडा
Gabli Thehr
गाबली
थेह
Gagal Khas
गगल खास
Masrehr
मस्रेह
Ghana
घाना
Chakban
Bhadyara
चकबन
भदयारा
Saralkar
सरलकर
Ichhi Khas
इछी खास
Patohla
पतोहला
Baras Balkar
बरस बालकर
Ghundi
घुंडी
Mandal
मान्दल
Ansoli
अन्सोली
Jogi Balla
जोगी
बल्ला
Paig
पैग
Balla
बल्ला
Matour
मतौर
Khopa
Tiara
तिअरा
Tiara
Dhagiyari
Chakban Tiara
Perimeter
6,468.86 m
Area
700,361.68 m²
Start new
Google



Alternative site 1



Alternative Site-2





Peer baba lakhdata ji
Bohar Kawalu



Bohar Kawalu kangr Airport
Places
Kangra Airport
Airport in Himachal Pradesh
Kangra Travel Agency - Best Taxi Ser...
Taxi service in Himachal Pradesh
Bohar Kawalu
Village in Himachal Pradesh
Himcabs tour and travel DHM Gagga...
Taxi service in Himachal Pradesh
Naksh Tour and Travel Gaggal Airport
Taxi service in Gaggal, Himachal Pradesh
D.R tour and travels
Taxi service in Himachal Pradesh
Choudhary Tour and Travels
Taxi service in Himachal Pradesh
Pathankot Airport
Airport in India
Bhuntar Airport
Airport in Bhuntar, Himachal Pradesh
Dhauladhar Cab | Taxi Services in Dh...
Taxi service in Kutthman, Himachal Pradesh
Showing results 1 - 10
Distance
10,460.81 m
Done
Kangra Airport
Choudhary Tour and Travels
D.R tour and travels
Naksh Tour and Travel Gaggal Airport
Himcabs tour and travel DHM Gaggal Airport
Chamunda Devi Temple
Kangra Fort
Bohar Kawalu
10,460.81 m

वैकल्पित स्थान : ग्राम बोड़क्वाल

अध्याय–दो

सामाजिक समाघात आंकलन की अध्ययन पद्धति

2.1 परिचय :

भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (भारत का राज पत्र असाधारण भाग–दो, ,खण्ड–एक, 27 सितम्बर 2013) और हिमाचल प्रदेश सामाजिक प्रभाव आकलन नियम, 2015 के अनुसार जब कभी लोक प्रयोजन के लिए भूमि अर्जन करने का आशय हो, वह प्रभावित क्षेत्र में ग्राम स्तर पर या वार्ड स्तर पर, यथास्थित, पंचायत, नगर पालिका या नगर निगम के साथ परामर्श करेगी और उनके परामर्श से ऐसी रीति में और ऐसी तारीख से जो उस सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए, सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन करेगी। अध्याय–2 धारा (4) उपधारा (1) में निर्दिष्ट सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन के अन्तर्गत अन्य मामलों में निम्नलिखित सम्मिलित होगे। अर्थात (क) इस बात का निर्धारण कि क्या प्रस्तावित अर्जन से लोक प्रयोजन पूरा होता है। (ख) प्रभावित परिवारों का और उन परिवारों की संख्या का प्राक्कलन जिनके विस्थापित होने की सम्भावना है। (ग) ऐसी सार्वजनिक और निजी भूमि, भवनों, बन्दोबस्तों और अन्य समान परिसम्पत्तियों की सीमा जिनके प्रस्तावित अर्जन से प्रभावित होने की सम्भावना है। (घ) क्या अर्जन के लिए प्रस्तावित भूमि की सीमा उस परियोजना के लिए पूर्णतया यथार्थ न्यूनतम सीमा तय की गयी है। (च) क्या किसी आनुकल्पिक स्थान पर भूमि का अर्जन किये जाने पर विचार किया गया है, और उसे साध्य नहीं पाया गया है। (छः) परियोजना के सामाजिक समाघातों तथा उनके ठीक करने की प्रकृति और खर्चा तथा इन खर्चो का परियोजना के समग्र, खर्च पर परियोजना के फायदों की तुलना में सामाघात का अध्ययन। इस प्रकार किसी भी सार्वजनिक उद्देश्य हेतु निजी भूस्वामियों की भूमि को अधिग्रहण करने से पूर्व सामाजिक प्रभाव का आंकलन करना आवश्यक किया गया है।

2.2 सामाजिक समाघात अध्ययन की आवश्यकता :

कांगड़ा हवाई अड्डा का विस्तार राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण परियोजना है। हवाई अड्डा के विस्तार हेतु संबंधित जनपद में भूमि की आवश्यकता पड़ रही है। इससे सरकारी तथा निजी दोनो प्रकार की भूमि सम्मिलित है। जिन निजी भू–स्वामियों की भूमि जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध नियमों के तहत अधिग्रहित कर पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग, हिमाचल प्रदेश शासन को हस्तांतरित की जायेगी। इस संबंध में यह भी उल्लेख किया जाना आवश्यकता है कि भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन में उचित मुआवजे और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013, यानी हिमाचल प्रदेश सामाजिक प्रभाव आकलन नियम 2015 (एचपीएसआईए नियम, 2015) के अनुपालन में, किसी भी सार्वजनिक उद्देश्य के लिए अधिग्रहित की जाने वाली भूमि का आकलन करने के लिए सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन करना अनिवार्य कर दिया गया है। तदनुसार, एचआईपीए की निविदा के अनुसार सामाजिक प्रभाव आकलन इकाई, (हिपा) हिमाचल प्रदेश सरकार , एसआर एशिया द्वारा प्रस्तुत सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन पूर्ण किया गया।

2.3 अध्ययन के उद्देश्य :

प्रस्तुत सामाजिक समाघात आंकलन अध्ययन का उद्देश्य हवाई अड्डे के विस्तार हेतु भूमि अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों की सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक स्थिति पर पड़ने वाले प्रभावों तथा उनको होने वाले नुकसान का अभिज्ञान कर इन प्रभावों को कम से कम करने हेतु सुझाव देना है। प्रस्तुत सामाजिक समाघात आंकलन अध्ययन RFCTLARR अधिनियम, 2013 और HP SIA नियम, 2015 के प्रावधानों के अनुसार निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए किया गया ।

• यह आकलन करने के लिए कि क्या प्रस्तावित अधिग्रहण सार्वजनिक उद्देश्य की पूर्ति करता है और परियोजना के लिए अधिग्रहित भूमि न्यूनतम आवश्यक है।

• प्रभावित परिवारों की संख्या और उनमें से उन परिवारों की संख्या का अनुमान लगाने के लिए जिनके आवासीय, व्यावसायिक या दोनों रूप से विस्थापित होने की संभावना है।

• परियोजना के भूमि अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति का आकलन करना।

• सामान्य संपत्ति संसाधनों (सीपीआर), सामाजिक–आर्थिक बुनियादी ढांचे आदि के नुकसान के कारण प्रत्यक्ष रूप से भूमि खोने वाले परिवारों के साथ–साथ अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों दोनों को सामिल करके परियोजना के सामाजिक प्रभावों का अध्ययन करना और कुल लागत पर इन लागतों का प्रभाव और परियोजना के लाभ का आकलन करना।

• यह पता लगाने के लिए कि जहां कम से कम विस्थापन की समस्या है, उस उद्देश्य के लिए किसी वैकल्पिक स्थल पर विचार किया गया है, लेकिन वह स्थल ही परियोजना के लिए उपयुक्त नहीं है।

• सामाजिक प्रभाव प्रबंधन योजना (एसआईएमपी) के माध्यम से उपयुक्त नीतियों और कार्यक्रमों को डिजाइन करके उपचारात्मक हस्तक्षेप उपायों का सुझाव देना।

2.4 अध्ययन पद्धति :

कांगड़ा जिले के कांगड़ा तहसील के दस ग्राम (गगल खास, सन्नौर, ढुगियारी खास, भेड़ी, बाग, बरसवालकड, झिकली इच्छी, मुंगरेहड, सौहाड़ा एंव बल्ला) के 108.4707 हे0 भूमि और शाहपुर तहसील के चार (जुगेहड़, क्योड़ी, भड़ोत एवं रछियालू) ग्रामों के 39.2880 हे0 भूमि हवाई अड्डा विस्तार परियोजना से प्रभावित है, इस प्रकार दोनों तहसील के कुल 147.7587 हे0 भूमि अधिग्रहण से प्रभावित है। एस आर एशिया संस्था की एस.आई.ए.टीम द्वारा सभी ग्रामों के 1446 प्रभावित परिवारों से दिनांक 28 फरवरी से 10 मार्च 2023 तक ग्रामों में लगातार घर –घर जाकर साक्षात्कार करने हेतु मिलने का प्रयास किया गया तथा जो भूस्वामीं ग्राम से बाहर थे उनसे दूरभाष के माध्यम से या परिवार के सदस्यों के माध्यम से साक्षात्कार करने का प्रयास किया

गया। इस सम्बध में यह भी उल्लेख करना आवश्यक होगा कि झकली इच्छी एवं गगल खास पंचायत के लोग साक्षात्कार देने से माना कर दियें। पंचायत के लोगो ने एस.आई.ए.टीम टीम को भी ग्राम के अन्दर साक्षात्कार करने से रोका एवं टीम के लोगों को धमकियॉ भी दी, उनका कहना था कि जब हम लोग को हवाई अड्डा विस्तार के लिए भूमि नहीं देनी हैं तो हम लोग साक्षात्कार क्यों दे। लोगों के अनुसार पिछले कई वर्षों से क्षेत्र में परियोजना से सबंघित कई बार सर्वे का कार्य हुआ हैं। हवाई अड्डा विस्तार से क्षेत्र में बहुत ज्यदा मकान एवं व्यवसाय प्रभावित हो रहा हैं, इसलिए क्षेत्र के लोगों में परियोजना के प्रति काफी रोष हैं और परियोजना के विरोध में हैं। इसलिए लोगों ने साक्षात्कार देने से मना कर दिये। एस.आई.ए के लाभ को SDM एवं ADC कई बैठको के माघ्यम से ग्रामों के परिवारों को बताने का प्रयास किये, परंतु लोगों ने उनकी बात नहीं मानी और साक्षात्कार देने से मना कर दिये। एस आर एशिया संस्था की एस.आई.ए.टीम को कुछ ग्राम के 399 (34.04 प्रतिशत) परिवार के लोगों ने साक्षात्कार दिये, जिसके अघार पर एस.आई.ए.टीम ने प्रभावित ग्रामों के परिवारों का सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक स्थिति को ज्ञात करने का प्रयास किया गया। यह भी उल्लेख करणा अवश्यक हैं कि परिवार के केवल एक सदस्य ने साक्षात्कार दिया, अन्य सदस्य साक्षात्कार देने से मना कर दिये, कुछ परिवार ग्राम से बाहर रहते है एवं अन्य विभिन्न कारणों से 773 परिवारों से साक्षात्कार नही हो पाया। जिसका ग्रामवार विवरण तालिका 2.1 में दिया गया है। इसके अतिरिक्त प्रभावित ग्रामों के सम्बन्ध में विभिन्न स्तरों यथा ग्राम पंचायत तथा तहसील स्तर से आंकडें प्राप्त किये गये। साथ ही प्रभावित ग्रामों मे सामूहिक विचार–विर्मश के आधार पर भी प्राथमिक आंकडे संकलित करने का प्रयास किये गये। इसके अतिरिक्त हवाई अड्डा के विस्तार से संबन्धित ग्राम से विभिन्न हितधारकों से भी विचार–विमर्श कर वांछित जानकारी प्राप्त कर इस सामाजिक सामाघात निर्धारण अध्ययन को पूर्ण किया गया।

तालिका – 2.1

ग्रामवार प्रभावित परिवारों की संख्या

क्रम संख्या	ग्राम का नाम	प्रभावित परिवारों संख्या	साक्षात्कार हुआ	साक्षात्कार नहीं हुआ
	तहसील : शाहपुर			
1	रछियालू	205	75	130
2	भड़ोत	15	5	10
3	क्योड़ी	98	39	59
4	जुगेहड़	91	28	63
	तहसील : कांगड़ा			
5	भेडी	19	15	4
6	ढुगियारी खास	24	17	7
7	सनौर	138	54	84
8	बल्ला	95	61	34
9	सहौड़ा	41	12	29
10	मुंगरेहाड	45	28	17
11	बाग	46	8	38
12	गगल खास	355	57	298
	योग	1172	399 (34.04)	773 (65.96)
13	बरसवालकड	153	0	153
14	झिकली इच्छी	121	0	121

नोट : सूची में नाम बार–बार या दुसरे ग्राम में होने के कारण या एक परिवार के होने के कारण उनका साक्षात्कार केवल एक बार हुआ हैं। बरसवालकड और झकली इच्छी के लोगो ने साक्षात्कार का पूर्ण रूप से विरोध कियें।

2.5 अध्ययन के उपकरण :

अध्ययन के लिए गुणात्मक और मात्रात्मक दोनो तरीकों का मिश्रण किया गया। प्रस्तुत सामाजिक सामाघात आंकलन अध्ययन को पूर्ण करने में निम्नलिखित उपकरणों का उपयोग किया गया।

7. डेस्क समीक्षा
8. स्थल भ्रमण
9. ग्राम स्तरीय प्रोफॉर्मा
10. प्रभावित परिवारों हेतु अनुसची,
11. भागीदारी ग्रामीण मूल्यांकन (पीआरए)
12. सामूहिक विचार विमर्श हेतु निर्देशक प्रसंग तथा

7 डेटा विश्लेषण और प्रतिवेदन लेखन

डेस्क समीक्षा :

अध्ययन के दौरान RFCTLARR अधिनियम 2013, उपलब्ध प्रतिवेदन, परियोजना से संबंधित दस्तावेज और राजस्व और भूमि सुधार विभाग से रिकॉर्ड, और नक्शे सहित साहित्य, भूमि मालिकों का विवरण आदि की समीक्षा की गई। यह पीएएफ की सामाजिक–सांस्कृतिक और आर्थिक स्थिति, परियोजना के प्रभाव के परिमाण और परियोजना के नकारात्मक प्रभावों को कम करने के लिए किए जा सकने वाले उपायों को समझने के लिए किया गया था। डेस्क समीक्षा ने प्राथमिक आकडा संग्रह के लिए उपकरण विकसित करने में भी मदद करेगा।

स्थल भ्रमण :

परियोजना की भूमि और भूमि उपयोग पर संसाधनों का स्वतंत्र मूल्यांकन करने के लिए परियोजना टीम ने उस भूमि का भौतिक रूप से दौरा किया जिसे अधिग्रहित किया जाना था। इससे संभावित प्रभावों का आकलन करने में भी मदद मिलेगी।

ग्राम सर्वेक्षण प्रश्नावली :

प्रभावित ग्रामों की सामाजिक–आर्थिक रूपरेखा और परियोजना के प्रभावों की सभी श्रेणियों को समझने के लिए एक ऑफलाइन प्रश्नावली तैयार की गई। आँकड़ा संग्रह के उद्देश्य से ऑफलाइन प्रश्नावली का उपयोग किया गया था, जबकि आँकड़ा सारणीकरण और आँकड़ा विश्लेषण उद्देश्य के लिए ऑनलाइन प्रश्नावली का उपयोग किया गया था। अधिनियम के प्रावधान के अनुसार आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रश्नावलियों में खुले और बंद दोनों प्रकार के प्रश्न शामिल थे। प्रश्नावली का नमूना प्रतिवेदन में संलग्न है। साथ ही, समुदाय के मुद्दों को समझने के लिए साइट के दौरे और प्रश्नावली सर्वेक्षण के दौरान परियोजना प्रभावित परिवारों के साथ केंद्रित समूह चर्चाएँ आयोजित की गईं। एसआईएमपी (सोशल इंपैक्ट मैनेजमेंट प्लान) को समग्र दृष्टिकोण देने के लिए इनका और विश्लेषण किया गया।

व्यक्तिगत सर्वेक्षण प्रश्नावली :

प्रभावित परिवारों की सामाजिक–आर्थिक रूपरेखा और परियोजना के प्रभावों की सभी श्रेणियों को समझने के लिए एक प्रश्नावली तैयार की गई। ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों तरह की प्रश्नावली (जोहो सर्वे से तैयार) तैयार की गईं। आँकड़ा संग्रह के उद्देश्य से ऑफलाइन प्रश्नावली का उपयोग किया गया था, जबकि तालिका बनाने और आँकड़ा विश्लेषण के उद्देश्य के लिए ऑनलाइन प्रश्नावली का उपयोग किया गया था। अधिनियम के प्रावधान के अनुसार आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रश्नावलियों में खुले और बंद दोनों प्रकार के प्रश्न शामिल थे। साथ ही, समुदाय के मुद्दों को समझने के लिए साइट के दौरे और प्रश्नावली सर्वेक्षण के दौरान परियोजना प्रभावित परिवारों के साथ केंद्रित समूह चर्चाएँ आयोजित की गईं। एसआईएमपी (सोशल इंपैक्ट मैनेजमेंट प्लान) को समग्र दृष्टिकोण देने के लिए इनका और विश्लेषण किया गया।

भागीदारी ग्रामीण मूल्यांकन (पीआरए) :

पीआरए गतिविधि परियोजना प्रभावित परिवारों के संसाधनों और सामुदायिक रूपरेखा का मानचित्रण करने के लिए की गई थी। समुदाय और गांवों के सामाजिक–राजनीतिक प्रोफाइल का विस्तृत मूल्यांकन सामाजिक–आर्थिक प्रोफाइल पर अध्याय में दिया गया है।

सामूहिक विचार विमर्श हेतु निर्देशक प्रसंग :

स्थिति को गहराई से समझने के लिए परियोजना प्रभावित परिवारों, पंचायत सदस्यों, सरकारी अधिकारियों आदि हितधारकों के साथ सामूहिक विचार विमर्श आयोजित किया गया। परियोजना स्थल के मानचित्र और अन्य संबंधित दस्तावेज तहसील कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए थे। इन दस्तावेजों का उपयोग भूमि के बारे में विवरण, उस भूमि को प्राप्त करने की आवश्यकता, परियोजना से गाँव को होने वाले लाभों और हितधारकों पर इसके प्रभाव को समझने के लिए किया गया था। आयोजित चर्चाओं का विवरण रिपोर्ट के निम्नलिखित अध्याय में उल्लिखित है।

आंकडे विश्लेषण और प्रतिवेदन लेखन :

प्रभावित आबादी पर प्रासंगिक आधारभूत जानकारी का सारांश प्रदान करने के लिए व्यक्तिगत प्रश्नावली और सार्वजनिक परामर्श के माध्यम से एकत्र किए गए आँकड़ों का विश्लेषण किया गया था। परियोजना प्रभाव की सभी श्रेणियां जिनमें लोगों और सामान्य पर्यावरण पर भौतिक और आर्थिक प्रकृति का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रभाव शामिल है। जन सुनवाई पूरी होने के बाद अंतिम रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी जाती है। प्राथमिक और द्वितीयक रिकॉर्ड अनुसंधान के माध्यम से एकत्र किए गए सभी आंकडे को प्रतिवेदन के रूप में संकलित और विश्लेषित किया गया था।

2.6 टीम संयोजन :

इस सामाजिक सामाघात निर्धारण अध्ययन को एस आर एशिया संस्था गाजियाबाद के निम्नलिखित स्टाफ द्वारा पूर्ण किया गया।

क्र0सं0	नाम	पद	अनुभव
1	श्री बीरेंद्र रतूड़ी	विशेषज्ञ सलाहकार	25
2	श्री अजय कुमार सिंह	परियोजना प्रमुख और रिसर्च एसोसिएट	24
3	सुश्री तरनजीत कौर	संचार प्रबंधक	10
4	सुश्री रमीन अंजुम	रसर्च एसोसिएट	4
5	सुश्री स्नेहा रतूड़ी	शोध सहायक	2
6	श्री आकाश रतूड़	शोध सहायक	2
7	श्री रवीन्द्र कुमार	शोध सहायक	3
8	सुश्री भावना	अनुसंधान सहायक	2
9	सुश्री निरूपमा	अनुसंधान अन्वेषक	2
10	सुश्री सुनिता देवी	अनुसंधान अन्वेषक	2
11	सुश्री निकीता ठाकुर	अनुसंधान अन्वेषक	2

क्र0सं0	नाम	पद	अनुभव
12	श्री निशांत	अनुसंधान अन्वेषक	2
13	श्री मोनिम इमाम	अनुसंधान अन्वेषक	2
14	श्री राज कुमार	अनुसंधान अन्वेषक	3
15	श्री करतार सिंह	अनुसंधान अन्वेषक	2
16	श्री कुनजंग लमहु	अनुसंधान अन्वेषक	2
17	सुश्री रविन्द्रा नेगी	अनुसंधान अन्वेषक	3

2.7 समय विवरण :

क्र0सं0	विवरण	सप्ताह					
		1	2	3	4	5	6
1	टीम का गठन						
2	डेस्क अनुसुधान						
3	कार्य योजना फील्ड						
4	टीम का प्रशिक्षण						
5	हितधारक के साथ बैठक						
6	स्थल भ्रमण						
7	प्रश्नावाली सर्वेक्षण						
8	आंकडे विशलेषण						
9	प्रतिवेदन लेखन						
10	आलेख्य प्रतिवेदन प्रस्तुत करना						
11	सार्वजनिक सुनवाई						
12	अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत करना						

2.8 जन सुनवाई

RFCTLARR अधिनियम 2013 की धारा 5 में परिकल्पना की गई है कि जब भी सामाजिक सामाघात निर्धारण अध्ययन आयोजित करने की आवश्यकता होती है, सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि प्रभावित क्षेत्रों में एक जन सुनवाई आयोजित की जाए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रभावित परिवारों के विचार रिकॉर्ड किए गए हैं और सामाजिक सामाघात निर्धारण अध्ययन प्रतिवेदन में शामिल किए गए हैं। एसआर एशिया के आलेख्य प्रतिवेदन प्रस्तुत करने और विज्ञापन देने के बाद जन सुनवाई का आयोजन किया जायेगा।

अध्याय–तीन

भूमि आंकलन

किसी भी प्रकार के निर्माण/विस्तार कार्य के लिए भूमि सबसे महत्वपूर्ण संसाधन होता है। विशेष रूप से हवाई अड्डा निर्माण/विस्तार हेतु प्रचुर मात्रा में भूमि उपलब्ध होनी चाहिए। जैसा कि पूर्व में कहा गया है, जनपद कांगड़ा के कांगड़ा तहसील के दस ग्रामों और शाहपुर तहसील के चार ग्रामों में हवाई अड्डा के विस्तार के लिए रेखाकंन किया गया है।

3.1 परियोजना के अन्तर्गत वांछित भूमि आदि का विवरण :

परियोजना के अन्तर्गत वाँछित भूमि, ग्रामों की संख्या एवं जनपद में हवाई अड्डा विस्तार का विवरण तालिका 3.1 में दर्शाया गया है। तालिका के अवलोकन से ज्ञात होता है कि जनपद कांगड़ा के प्रभावित शाहपुर और कांगड़ा तहसील के 14 ग्रामों में हवाई अड्डा के विस्तार के अन्तर्गत कुल 147.7587 हेक्टेयर भूमि प्रभावित हो रही है जिसमें से 25.1064 हे0 (16.99 प्रतिशत) भूमि सरकारी है शेष (83.02 प्रतिशत) 122.6623 हे0 भूमि निजी कृषकों की है। हमारे संस्था द्वारा 147.7587 हे0 भूमि का सामाजिक समाघात आंकलन किया गया है।

तालिका–3.1
तहसीलवार परियोजना के अन्तर्गत वांछित भूमि आदि का विवरण

क्र0सं0	विवरण	संख्या/क्षेत्रफल (हे0)		
		शाहपुर	कांगड़ा	योग
1	संरेखण के अन्तर्गत प्रभावित भूमि	39.2880 (100.0)	108.4707 (100.0)	147.7587 (100.0)
2	सरकारी भूमि	3.8878 (9.90)	21.2186 (19.56)	25.1064 (16.99)
3	निजी भूमि	35.4102 (90.13)	87.2521 (80.44)	122.6623 (83.02)
4	सामाजिक समाघात आंकलन हेतु भूमि	39.2880 (100.0)	108.4707 (100.0)	147.7587 (100.0)
कुल ग्रामों की संख्या		4	10	14

स्रोतः कार्यालय तहसील



3.2 तहसीलवार अर्जन की जाने वाली भूमि का विवरण :

इस सम्बन्ध में यह भी उल्लेख करना आवश्यक होगा कि जनपद कांगड़ा में भूमि अधिग्रहण के फलस्वरूप प्रभावित/सामाजिक समाघात हेतु प्रस्तावित कुल 14 ग्राम है। इस प्रकार शाहपुर तहसील के 4 ग्रामों में 39.2880 हे0 (26.59 प्रतिशत) और कांगडा तहसील के 10 ग्रामों में 108.4707 हे0 (73.41 प्रतिशत) भूमि अर्जन किया जाना प्रस्तावित है।

तालिका–3.2

परियोजना के अन्तर्गत तहसीलवार अर्जन की जाने वाली भूमि का विवरण

क्र0सं0	तहसील का नाम	गाँव की सं0	क्षेत्रफल (हे0)
1	शाहपुर	04	39.2880 (26.59)
2	कांगड़ा	10	108.4707 (73.41)
3	कुल	14	147.7587 (100.0)

स्रोतः कार्यालय तहसील



3.3 ग्रामवार अर्जन की जाने वाली भूमि का विवरण :

इस सम्बन्ध में यह भी उल्लेख करना आवश्यक होगा कि जनपद कांगड़ा में भूमि अधिग्रहण के फलस्वरूप प्रभावित/सामाजिक समाघात हेतु प्रस्तावित कुल 14 ग्रामों की भूमि है। जिसमें 83.02 प्रतिशत भूमि निजी एवं 16.99 प्रतिशत भूमि सरकारी हैं। ग्रामवार सरकारी एवं निजी भूमि का क्षेत्रफल तालिका–3.3 में दिया गया है।

तालिका–3.3

परियोजना के अन्तर्गत ग्रामवार अर्जन की जाने वाली भूमि का विवरण

(भूमि हे0 में)

क्र0 सं0	ग्राम का नाम	संरेखण के अन्तर्गत प्रभावित भूमि	सरकारी भूमि	निजी भूमि
1	रछियालू	29.4354 (100)	2.7228 (9.25)	26.7126 (90.75)
2	भड़ोत	0.2058 (100)	0.0836 (40.62)	0.1222 (59.38)
3	क्योड़ी	6.2895 (100)	0.2253 (3.58)	6.0642 (96.42)
4	जुगेहड़	3.3673 (100)	0.8461 (25.12)	2.5112 (74.58)
शाहपुर तहसील		39.2880 (100)	3.8778 (9.90)	35.4102 (90.12)
5	भेडी	3.5124 (100)	0.3191 (9.08)	3.1933 (90.92)
6	ढुगियारी खास	1.1998 (100)	0.0488 (4.07)	1.151 (95.93)
7	सनौर	12.0366 (100)	2.7301 (22.68)	9.3065 (77.32)

8	गगल खास	29.7536 (100)	9.9469 (33.43)	19.8067 (66.57)
9	झिकली इच्छी	17.744 (100)	3.1929 (17.99)	14.5511 (82.01)
10	सहौड़ा	3.5118 (100)	0.5179 (14.75)	2.9939 (85.25)
11	मुंगरेहाड़	2.8358 (100)	0.4031 (14.21)	2.4327 (85.79)
12	बाग	5.0211 (100)	0.4715 (9.39)	4.5496 (90.61)
13	बरसवालकड़	25.2331 (100)	3.1112 (12.33)	22.1219 (87.67)
14	बल्ला	7.6225 (100)	0.4771 (6.26)	7.1454 (93.74)
कांगड़ा तहसील		108.4707 (100)	21.2186 (19.56)	87.2521 (80.44)
योग		147.7587 (100)	25.1064 (16.99)	122.6623 (83.02)

स्रोतः कार्यालय तहसील



परियोजना के अन्तर्गत ग्रामवार अर्जन की जाने वाली खसरो की संख्या एवं भूमि का विवरण तालिका 3.4 में दिया गया हैं। तालिक से ज्ञात होता हैं कि इन चौदह ग्राम में से सबसे ज्यदा 764 खसरा गगल खास एवं 13 खसरा भड़ोत ग्राम के हैं। क्षेत्रफलवार भी कुल क्षेत्रफल का 20.14 प्रतिशत गगल खास के एवं 0.14 प्रतिशत भूमि भड़ोत ग्राम का हैं। ग्रामवार अर्जन की जाने वाली खसरो की संख्या एवं भूमि का विवरण तालिका में दिया गया हैं।

तालिका–3.4

परियोजना के अन्तर्गत ग्रामवार अर्जन की जाने वाली खसरो की संख्या एवं भूमि का विवरण

(भूमि हे0 में)

क्र0 सं0	ग्राम का नाम	संरेखण के अन्तर्गत प्रभावित भूमि		सरकारी भूमि		निजी भूमि	
		भूमि	खसरा संख्या	भूमि	खसरा संख्या	भूमि	खसरा संख्या
1	रछियालू	29.4354 (19.92) (74.92)	644	2.7228 (70.03)	42	26.7126 (75.44)	602
2	भड़ोत	0.2058 (0.14) (0.52)	13	0.0836 (2.15)	3	0.1222 (0.35)	10
3	क्योड़ी	6.2895 (4.26) (16.01)	147	0.2253 (5.79)	7	6.0642 (17.13)	140
4	जुगेहड़	3.3673 (2.28) (8.57)	69	0.8561 (22.02)	6	2.5112 (7.09)	63
शाहपुर तहसील		39.2880 (100)	873	3.8878 (100)	58	35.4102 (100)	815
5	भेडी	3.5124 (2.38) (3.24)	55	0.3191 (1.50)	9	3.1933 (3.66)	46
6	ढुगियारी खास	1.1998 (0.81) (1.11)	44	0.0488 (0.23)	2	1.151 (1.32)	42
7	सनौर	12.0366 (8.15) (11.10)	273	2.7301 (12.87)	39	9.3065 (10.67)	234
8	गगल खास	29.7536 (20.14) (27.43)	764	9.9469 (46.88)	213	19.8067 (22.70)	551
9	झिकली इच्छी	17.744 (12.01) (16.35)	382	3.1929 (15.05)	53	14.5511 (16.68)	329
10	सहौड़ा	3.5118 (2.38) (3.24)	64	0.5179 (2.44)	17	2.9939 (3.43)	47
11	मुंगरेहाड़	2.8358 (1.92) (2.61)	55	0.4031 (1.90)	9	2.4327 (2.79)	46
12	बाग	5.0211 (3.40) (4.63)	93	0.4715 (2.22)	7	4.5496 (5.21)	86
13	बरसवालकड़	25.2331 (17.08) (23.26)	463	3.1112 (14.66)	83	22.1219 (25.34)	380
14	बल्ला	7.6225 (5.16) (7.03)	156	0.4771 (2.25)	24	7.1454 (8.19)	132
कांगड़ा तहसील		108.4707 (100)	2349	21.2186 (100)	456	87.2521 (100)	1893
योग		147.7587 (100.0)	3222	25.1064	514	122.6623	2708

स्रोत : कार्यालय तहसील ,



3.4 भूमि का प्रकार

इस परियोजना के अन्तर्गत अधिग्रहित की जाने वाली भूमि कृषि, गैर–कृषि और व्यावसायिक भूमि है। भूमि सरकारी और निजी दोनों प्रकार की हैं।

3.5 भूमि का उपयोग :

पीएफ के साथ चर्चा के दौरान, यह पाया गया कि परियोजना स्थाल कि अधिकतम भूमि पर कृषि का कार्य होता हैं। इसके अतरिक्त गैर–कृषि, अवासिये, वाणिज्यिक और अन्य सरकारी प्रतिष्ठान भी हैं।

अध्याय–चार

प्रभावित ग्रामों की सामाजिक एवं आर्थिक रूपरेखा

जैसा कि पूर्व अध्यायों में वर्णित किया गया है, कि जनपद कांगड़ा के तहसील शाहपुर और कांगड़ा के चौदह ग्राम हवाई अड्डा विस्तार परियोजना के अन्तर्गत भूमि अधिग्रहण से प्रभावित है। भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शित अधिनियम 2013 एवं 2015 के अनुसार भूमि अधिग्रहण से पूर्व प्रभावित ग्रामों तथा भूस्वामियों के सबन्ध में सामाजिक समाघात आंकलन किया जाना अनिवार्य किया गया है। इस प्रकिया में प्रभावित ग्रामों की सामाजिक, आर्थिक विशेषताओं एवं रूपरेखा का विवरण अध्याय में प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।

4.1 ग्रामों की अवस्थिति :

प्रभावित ग्रामों की अवस्थिति का विवरण तालिका 4.1 में प्रस्तुत किया गया है। स्पष्ट है कि प्रभावित सभी ग्राम विकास खण्ड से 5 से 10 कि0मी0 तक के दूरी तक हैं। तहसील से दस ग्राम 5 से 10 कि0मी0 तथा चार ग्राम 10 से 15 कि0मी0 कि दूरी पर स्थित है। अन्य विभिन्न प्रशासनिक संस्थाओं से प्रभावित ग्रामों की दूरी 0 से 10 कि0मी0 तक हैं जिसका विवरण तालिका 4.1 में दिया गया हैं।

तालिका : 4.1

विभिन्न प्रशासनिक संस्थाओं से दूरी के अनुसार प्रभावित ग्रामों की संख्या

क्र0 सं0	संस्था का नाम	दूरी (कि.मी.)				
		0 कि.मी.	5.0 कि. मी.तक	5.1 से 10.0 कि.मी.	10.01 से 15.00 कि. मी.	15.01 कि. मी.से अधिक
1	विकास खण्ड से दूरी (कि.मी.)	0	0	14 (100.0)	0	0
2	तहसील मुख्यालय से दूरी (कि.मी.)	0	0	10 (71.43)	4 (28.57)	0
3	जनपद मुख्यालय से दूरी (कि.मी.)	0	0	0	14 (100.0)	0

4	नजदीकी बस स्टेशन से दूरी (कि.मी.)	5 (35.71)	9 (64.29)	0	0	0
5	नजदीकी रेलवे स्टेशन से दूरी (कि.मी.)	0	0	14 (100.0)	0	0
6	राजमार्ग से दूरी (कि.मी.)	5 (35.71)	9 (64.29)	0	0	0
7	पुलिस स्टेशन से दूरी (कि.मी.)	1 (7.14)	13 (92.86)	0	0	0
कुल ग्रामों की संख्या		14 (100.0)				

स्रोत : प्राथमिक आंकड़ें

4.2 जनांकिकी स्थिति एवं श्रेणी :

प्रभावित तहसील के प्रभावित ग्रामों की जनसंख्या का विवरण तालिका 4.2 में दिया गया है। स्पष्ट है कि सभी प्रभावित ग्रामों में कुल जनसंख्या में पुरूषों का 50.27 प्रतिशत एवं महिलाओं का 49.73 प्रतिशत है। अनुसुचित जाति की जनसंख्या कुल जनसंख्या का 7.93 प्रतिशत हैं। जबकि पुरूष 7.64 प्रतिशत एवं महिला 7.70 प्रतिशत कुल पुरूष एवं महिला जनसंख्या का हैं। अनुसुचित जन जाति की जनसंख्या कुल जनसंख्या का 1.64 प्रतिशत हैं। जबकि पुरूष 1.70 प्रतिशत एवं महिला 1.57 प्रतिशत कुल पुरूष एवं महिला जनसंख्या का हैं। इसी प्रकार मुख्य कर्मकर की संख्या कुल जनसंख्या का 43.33 प्रतिशत हैं। जबकि पुरूष 53.23 प्रतिशत एवं महिला 33.32 प्रतिशत कुल पुरूष एवं महिला जनसंख्या का हैं। तहसीलवार पुरूषों, महिलाओं एव अनुसुचित जाति/जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशत तालिका में दर्शाया गया है।

तालिका : 4.2

प्रभावित तहसील के प्रभावित ग्रामों के परिवारों की जनसंख्यिकीय स्थिति

क्र0 सं0	विवरण	शाहपुर	कांगड़ा	योग
1	कुल	1606 (100.0)	9933 (100.0)	11539 (100.0)
1.1	पुरूष	769 (47.88)	5032 (50.27)	5801 (50.27)
1.2	महिला	837 (52.11)	4901 (49.73)	5738 (49.73)
2	अनुसुचित जाति	258 (16.06)	657 (6.61)	915 (7.93)
2.1	पुरूष	121 (15.73)	322 (6.39)	443 (7.64)
2.2	महिला	137 (16.36)	305 (6.22)	442 (7.70)

3	अनुसुचित जन जाति	79 (4.92)	110 (1.11)	189 (1.64)
3.1	पुरूष	42 (5.46)	57 (1.13)	99 (1.70)
3.2	महिला	37 (4.42)	53 (1.08)	90 (1.57)
4	**परिवारों कि संख्या**	384	2140	2524
5	**साक्षरता दर**	86 %	78 %	79%
6	मुख्य कर्मकर	588 (36.61)	4412 (44.41)	5000 (43.33)
6.1	पुरूष	395 (51.37)	2693 (53.52)	2693 (53.23)
6.2	महिला	193 (23.06)	1719 (35.07)	1719 (33.32)

स्रोत : जनगणना 2011



4.3 आर्थिक संस्थाओं की उपलब्धता :

वाणिज्यिक/ग्रामीण बैंकों, सहकारी बैंकों, सहकारी क्रय–विक्रय/ऋण समिति, दैनिक बाजार, साप्ताहिक बाजार, सब्जी/गल्ला मंडी, सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान, खाद–बीज गोदाम एवं कृषि यंत्र स्टोर की सुविधाओं के सम्बन्ध में प्रस्थिति को तालिका 4.3 में दर्शाया गया है। विचाराधीन सुविधाओं के सम्बन्ध में तालिका से ज्ञात होता हैं कि सब्जी/गल्ला मंडी, गेहूं,

धान क्रय केन्द्र और कोल्ड स्टोरेज के अलावा सभी उपलब्धता सुविधाएँ 0 से 5 कि.मी. की दूरी पर स्थित हैं।

तालिका : 4.3

आर्थिक संस्थाओं की उपलब्धता व दूरी (कि.मी.)

क्र0 सं0	संस्था का नाम	गाँव में	5 कि.मी.	5–10 कि.मी.	10 कि.मी. से अधिक
1	वाणिज्यिक/ग्रामीण बैंक	2 (14.29)	12 (85.71)	0	0
2	सहकारी बैंक	1 (7.14)	13 (92.86)	0	0
3	सहकारी क्रय विक्रय/ऋण समिति	1 (7.14)	13 (92.86)	0	0
4	दैनिक बाजार/साप्ताहिक बाजार	3 (21.43)	11 (78.57)	0	0
5	सब्जी/गल्ला मंडी	0	0	14 (100.0)	0
6	सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान	10 (71.43)	4(28.57)	0	0
7	खाद/बीज गोदाम	3 (21.43)	11 (78.57)	0	0
8	कृषि यंत्र स्टोर	3 (21.43)	11 (78.57)	0	0
9	गेहूं धान क्रय केन्द्र	0	0	0	14 (100.0)
10	कोल्ड स्टोरेज	0	0	0	14 (100.0)
	कुल ग्रामों की संख्या	14(100.00)			

स्रोत : प्राथमिक आंकड़ें

4.4 सामाजिक/धार्मिक स्थल :

प्रभावित ग्रामों में सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं/स्थलों की उपलब्धता अथवा उपलब्ध न होने की स्थिति में दूरी का विवरण तालिका 4.4 में दिया गया है। स्पष्ट है कि प्रभावित सभी ग्रामों मे मंदिर स्थित हैं, जबकि 10 ग्राम में खेल का मैदान, 5 ग्राम में मेला स्थल, 2 ग्राम में पुरूषों एवं महिलाओं हेतु सार्वजनिक शौचालय, ग्यारह ग्राम में शमशान/कब्रिस्तान स्थित हैं। शेष ग्राम एवं सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं/स्थलों जैसे कि पुरूषों/महिलाओं हेतु सार्वजनिक शौचालय, मस्जिद, गुरूद्वारा, खेल का मैदान तथा मेला स्थल की दूरी ग्राम से 5 कि0मी0 के अन्तर्गत हैं। गिरिजाघर एवं मस्जिद की दूरी प्रभावित ग्रामों से 5 से 10 कि0मी0 तक है।

तालिका : 4.4

सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक संस्थाओं की उपलब्धता (दूरी कि.मी. में)

क्र0 सं0	संस्था/स्थल	गाँव में	2 कि.मी. तक	2–5 कि.मी.	5–10 कि.मी.	10 कि.मी. से अधिक
1	मंदिर	14 (100.0)	0	0	0	0
2	मस्जिद	0	0	0	14 (100.0)	0
3	गिरिजाघर	0	0	0	14 (100.0)	0
4	गुरूद्वारा	0	5 (35.71)	5 (35.71)	4 (28.57)	0
5	खेल का मैदान	10 (71.43)	4 (28.57)	0	0	0
6	मेला स्थल	5 (35.71)	9 (64.29)	0	0	0
7	पुरूष–सार्वजनिक शौचालय	2 (14.29)	10 (71.43)	2 (14.29)	0	0
8	महिला–सार्वजनिक शौचालय	2 (14.29)	10 (71.43)	2 (14.29)	0	0
9	शमशान/ कब्रिस्तान	11 (78.57)	3 (21.43)	0	0	0
कुल ग्रामों की संख्या		14 (100.0)				

स्रोत : प्राथमिक आंकड़ें

4.5 राजनैतिक, प्रशासनिक संस्थाऐं :

प्रभावित ग्रामों में राजनैतिक, प्रशासनिक एवं सार्वजनिक संस्थाओं की उपलब्धता तथा उपलब्ध न होने की स्थिति में दूरी का विवरण तालिका 4.5 में दिया गया है। स्पष्ट है कि प्रभावित सात ग्रामों में पंचायत भवन स्थित है, दो ग्राम में स्वैच्छिक संस्थाऐं,एक ग्राम में राजनैतिक दलों के कार्यालय, सात ग्राम में डाकघर एवं एक ग्राम में पुलिस स्टेशन स्थित हैं। शेष प्रभावित ग्रामों में से राजनैतिक, प्रशासनिक एवं सार्वजनिक संस्थाओं की उपलब्धता की दूरी 2 से 4 कि0मी0 तक स्थित हैं, जिसका विवरण तालिका में दिया गया हैं।

तालिका : 4.5

राजनैतिक/प्रशासनिक एवं सार्वजनिक संस्थाओं की उपलब्धता

दूरी (कि.मी.)

क्रम सं०	संस्था/स्थल	गाँव में	2 कि.मी.	2–4 कि.मी.	4–6 कि.मी.	6–10 कि.मी.	10 कि.मी. से अधिक
01	पंचायत घर	7 (50.00)	7 (50.00)	0	0	0	0
02	स्वैच्छिक संस्थाऐं	2 (14.29)	5 (35.71)	7 (50.00)	0	0	0
03	राजनैतिक दलों के कार्यालय	1 (7.14)	10 (71.43)	3 (21.43)	0	0	0
04	डाकघर	7 (50.00)	7 (50.00)	0	0	0	0
05	पुलिस स्टेशन	1 (7.14)	10 (71.43)	3 (21.43)	0	0	0
कुल ग्रामों की संख्या		14 (100.00)					

स्रोत : प्राथमिक आंकड़ें

4.6 शिक्षण संस्थाऐ :

प्रभावित ग्रामों में शिक्षण संस्थाओं की उपलब्धता का विवरण तालिका 4.6 में दिया गया है। स्पष्ट है कि प्रभावित आठ ग्रामों में प्राइमरी स्कूल, सात ग्राम में उच्च प्राइमरी स्कूल, दो ग्राम में हाईस्कूल एवं इण्टर कालेज, एक ग्राम में डिग्री कालेज एवं आई0 टी0 आई0 और पॉच ग्राम में अंग्रेजी माध्यम के स्कूल उपलब्ध है। शेष ग्रामों में शिक्षण संस्थाओं की उपलब्धता व दूरी तालिका में दर्शाया गया हैं ।

तालिका : 4.6
शिक्षण संस्थाओं की उपलब्धता व दूरी (कि.मी. में)

क्रम सं०	स्कूल/कालेज	गाँव में	2 कि.मी.	2–4 कि.मी.	4–6 कि.मी.	6 कि.मी. से अधिक
01	प्राइमरी स्कूल	8 (57.14)	6 (42.86)	0	0	0
02	उच्च प्राइमरी स्कूल	7 (50.00)	7 (50.00)	0	0	0
03	मदरसा	0	0	0	0	14 (100.0)
04	हाईस्कूल	2 (14.29)	10 (71.43)	2 (14.29)	0	0
05	इण्टर कालेज	2 (14.29)	10 (71.43)	2 (14.29)	0	0
06	डिग्री कालेज	1 (7.14)	6 (42.86)	7 (50.00)	0	0
07	आई0 टी0 आई0	1 (7.14)	5 (35.71)	6 (42.86)	2 (14.29)	0
08	अंग्रेजी माध्यम के स्कूल	5 (35.71)	7 (50.00)	2 (14.29)	0	0
कुल ग्रामों की संख्या		14(100.00)				

स्रोत : प्राथमिक आंकड़ें

4.7 स्वास्थ्य सेवाऐ :

हवाई अड्डा के विस्तार हेतु भूमि अधिग्रहण से प्रभावित ग्रामों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता का विवरण तालिका 4.7 में दिया गया है। प्रभावित सभी ग्रामों में आंगनवाड़ी केन्द्र उपलब्ध है। जबकि सात ग्राम में ए0एन0एम0 केन्द्र, तीन ग्राम में स्वास्थ्य उपकेन्द्र, ऐलोपैथीक चिकित्सा, होमियोपैथी चिकित्सा, दो ग्राम में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, आयुर्वेदिक चिकित्सा और बारह ग्रामों में झोलाछाप डाक्टर अवस्थित है। प्रभावित शेष ग्रामों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्ध 6 कि.मी. तक है।

तालिका : 4.7
स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता व दूरी (कि.मी. में)

क्रम सं०	सेवा	गाँव में	2 कि.मी.	2–4 कि.मी.	4–6 कि.मी.	6 कि.मी. से अधिक
01	आंगनबाडी केन्द्र	14 (100.0)	0	0	0	0
02	ए0एन0एम0 केन्द्र	7 (50.00)	7 (50.00)	0	0	0
03	स्वास्थ्य उपकेन्द्र	3 (21.43)	5 (35.71)	6 (42.86)	0	0
04	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र	2 (14.29)	5 (35.71)	4 (28.57)	3 (21.43)	0
5.1	ऐलोपैथीक चिकित्सा	3 (21.43)	7 (50.00)	4 (28.57)	0	0
5.2	होमियोपैथी चिकित्सा	3 (21.43)	7 (50.00)	4 (28.57)	0	0
5.3	आयुर्वेदिक चिकित्सा	2 (14.29)	7 (50.00)	5 (35.71)	0	0
5.4	झोलाछाप डाक्टर	12 (85.71)	2 (14.29)	0	0	0
कुलग्रामों की संख्या		14 (100.0)				

स्रोत : प्राथमिक आंकड़ें

4.8 पशु चिकित्सा सेवाऐ :

प्रभावित तीन ग्राम में पशु चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता हैं। जबकि शेष ग्यारह ग्रामों से पशु चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता एक कि.मी. से चार कि0मी0 की दूरी. तक है। जैसा कि तालिका 4.8 में दिया गया है।

तालिका : 4.8

पशु चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता व दूरी कि.मी.

क्रम सं०	सेवा में	ग्राम मे.	2–4 कि.मी.	4–6 कि. मी.	6–8 कि.मी.	8 कि.मी. से अधिक
01	कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र	3 (21.43)	11 (78.57)	0	0	0
02	पैरावेट	3 (21.43)	11 (78.57)	0	0	0
03	पशु चिकित्सालय	3 (21.43)	11 (78.57)	0	0	0
कुल ग्रामों की संख्या		14 (100.0)				

स्रोत : प्राथमिक आंकड़ें

4.9 विद्युत कनेक्शन :

प्रभावित ग्रामों में विद्युत कनेक्शन के प्रकार का विवरण तालिका 4.9 में दिया गया है। प्रभावित सभी अबाद ग्राम विद्युतीकृत हैं। शत प्रतिशत अबाद ग्रामों में घरेलू बत्ती/पंखा ु विद्युत कनेक्शन तथा 9 ग्राम में औद्योगिक कार्य हेतु औद्योगिक कनेक्शन उपलब्धता है।

तालिका–4.9

विद्युत कनेक्शन की उपलब्धता

क्रम सं०	विवरण	शाहपुर	कांगड़ा	योग
01	घरेलू कनेक्शन	04 (100.00)	10(100.00)	14 (100.0)
02	कृषि कनेक्शन	0 (100.00)	0(100.00)	0 (0.0)
03	औद्योगिक कनेक्शन	2 (50.00)	7 (70.00)	9 (64.29)
कुल ग्रामों की संख्या		4(100.00)	10(100.00)	14(100.00)

स्रोत : प्राथमिक आंकड़ें

4.10 पेयजल स्रोत :

प्रभावित ग्रामों के पेयजल के स्त्रोत का विवरण तालिका 4.1 में दिया गया है। तालिका से स्पष्ट होता है शत प्रतिशत ग्रामों में क्रमशः पइप से जलापूर्ति, समरसेबिल/ बोरींग/ टयूबवेल तथा कुंआ पीने के पानी का मुख्य स्त्रोत है।

तालिका–4.10

पेयजल स्त्रोत की उपलब्धता

क्रमसं०	स्त्रोत	शाहपुर	कांगड़ा	योग
01	पाईप से जलपूर्ति	04 (100.00)	10(100.00)	14 (100.0)
02	देशी हैण्डपम्प	0)	0	0
03	बोरींग/ टयूबवेल/समरसेबिल	04 (100.00)	10(100.00)	14 (100.0)
04	कुंआ	04 (100.00)	10(100.00)	14 (100.0)
कुल ग्रामों की संख्या		04 (100.00)	10(100.00)	14 (100.0)

स्रोत : प्राथमिक आंकड़ें

4.11 सिंचाई का साधन :

प्रभावित ग्रामों में सिंचाई के स्त्रोत का विवरण तालिका 4.11 में दिया गया है। तालिका से स्पष्ट होता है कि सभी ग्रामों में सिंचाई के साधन के रूप में कुह्ल (water channel) उपल्बधता हैं। जबकि कांगड़ा तहसील के एक ग्राम में सिंचाई के साधन के रूप में राजकीय नलकूप भी उपलब्ध हैं।

तालिका–4.11

सिंचाई के स्त्रोत की उपलब्धता

क्रम सं०	स्त्रोत	शाहपुर	कांगड़ा	योग
01	कुह्ल (water channel)	04 (100.0)	10(100.0)	14 (100.0)
02	राजकीय नलकूप (बोरींग / टयूबवेल)	0	1 (10.00)	1 (7.14)
03	निजीनलकूप / पम्पसेट	0	0	0
04	तालाब	0	0	0
	कुल ग्रामों की संख्या	04 (100.0)	10(100.0)	14 (100.0)

स्रोत : प्राथमिक आंकड़े

4.12 आर्थिक गतिविधियां :

प्रभावित ग्रामों में गठित स्वयं सहायता समूहों का विवरण तालिका 4.12 में प्रस्तुत किया गया है। स्पष्ट है कि शत प्रतिशत ग्रामों में महिला स्वयं सहायता समूह गठित हैं। जबकि किसी भी ग्राम में पुरूष स्वयं सहायता समूह गठित नहीं हैं।

तालिका–4.12

स्वयं सहायता समूह

क्रमसं०	विवरण	शाहपुर	कांगड़ा	योग
01	महिला	04 (100.00)	10(100.00)	14 (100.0)
02	पुरूष	0	0	0
	कुल ग्रामों की संख्या	04 (100.00)	10(100.00)	14 (100.0)

स्रोत : प्राथमिक आंकड़ें

4.13 कुटीर उद्योगो की स्थिति :

परियोजना के विरोध के कारण एसआईए टीम गहण विचार विमर्श करने में असमर्थ थी। परंतु कुछ बिन्दुओं पर सामूहिक विचार विमर्श प्रभावित परिवार से किया गया हैं तहसील शाहपुर के प्रभावित चारों ग्राम के परिवार पिछले लगभग 15 वर्षो से हवाई अड्डे के विस्तार परियोजना के बाते सुनकर परेशान हैं। विचार विमर्श के दौराण, उत्तरदाताओं ने कहा है कि वे कांगड़ा हवाईअड्डा परियोजना के विस्तार के बारे में अच्छी तरह से जानते थे और भूस्वामियों को अधिग्रहण के बारे में सूचित कर दिया गया है। चूंकि अधिकांश उत्तरदाताओं को कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के

बारे में पता था, इसलिए सामाजिक प्रभाव आकलन टीम ने उत्तरदाताओं को प्रस्तावित परियोजना की पृष्ठभूमि और सरकार की पहल के बारे में जानकारी देने में कोई समस्या नहीं हुई।

SIA टीम के सदस्यों के पास अर्ध–संरचित एवं खुले हऐ प्रश्न थे जिसके माध्यम से वरिष्ठ निवासियों/किसानों/परिवारों के प्रमुखों और समूह प्रतिभागियों के साथ विस्तृत चर्चा कि गई। प्रतिभागियों ने हवाईअड्डा विस्तार परियोजना के विस्तार के लिए प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण के बारे में अपनी राय और विचार साझा किए। उन्होंने एक दूसरे के उत्तरों पर अपने विचार और टिप्पणियाँ भी साझा कीं। सामूहिक विचार विमर्श में सभी आयु वर्गें के ग्रामीणों ने भाग लिया। विशेष रूप से महिलाओं ने चर्चा में सक्रिय रूप से भाग लिया और हवाई अड्डे के विस्तार के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की।

विचार विमर्श से ज्ञात हुआ कि ग्राम के लोग अपनी अवासीय भूमि के अलावा अन्य भुमि देने को तैयार हैं। ग्राम के अधिकांश प्रभावित लोग रोजगार के लिए बाहर रहते हैं। विचार विमर्श से ज्ञात हुआ कि लोग हवाई अड्डे के विस्तार परियोजना का जल्द समाधान चाहते हैं। जिन परिवारों का अवास हवाई अड्डे के विस्तार से प्रभावित हो रहा और उनके पास भूमि अवास बनाने के लिए नहीं हैं उन परिवारों को लगभग 20 कि0मी0 के दायरे में जमिन का अवाटंन या अवास उपल्बध कराई जाए तो लोग अपनी भूमि देने के लिए तैयार हैं। प्रभावित लोगों का कहना हैं कि हवाई अड्डे के विस्तार से रोजगार प्रभावित होगा, इसलिए सरकार को विस्थापित /प्रभावित परिवारों के लिए उचित पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना बनाना चाहिए, जिससे किसी को समाजिक एवं आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े। हालांकि, देखी गई प्रमुख चिंता उनके कृषि भूमि, निवास स्थान और आजीविका के नुकसान और पारिस्थितिक पर्यावरण में परिवर्तन के लिए व्यापक रूप से क्षतिपूर्ति करने के लिए उचित प्रतिकर के बारे में थी। परियोजना क्षेत्र के लोगों को सबसे बड़ी समस्या परियोजना के विस्तार में देरी से था। उनका कहना था कि पिछले कई वर्षों से परियोजना विस्तार कि चर्चा सुनकर मानसिक परेशानी हो गई हैं। इससे हमारे बच्चों को शादि होंने में दिक्कतो का सम्मना करना पड़ रहा हैं। उनका कहना हैं कि परियोजना से

प्रभावित परिवारों के लिए कोई सरकार के तरफ से विस्तृत योजना प्रस्तुत नही किया गया हैं। जिसके कारण प्रभावित परिवार अपने अवास, व्यपार एवं रोजगार के लेकर काफी चिंतित थे।

6.4 परियोजना प्रभवित तहसील कांगड़ा के गांवों का सामूहिक विचार विमर्श :–(गगल खास, सन्नौर, ढुगियारी खास, भेड़ी, बाग, बरसवालकड, झिकली इच्छी, मुंगरेहड, सौहाड़ा और बल्ला):

जैसा कि पूर्व में कहा गया हैं कि गगल एवं झिकली इच्छी पंचायत के प्रभावित ग्राम के लगभग 90 प्रतिशत लोग परियोजना के विरोध कर रहे हैं। परियोजना के विरोध के कारण एसआईए टीम गहण विचार विमर्श करने में असमर्थ थी। परंतु कुछ बिन्दुओं पर सामूहिक विचार विमर्श प्रभावित ग्रामों में प्रभावित परिवार के लोगों के साथ किया गया है प्रभावित क्षेत्र के परिवार पिछले लगभग 15 वर्षो से हवाई अड्डे के विस्तार के बाते सुनकर परेशान हैं। विचार विमर्श के दौरान, उत्तरदाताओं ने कहा है कि वे कांगड़ा हवाईअड्डा परियोजना के विस्तार के बारे में जानते हैं परंतु भूस्वामियों को अधिग्रहण के बारे में पूर्ण जनकारी नहीं हैं क्योकि कई बार इस तरह का सर्वे हो चूका हैं, इसलिए लोगो का विशवास नहीं हैं। चूंकि अधिकांश उत्तरदाताओं को कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार के खिलाफ थे, इसलिए सामाजिक प्रभाव आकलन टीम को उत्तरदाताओं को प्रस्तावित परियोजना की पृष्ठभूमि और सरकार की पहल के बारे में जानकारी देने में समस्या हुई। क्योंकि लोगों का कहना था कि जब हम जमिन नहीं देना चाहते तो फिर बात क्यों करे। प्रभावित परिवार के अनुसार उनका अवास एवं व्यपार पूर्ण रूप से प्रभावित हो रहा हैं और सरकार कोई उचित पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना नहीं बनाया हैं इसलिए परियोजना का विरोध कर रहें हैं, क्योंकि इस परियोजना से उनका भविष्य अधंकारमय हो जायेगा। परंतु तहसील कांगड़ा के प्रभावित ग्राम सन्नौर, ढुगियारी खास, भेड़ी, मुंगरेहड, सौहाड़ा और बल्ला के कुछ लोगो ने एसआईए टीम के साथ संक्षिप्त विचार विमर्श में भाग लिए और अपनी समस्यों को टीम को अवगत कराये।

व्यक्तिगत भूस्वामियों पर प्रत्याशित परियोजना प्रभाव : प्रस्तावित परियोजना स्थल अधिकांश निजी भूमि और सरकारी भूमि पर स्थापित किया जा रहा है। सरकारी भूमि विभिन्न गतिविधियों के लिए ग्राम सभा को दी गई है।

प्रस्तावित परियोजना स्थल के लिए अधिग्रहित की जाने वाली भूमि बाद में उस क्षेत्र के सामान्य संपत्ति संसाधनों को प्रभावित करेगी। हालांकि, परियोजना के लागू होने के बाद शहरी क्षेत्रों तक बेहतर पहुंच और आर्थिक गतिविधियों की उपलब्धता बेहतर होगी।

क. अधिकांश उत्तरदाताओं का मानना था कि उनका घर परियोजना स्थल के अंतर्गत आता है, उत्तरदाताओं का मानना था उनका अवास तब तक नहीं खंडित किया जाए जब तक उनके पास रहने के लिए कोई पक्का घर न हो जाए या जब तक कि आवास सुविधा के साथ किसी अन्य आवंटित भूमि क्षेत्र से प्रतिस्थापित न कर दिया जाए। हालांकि, भूमि विनिमय नहीं होने की स्थिति में ऐसे पीएपी पर भारी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

ख. कुछ प्रभावित परिवार कई वर्ष पहले अन्य परियोजना से प्राावित होकर यहा पर अपना अवास बनाये थे। उन परिवारों को फिर विस्थापन का दर्द सता रहा हैं। इसलिए जिन लोगों का अवास प्रभावित हो रहा हैं, वे चाहते हैं कि उनके अवास के लिए भूमि का आवंटन किया जाय।

ग. अधिकांश प्रभावित (खासकर गगल खास, बरसवालकड और झिकली इच्छी ग्राम पंचायत) परियोजना का विरोध कर रहें हैं क्योंकि उनका व्यवसाय परियोजना स्थल के अंतर्गत आता है, जो पीएफ के अजीविका को प्रभावित करेगा, परियोजना के विस्तार से उनका व्यवसाय समाप्त होगा या पुनः चालू करने मे समय लगेगा। इससे उनकी आर्थिक स्थित खराब होने कि संभावना हैं। हालांकि, कुछ उत्तरदाताओं का मानना था उनका व्यवसाय तब तक नहीं खंडित किया जाये जब तक कि व्यवसाय संचालित करने के लिए किसी अन्य आवंटित भूमि क्षेत्र से प्रतिस्थापित न कर दिया जाए। प्रभावित परिवार अपना पुनः व्यापार शुरू करने के लिए आर्थिक सहयोग चाहते हैं, उनका कहना था कि जब तक व्यपार पूर्व के स्थिति में न आ जाय तब तक उनके आय के अनुसार प्रतिमाह प्रतिकर मिलना चाहिए।

ध. प्रस्तावित परियोजना से पीएफ/परिवारों के बहुत अधिक प्रभावित होने की संभावना है, अधिकांश पीएफ अधिग्रहण के संरेखन के अन्तर्गत रहते हैं एवं रोजगार करते हैं। इसके अलावा, उन्होंने इस परियोजना के लिए सरकार द्वारा अधिग्रहित कृषि भूमि के संबंध में भी आशंका व्यक्त

की क्योंकि एक बड़ा हिस्सा (कुछ परिवारों के लिए, उनकी सम्पूर्ण भूमि) प्रस्तावित परियोजना क्षेत्र के अन्तर्गत आता है जिसे नष्ट होने और उसके लिए उचित प्रतिकर की आवश्यकता है।

ड. हालाँकि, उन्हें कुषि की भूमि और उससे प्राप्त होने वाले वार्षिक राजस्व को खोने की आशंका थी। इसलिए उनकी मांग थी कि नियमित राजस्व सृजन सुनिश्चित करने के लिए अपने तहसील क्षेत्र में समान आकार (क्षेत्रफल) और गुणवत्ता वाली भूमि आवंटित की जानी चाहिए।

6.5 भूमि अधिग्रहण से पीएपी में रोजगार क्षमता, आय क्षमता, सामाजिक स्थिति, सांस्कृतिक लोकाचार, पारिवारिक संरचना, मानसिक कल्याण और पारिस्थितिक कल्याण पर पड़ने वाले प्रभाव पर चर्चा

अधिकांश ग्रामीणों ने कांगड़ा में हवाई अड्डे के विस्तार से कृषि क्षेत्र में सब्जी उत्पादन को नुकसान बताया, जिसके कारण ग्रामीण बेरोजगार होंगे क्योकि अधिकांश ग्रामीण कृषि कार्य में लगे हुए हैं और इसमें सबसे अधिक प्रभावित आबादी महिलाओं की है। चर्चा से यह भी ज्ञात हुआ हवाई अड्डे के विस्तार से सब्जी उत्पादन का नुकसान होगा और यह उनकी कमाई क्षमता, सामाजिक स्थिति, सांस्कृतिक लोकाचार, पारिवारिक संरचना, मानसिक कल्याण, पारिस्थितिक कल्याण को प्रभावित करेगी। ग्राम के लोग साल भर में लगभग तीन फसलें उगाकर अपनी आजीविका चलाते हैं। इस परियोजना के निर्माण से क्षेत्र में हरा सब्जी उत्पादन का नुकसान ह्येगा, जिससे सामान्य तौर पर प्राकृतिक संसाधन का नुकसान होगा और जिससे कारण सब्जी के मुल्यों में वृद्धि होंगी।

1 भूमि अधिग्रहण का हम पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और यह हमारे जीवन को काफी बदल देगा। हवाई अड्डे और कॉर्पोरेट क्षेत्र की स्थापना से सामाजिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि हमारी और गाँव की पहचान मिट जाएगी, जिसके परिणामस्वरूप हमारा सामाजिक जीवन के वीरान होने की सम्भवना हैं।

2 भूमि अधिग्रहण से ग्रामीणों की अर्थव्यवस्था कमजोर होगी, जिसका हमारे सामाजिक जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और पारंपरिक रूप से हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली पंचायती राज संस्कृति की कार्यप्रणाली कमजोर होगी।'

3 किसी भी प्रकार का विकास क्षेत्र की स्थलाकृति को प्रभावित करेगा, जिसके परिणामस्वरूप पेड़ों को हटाने और भूमि की खुदाई के कारण नकारात्मक पर्यावरणीय प्रभाव होंगे।

4 सरकार को जमीन देने का मतलब है कि परिवार छिन्न–भिन्न हो जाएंगे क्योंकि आने वाली पीढ़ियों के ग्राम में लौटने का कोई औचित्य नहीं होगा। भूमि अधिग्रहण के बाद आने वाली पीढ़ियां काम की तलाश में दूसरे शहरों में चली जाएंगी। इस प्रकार, परिवार के विघटन का प्रमुख कारण अधिग्रहण होगा।'

5. इसके परिणामस्वरूप, मनोवैज्ञानिक संकट बढ़ेगा, भविष्य की चिंताएँ उभरने लगेंगी, और पारिवारिक विवाद मौद्रिक क्षतिपूर्ति के साथ बढ़ेंगे। आने वाली पीढ़ियों के पास अधिक पैसा होगा, जिससे पारिवारिक मूल्यों के बिगड़ने की संभावना बढ़ जाएगी। पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित होगा और परियोजना प्रभवित क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ेगा।

6. ग्रामवासियों के अनुसार परियोजना के विस्तार से कई ग्राम का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा।

6.6 प्रभावित क्षेत्र में रोजगार में वृद्धि, व्यापार के अवसर, जमीन की कीमत, सार्वजनिक सुविधा, औपचारिक रोजगार उत्पादकता और जीवन स्तर में वृद्धि के संबंध में उनकी राय /धारणाओं पर चर्चा की गई :

1 परियोजना प्रभवित लोगों को यदि प्रस्तावित परियोजना में रोजगार मिलता हैं तो उनकी वित्तीय स्थिती सुरक्षित रहेगी यदि अगर सरकार ऐसा करने में विफल रहती है, तो उनकी आजीविका खतरे में पड़ जाएगी।

2 यह परियोजना सरकार के पर्यटन आय को बढ़ावा देगी, इससे आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में निवासियों की आय पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

3 प्रस्तावित परियोजना क्षेत्र में औद्योगिक संभावनाओं में सुधार करेगी, लेकिन तभी जब सरकार योजना में ग्रामीण लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करेगी अन्यथा औद्योगिक अवसरों में वृद्धि से ग्रामीण लोगों अर्थात पीएपी को लाभ नहीं होगा।

6.7 प्रभावित क्षेत्र में खाद्य (सब्जी) सुरक्षा में वृद्धि, महिला रोजगार उत्पादकता और जीवन स्तर के संबंध में उनकी राय/धारणाओं पर चर्चा की गई और राय मांगी गई :

कृषि भूमि के अधिग्रहण से क्षेत्र में सब्जी उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। यहां की अधिकांश महिलाएं कृषि (सब्जी उत्पादन) कार्य में लगी हुई हैं, इसलिए प्रस्तावित परियोजना से महिलाओं की रोजगार उत्पादकता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। चूंकि उनके पास किसी व्यावसायिक प्रशिक्षण और कौशल की कमी है, और उनके भविष्य की संभावना भी प्रभावित हो सकती है। इसके अलावा, प्रस्तावित परियोजना के लिए कृषि भूमि के अधिग्रहण से उनके जीवन स्तर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि कृषि और पशुपालन इन गांवों में महिलाओं के आय का मुख्य स्रोत हैं।

6.8 परियोजना क्षेत्र मे जल स्रोत, जल संचय, भूमिगत जल स्तर और वन संरक्षित जैसे मुद्दों चर्चा :

प्रस्तावित परियोजना के निर्माण से क्षेत्र के जल स्रोतों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। जल में प्रदूषण की मात्रा बढ़ेगी, भूजल स्तर भी नीचे जाएगा, प्राकृतिक जल स्रोत और पर्यावरण को क्षेत्र मे नकारात्मक रूप से प्रभावित होंगे और इनका क्षेत्र के जल स्रोतों पर बहुत प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

6.9 परियोजना क्षेत्र मे स्वास्थ्य सुविधाओं पर चर्चा :

उनमें से अधिकांश की राय थी कि परियोजना स्वास्थ्य सुविधाओं और अस्पतालों के विकास पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकती है और समुदाय और आस–पास के गांवों के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित कर सकती है।

6.10 इस परियोजना का क्षेत्र में शैक्षिक सुविधा/स्कूलो/कॉलेजों और परिवहन और सड़क सुविधा में वृद्धि पर प्रभाव :

यह परियोजना क्षेत्र में स्कूलों और कॉलेजों की संख्या में वृद्धि को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती है, इसके अलावा प्रस्तावित परियोजना स्थानीय यातायात और सड़क सुविधाओं के साथ कनेक्टिविटी की सुविधा भी प्रदान करेगी।

6.11 क्षेत्र में संसाधनों की उपलब्धता में सुधार और निजी संपत्ति के मूल्य में वृद्धि के मुद्दे पर चर्चा :

अधिकांश उत्तरदाताओं का मानना था कि प्रस्तावित परियोजना के कारण इस क्षेत्र में संसाधनों की उपलब्धता में सुधार हो सकता है और निजी संपत्ति क्षेत्र का मूल्य बढ़ सकता है।

6.12 परियोजना से क्षेत्र मे पर्यटन सुविधाओं पर चर्चा :

प्रभावित परिवारों में से अधिकांश की राय थी कि परियोजना पर्यटन के विकास पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकती है, परियोजना के विस्तार से क्षेत्र में पर्यटकों कि संख्या में वृद्धि होगी, जिससे क्षेत्र,समुदाय और आस–पास के गांवों के लोगों के लिए बेहतर रोजगार के अवसर प्रदान करेगा।

6.13 सामान्य तौर पर, एफजीडी के दौराण परियोजना के बारे में कोई अन्य राय/टिप्पणी भी उठाई गई और चर्चा की गई :

चर्चा में विधिवत अवगत कराया गया कि परियोजना की प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारी परियोजना से संबंधित प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखेंगे। संबंधित अधिकारी को सभी लोगों की भूमि को सही तरह से अधिग्रहित किया जाना चाहिए। मुआवजे की दरें आसपास के क्षेत्र के हिसाब से तय की जाए। परियोजना प्रभावित क्षेत्र के भूमिहीन, आश्रित एवं गरीब लोगों के लिए भी अधिनियम के अनुसार समुचित सुविधाओं का प्रावधान उपलब्ध कराया जाए। इसके अलावा, एफजीडी के दौरान पीएपी द्वारा निम्नलिखित मुद्दे उठाए गए थे :

1. इस परियोजना का समुदाय की सुरक्षा पर प्रभाव पड़ेगा या नहीं, इसके भविष्य की भविष्यवाणी करना मुश्किल है। वर्तमान में क्षेत्र में अपराध कम है, लेकिन उन्हें आशंका है कि परियोजना के पूरा होने के बाद प्रवासी मजदूरों और अन्य अपरिचित लोगों के घुसपैठ के कारण अपराध बढ़ सकता है।

2. उत्तरदाताओं को यह भी आशंका थी कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर आवंटित नहीं किए जा सकते हैं क्योंकि उनके पास तकनीकी कौशल की कमी है और उनकी शैक्षिक योग्यता कम है, जो हवाईअड्डा प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित नौकरियों की आवश्यकता को पूरा नहीं कर सकता है।

3 गौशालाओं के नुकसान, जलाऊ लकड़ी संसाधनों के नुकसान, घरेलू पशुओं की चरागाह भूमि आदि से संबंधित चिंता पर भी विधिवत चर्चा की गई।

4. परियोजना से जिन लोगों का अवास प्रभावित हो रहा हैं और उनके पास अवास बनाने के लिए भूमि उपल्बध नहीं हैं उनलोगों को अवास के लिए भूमि से संबंधित चिंता पर भी विधिवत चर्चा की गई।

5. परियोजना से जिन लोगों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा हैं और उनको व्यवसाय संचालित करने के लिए भूमि के साथ तकनिकी एवं वित्तीय सहायता प्रतिमाह दिया जाय जब तक उनका व्यवसाय पुरानी स्थिति में न आ जाये पर भी विधिवत चर्चा की गई।

6.14 शमन उपाय :

1 भूमि के उचित मुआवजे के साथ–साथ प्रभावित क्षेत्र और अन्य पुनर्वास उपायों में उठाए गए ढांचे के लिए अतिरिक्त मुआवजा प्रदान करें।

2. स्थानीय और राहगीरों से अवैध वसूली पर नजर रखी जाए और उसे प्रतिबंधित किया जाए।

3. निर्माण चरण के दौराण सामुदायिक सुरक्षा को बनाये रखने के लिए आत्मबल विकसित की जाए, विशेष रूप से जहां परिवारों को रहने के उद्देश्य से स्थानांतरित किया जाएगा

6.15 सामुदायिक कल्याण और जीवन शैली संभावित प्रभाव :

पीएपी सामुदायिक कल्याण और रहने की क्षमता पर संभावित प्रभावों के बारे में चिंतित थे जिससे उनके जीवन प्रभावित होगा। यह भी जवाब दिया गया है कि इस भूमि अधिग्रहण से कुछ पीएएफ अधिक प्रभावित होंगे क्योंकि वे दूसरों की तुलना में बड़े क्षेत्र में भूमि, अवास एवं व्यवसाय खो देंगे। परियोजना लोगों के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन को अस्त–व्यस्त कर देगी क्योंकि परियोजना के बाद उनकी जीवन शैली पूरी तरह से बदल सकती है। वे अपनी मूल पारंपरिक ग्रामीण संस्कृति और संयुक्त परिवार संरचना के नुकसान के बारे में बहुत आशंकित हैं। उनके द्वारा बताया गया है कि उनकी आजीविका मुख्य रूप से कृषि पर आधारित है, जो परिवार के सदस्यों के बीच आय का समान अवसर प्रदान करती है, लेकिन भूमि के नुकसान के बाद, हमें उनके अस्तित्व के लिए किसी प्रकार का व्यवसाय करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा जो संयुक्त परिवार की संरचना को प्रभावित करेगा। इसके अलावा परियोजना पर्यावरण पर प्रभाव डाल सकती है, ग्रामवासीयों के अनुसार विभिन्न प्रकार के निर्माण से क्षेत्र की स्थलाकृति बदल जाएगी और पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। परियोजना के कारण ध्वनि, जल और वायु प्रदूषण में भी वृद्धि होगा।

6.16 सामूहिक विचार विमर्श के दौराण ग्रामीणों की मांगे :

प्रस्तावित क्षेत्र के कुछ ग्राम के अधिकांस किसान/भूस्वामि अपना भूमि परियोजना के लिये नहीं देना चाहते, क्योंकि इससे उनका व्यवसाय एवं अवास का नुकसान हो रहा हैं और वह चाहते हैं कि सरकार पहले प्रभावित लोगों के लिए पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना प्रस्तुत करें। परंतु प्रस्तावित कांगड़ा हवाई अड्डे विस्तार के संरेखन से प्रभावित अन्य ग्राम के किसान अपनी भूमि देने के लिए तैयार हैं परंतु इसके बदले अपनी भूमि का मूल्य बजार मूल्य के बराबर चाहते हैं या फिर सर्किल रेट का दस गुणा दर चाहते हैं। इसके अलावा परिवार के सदस्यों के लिए उनकी योग्यता के अनुसार नौकरियां, जमीन के बदले जमीन और प्रभावित परिवार के युवा पीढ़ी के लिए तकनिकी प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार सृजित करणा आदि शर्ते बताऐ गये। जिनका घर अधिग्रहण से प्रभावित हो रहा है उनको तहसील के ग्रामीण क्षेत्र में पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन

2013 के नियमानुसार किया जाना चाहिए। जिनका व्यवसाय अधिग्रहण सें पूर्ण रूप से समाप्त हो जायेगा। उनको भूमि अधिनियम 2013 के अनूसार पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन किया जाना चाहिए और जब तक उनका व्यवसाय सुचारू रूप से न चल सके तब तक उनको जीविकोपार्जन के लिये वर्तमान आय के अनुसार धनराशी प्रतिमाह मिलनी चाहिये।

6.17. परियोजना के लिए वैकल्पित स्थान पर चर्चाः

एफजीडी के दौराण ग्रामीणों से इस परियोजना के विस्तार के लिए वैकल्पित स्थान पर चर्चा किया गया एवं उनका सुझाव लिया जो निम्नवत हैंः

1. ग्रामीणों ने पहला सुझाव इस परियोजना के विस्तार के लिए हवाई अड्डे के पश्चिम से उत्तर कि तरफ सराह कि ओर दिये, उनके अनुसार इस क्षेत्र में अबादि कम हैं और खाली भूमि अधिक हैं।

2. ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों के अनुसार परियोजना के विस्तार के अलावा नये हवाई अड्डे के निर्माण के लिए कांगड़ा तहसील के बोड़क्वालू में वैकल्पिक भूमि का प्रस्ताव दिये है, जो तहसील से लगभग 15 किमी दूरी एवं गगल हवाई अड्डे से लगभग 12 कि0मी0 कि दूरी पर है। प्रस्तावित भूमि से पोंग बांध एवं मसरूर मंदिर लगभग 15 कि0मी0 पर हैं। जो पयर्टन के लिए महत्वपूर्ण हैं और ज्यादातर भूमि बंजर और कम उपजाऊ है और प्रस्तावित क्षेत्र की तुलना में अधिग्रहण से कम लोगों को पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन की सम्भावना है।

ग. ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों के अनुसार परियोजना के लिए तीसरा वैकल्पिक भूमि का प्रस्ताव कांगड़ा तहसील के रैत विकास खण्ड कें लंज क्षेत्र में दिये है, जो गगल हवाई अड्डे से लगभग 23 कि0मी0 कि दूरी पर स्थित है। प्रस्तावित भूमि से पोंग बांध लगभग 5 कि0मी0 एवं मसरूर मंदिर लगभग 3 कि0मी0 पर हैं। जिला हमीरपुर से लगभग 70 कि0मी0 एवं ऊना से लगभग 100 कि0मी0 कि दूरी पर स्थित हें, जो पर्यटन के लिए महत्वपूर्ण भी हैं और वर्तमान प्रस्तावित क्षेत्र की तुलना में अधिग्रहण से कम लोगों को पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन की सम्भावना है।

उपयुक्त स्थिति के अनुसार SIA टीम यह सुझाव देगी कि स्थल चयन के लिए तकनिकी टीम के सुझाव के उपरांत ही परियोजना के लिए उपयुक्त वैकल्पित स्थान का चयन किया जाए।

अध्याय–सात

लागत और लाभ विश्लेषण

कांगड़ा जिला के कांगड़ा तहसील में स्थित हवाई अड्डे के विस्तार के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों के सावधानीपूर्वक विश्लेषण के बाद, एसआईए टीम ने लागत की तुलना इसके लाभों से की। इस अध्याया में लाभ और संबंधित लागतों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।

परियोजना की लागत उपलब्ध नहीं हो पाया हैं इसलिए उचित लागत–लाभ विश्लेषण नहीं किया जा सकता है।

7.1 परियोजना से सार्वजनिक उद्देश्य का आकलन :

कांगड़ा जिला के कांगड़ा हवाई अड्डा के विस्तार से आने वाले वर्षों में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करने में मदद मिलेगी और इससे बेहतर बुनियादी ढांचा, पर्यटन विकास और हवाई संपर्क भी बेहतर होगा। परियोजना लंबी अवधि में पीएफ और आसपास के क्षेत्रों के लिए उपयोगी साबित होगी। साथ ही, यह परियोजना आने वाले भविष्य में एक रणनीतिक बुनियादी ढांचे के विकास के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है।

यह भी प्रमाणित किया जा सकता है कि निजी भूमि का अधिग्रहण करके और इस तरह परियोजना के निर्माण को पूरा करने से एक सार्वजनिक उद्देश्य निश्चित रूप से पूर्ण होगी। यदि परियोजना पूर्ण हो जाती है, तो इससे कनेक्टिविटी में सुधार होगी और यात्रियों को सुगम, तेज और सुरक्षित आवागमन और परिवहन सेवाएं प्रदान करेगी। यदि परियोजना में देरी होती है, तो इससे परियोजना की कुल लागत में वृद्धि होगी, जिससे हिमाचल प्रदेश सरकार और इसके निवासी दोनों प्रभावित होंगे। यदि परियोजना को रोक दिया जाता है, तो इससे न केवल धन की हानि होगी, बल्कि परियोजना पर अब तक खर्च की गई पूरी जनशक्ति और संसाधनों की बर्बादी भी होगी। इसलिए, प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण की सामाजिक लागत और लाभों का आकलन

यह मानते हुए किया गया है कि परियोजना के स्थान या अधिग्रहण की जाने वाली भूमि की मात्रा में कोई बदलाव नहीं होगा।

7.2 संरचना और परिमाण या आकार पर प्रभाव :

पीएफ अपना भूमि, आवासीय, वाणिज्यिक और सामुदायिक उद्देश्यों के लिए उपयोग किए जा रहे निर्माण संरचनाओं को खो देंगे जिसको वे अपनी आजीविका और आवासीय उद्देश्यों के लिए उपयोग करते हैं। शुरू से ही, यह परियोजना प्रभावित परिवारों के लिए उनकी आजीविका और आवासीय उद्देश्य दोनों के लिए काफी प्रभाव और नुकसान प्रतीत होता है। इस परियोजना के विस्तार से विशेष रूप से गगल खास, बरसवालकड़, झिकली इच्छी के परिवारो के व्यवसाय एवं अवास पर ज्यदा प्रभाव पड़ेगा। इस परियोजना के विस्तार से क्षेत्र के व्यवसाय पूर्ण रूप से प्रभावित/ समाप्त होने कि संभावना हैं।

7.3 मुआवजे के निर्धारण :

RFCTLARR –2013 की धारा 26 और 27 के अनुसार, कलेक्टर भूमि के बाजार मूल्य और मुआवजे की राशि का आकलन और निर्धारण करने के लिए निम्नलिखित मानदंड का उपयोग करते हैं। भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 में बिक्री विलेखों के पंजीकरण के लिए निर्दिष्ट बाजार मूल्य या जहां भूमि स्थित है, बेचने के लिए समझौते, निकटतम गांव या निकटतम पड़ोस में स्थित समान प्रकार की भूमि का औसत बिक्री मूल्य के अनुसार प्रतिकर की राशि निर्धारण करते हैं।

पीएफ और पीएपी के साथ बातचीत के दौरान, उनमें से अधिकतर प्रति हे0 35 से 40 करोड़ रुपये के औसत मुआवजे की मांग कर रहे हैं। उनके अनुसार, इस तरह की दरों का भुगतान उसी क्षेत्र के अन्य बिल्डरों/खरीदारों द्वारा पहले ही किया जा चुका है। मुआवजा का निर्धारण हिमाचल प्रदेश सरकार के RFCTLARR –2015 के प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए बनाया जाना चाहिए।

7.4 पात्रता अधात्री (मैट्रिक्स) :

पीएएफ निम्नलिखित छह प्रकार के मुआवजे और सहायता पैकेजों के हकदार होंना चाहिए :

• भूमि, फसलो/पेड़ों के नुकसान के लिए उनकी प्रतिस्थापन लागत पर मुआवजा।

• संरचनाओं (आवासीय/वाणिज्यिक) यदि कोई हो और अन्य अचल संपत्तियों के लिए उनकी प्रतिस्थापन लागत पर मुआवजा।

• व्यापार/मजदूरी आय के नुकसान के अनुसार सहायता और आय सृजन करने में सहायता।

• भौतिक रूप से विस्थापित परिवारों के लिए जिनके पास कोई घर नहीं हैं उनके लिए वैकल्पिक आवास या घर के बदले नकद मुआवजा।

• स्थान परिवर्तन और पुनर्वास स्थल (यदि आवश्यक हो) के लिए सहायता का प्रावधान होना चाहिए।

• सामुदायिक संसाधनों/सुविधाओं का पुनर्निर्माण होना चाहिए।

RFCTLARR –2013 की धारा 26 और 27 के अनुसार, कलेक्टर भूमि के बाजार मूल्य और मुआवजे की राशि का आकलन और निर्धारण करने के लिए निम्नलिखित मानदंड का उपयोग करते हैं। भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 में बिक्री विलेखों के पंजीकरण के लिए निर्दिष्ट बाजार मूल्य या जहां भूमि स्थित है, बेचने के लिए समझौते के औसत बिक्री मूल्य के अनुसार मुआवजे की राशि निर्धारण करते हैं।

• निकटतम गांव या निकटतम पड़ोस में स्थित समान प्रकार की भूमि का औसत बिक्री मूल्य के अनुसार।

• निजी कंपनियों के लिए भूमि के अधिग्रहण के मामले में धारा 2 की उप–धारा (2) के तहत सहमति के अनुसार मुआवजे की राशि का निर्धारण।

• RFCTLARR –2013 के अनुसार आर एंड आर पैकेज का निर्धारण।

नीचे दी गई तालिका में प्रभाव की श्रेणी और RFCTLARR अधिनियम 2013 के R&R की पात्रता के अनुसार पात्रता मैट्रिक्स दर्शाती है। मुआवजा निर्धारण को नियंत्रित करने वाले मूल सिद्धांत तालिका 7.1 में दर्शाया गया हैं।

तालिका 7.1

पात्रता अधात्री (मैट्रिक्स) और मुआवजा निर्धारण को नियंत्रित करने वाले मूल सिद्धांत

प्रभाव का प्रकार	पात्रता कि योगता	प्रासंगिक RTFCTLARR अधिनियम 2013 के अनुसार	
भूमि का नुकसान	प्रभावित भूस्वामि	भूमि का बजार मुल्य जिला कलेक्टर द्वारा RTFCTLARR अधिनियम 2013 के अनुसार किया जाना चाहिए। भूमि एवं संपत्ति के नुकसान के मुआवजे की राशि मौजूदा स्टांप शुल्क और पंजीकरण शुल्क के अनुसार होना चाहिए	प्रभावित अधिकांस परिवार मुआवजे की राशि एवं पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन RTFCTLARR अधिनियम 2013 के अनुसार चाहते हैं।
	प्रभावित भूस्वामि / परिवार	भूमि के बदले भूमि	RTFCTLARR अधिनियम 2013 के अनुसार

अन्य संपत्तियों का नुकसान	प्रभावित भूस्वामि	आवास एवं संपत्तियों का मुआवजा / प्रतिकर	प्रभावित परिवारों को RTFCTLARR अधिनियम 2013 के अनुसार मुआवजा प्रदान किया जाना चाहिए (प्रथम अनुसूची क्रमांक 2 के तहत प्रावधान (उक्त अधिनियम की धारा 29 के अनुसारं)। मुआवजा कि राशि भूमि या संरचना के नुकसान के अनुसार कलेक्टर द्वारा अंतिम रूप दिया जाएगा या प्रदान किया जाएगा।
विलम्ब शुल्क	प्रभावित भूस्वामि / किरायादार	भू–अधिग्रहण के समय भुमि पर लगे फसलों का मुआवजा RTFCTLARR अधिनियम 2013 के धारा 28 के प्रावधानों के अनुसार भुगतान होना चहिए।	
भूमि एवं अन्य संपत्तियों का नुकसान	प्रभावित भूस्वामि	भूमि एवं अन्य संपत्तियों के बजार मुल्य पर अतरिक्त 12 प्रतिशत राशि मिलना चाहिए	भूमि का मूल्य, भूमि के संबंध में धारा 4 की धारा (2) के तहत एसआईए की अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से भूमि का कब्जा लेने की तिथि तक भूमि के बाजार मूल्य पर अतिरिक्त 12 प्रतिशत प्रति वर्ष का भुगतान किया जाना चाहिए।

मुआवाजा / प्रतिकर	प्रभावित भूस्वामि	कुल मुआवजा राशि मुआवजे के अतिरिक्त और मुआवजे की राशि के 100 प्रतिशत के बराबर होगी (u/s 30 RFCTLARR Act, 2013)
अतिरिक्त घटक	प्रभावित भूस्वामि	RFCTLARR Act, 2013 के अनुसार भूमि के बाजार मूल्य के अलावा, प्राधिकरण प्रत्येक मामले में SIA की अधिसूचना तिथि से लेकर धारा 4 के तिथि तक बाजार मूल्य पर 12 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से तय की गई राशि का भुगतान करेगा

7.5 परियोजना की लागत और लाभ :

जिला कांगडा में हवाई अड्डे के विस्तार आर्थिक विकास और अन्य लाभों के लिए एक महत्वपूर्ण उत्प्रेरक के रूप में काम करेगा। इसके निर्माण से कुछ संभावित लाभ निम्नलिखित हैं :

• हवाई अड्डे के विस्तार से क्षेत्र में भूमि की कीमत में वृद्धि होगी जिसका सीधा लाभ परियोजना क्षेत्र के भूस्वामी को होगा।

• हवाई अड्डे की सुगमता के कारण परिवहन में सुधार से कांगड़ा जिले में पर्यटन का विकास होगा। इससे परिवहन, होटल और आतिथ्य उद्योग और स्थानीय उत्पाद के बाजारों में विकास होगा।

• पैराग्लाइडिंग, क्षेत्र में उभरता हुआ पर्यटन खेल हैं, जो संभावित रूप से भारत में सबसे अच्छा माना जाता है क्योंकि यह अधिकतम निरंतर उड़ान घंटे और सुरक्षित और बड़ा लैंडिंग स्थान प्रदान करता है। पर्यटकों की संख्या में वृद्धि की संभावना परियोजना की व्यावसायिक सफलता को बढ़ावा देने में मदद करेगी।

- यह विमानपत्तन राज्य के सर्वोच्च हितों की पूर्ति करेगा तथा वायु सेना की रक्षा आवश्यक्ताओं की पूर्ति हेतु आधार के रूप में सेवा प्रदान भी करेगा।

- प्रस्तावित विमानपत्तन पर बड़े विमानों की लैंडिग से पर्यटकों का समय बचेगा और इन गंतव्यों के लिए हवाई किराए में गिरावट देखने को मिलेगी। जिससे पर्यटकों के संख्या में वृद्धि होगी।

1) लागत

जिला कांगड़ा के कांगड़ा तहसील में हवाई अड्डे के विस्तार में आर्थिक, परिचालन और पर्यावरणीय लागत शामिल है।

(क) आर्थिक और बुनियादी ढांचे की लागत में शामिल हैं : (अ) परियोजना की योजना बनाने में शामिल लागत, (आ) इसके लिए आवश्यक भूमि की लागत, (इ) भवन की लागत, (ई) विद्युतीकरण की लागत और (ए) सुरक्षा उपकरणों की लागत। इनमें भारी खर्च होता है और ये आर्थिक लागत का गठन करते हैं।

(ख) परिचालन लागत में शामिल हैं : (अ) ऊर्जा और बिजली की लागत, (आ) श्रम लागत, (इ) सामग्री की लागत और (ई) वार्षिक रखरखाव लागत। परिचालन लागत भी आर्थिक लागत है लेकिन बाद में उत्पन्न होता हैं।

(ग) परियोजना की बाहरी, पर्यावरणीय और सामाजिक लागतों में शामिल हैं : (अ) वायु, जल और ध्वनि प्रदूषण की लागतें, (आ) ग्लोबल वार्मिंग में योगदान के लिए जिम्मेदार लागतें।

2) लाभ

हवाईअड्डा परियोजना के पूरा होने और संचालित होने पर निम्नलिखित लाभ होंगे :

(क) आर्थिक लाभ : (अ) राजस्व में वृद्धि, (आ) भूमि मूल्य में वृद्धि, (इ) व्यापार के अवसर, (ई) आजीविका विकल्प, (ए) रोजगार और (ऐ) विकसत बाजार आदि।

(ख) बाहरी या सामाजिक लाभ : (अ) लोगों एवं सामानों की आवाजाही में आसानी, (आ) समय कें बचत, (इ) सड़क परिवहन और उपयोग में कमी के कारण प्रदूषण में कमी

(ग) वायुमार्ग में पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकी : (अ) भीड़भाड़ और देरी से बचने के लिए परिवहन में विश्वसनीयता में सुधार और (आ) सुरक्षा सुधार जो यातायात दुर्घटनाओं और जीवन रक्षा में कमी में मदद करता है।

हवाई अड्डा परियोजना में निवेश करना एक महत्वपूर्ण सामाजिक निर्णय है। हालांकि, सार्वजनिक निर्णय निर्माताओं को न केवल वित्तीय लागत पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, बल्कि समाज पर प्रभाव से होने वाले संभावित सकारात्मक प्रभावों पर भी ध्यान देना चाहिए। लागत और लाभ विश्लेषण दर्शाता है कि इस परियोजना में एक सकारात्मक शुध लाभ है जो पूरी तरह से दर्शाता है कि परियोजना लागू करने योग्य है। टिकट राजस्व, यात्रा समय की बचत और सुरक्षा सुधार संबंधी विचारों के कारण, परियोजना लागत प्रभावी और मूल्यवान होगी। लागत और लाभ के परिणामों का विश्लेषण तालिका–7.2 में संक्षेपित किया गया है।

तालिका–7.2 लागत और लाभ के परिणामों का विश्लेषण

लागत		**लाभ**	
आर्थिक और आधारभूत संराचना	योजना भूमि इमारत विद्युतीकरण सुरक्षा उपकरण	आर्थिक लाभ	पर्यटकों के संख्या में वृद्धि यात्री किराया से आय, भूमि मूल्य में वृद्धि, व्यवसाय के सुनहरे अवसर, आजीविका के विकल्प, रोजगार से आमदनी, विकसित बाजार आदि
संचालन लागत	ऊर्जा श्रम सामग्री वार्षिक रखरखाव	समाजिक लाभ	विकसित परिवहन, नए स्थानों तक पहुंच, यात्रा के समय में बचत, परिवहन की विश्वसनीयता,

			सुरक्षा में सुधार सड़क में बचत आधारभूत संरचना
अन्य और पर्यावरणीय लागत	दुर्घटना, वायु प्रदूषण, ध्वनी प्रदूषण और सांस्कृतिक आक्रमण	सांस्कृतिक लाभ	व्यावसायिक संस्कृति का प्रचार, आराम और असान यात्रा
कुल लागत का वर्तमान मूल्य		कुल लाभ का वर्तमान मूल्य	

7.6.1 लागत –लाभ विश्लेषण लागू करने में समस्याएँ :

किसी परियोजना के संबंध में निर्णय लेने में लागत–लाभ विश्लेषण एक उपयोगी उपकरण है। लेकिन लागत –लाभ विश्लेषण की शुद्धता और विश्वसनीयता लागत और लाभ के अनुमान की सटीकता से निर्धारित होती है। लागत –लाभ विश्लेषण में, लागत और लाभ दोनों में मौद्रिक और गैर–मौद्रिक तत्व होते हैं जो प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हितधारकों के संदर्भ में होते हैं। सामाजिक लाभ भावी पीढ़ी और गैर–मानवीय हितधारकों से भी संबंधित हैं। इसलिए किसी परियोजना की सभी लागतों और लाभों का आर्थिक मूल्यांकन संभव नहीं है। कई मामलों में मूल्यों को आरोपित करना पड़ता है और अनुमान लगाना पड़ता है। इसलिए लागत –लाभ विश्लेषण एक अत्यधिक जटिल और बहुत ही चुनौतीपूर्ण अभ्यास है और मूल्यांकन के गलत होने की अधिक संभावना है।

इस दृष्टि से कांगड़ा हवाईअड्डा के विस्तार की लागत एवं लाभों का अनुमान लगाने का प्रयास किया गया है। लेकिन सहज तर्क से यह उम्मीद की जाती है कि परियोजना से लाभ इसकी लागत से कहीं अधिक होगा और इसलिए परियोजना समय, धन और कार्य के लायक है जो हवाईअड्डा और अर्थव्यवस्था के विकास में एक सार्थक योगदान देगी।

अध्याय–आठ

सामाजिक समाघात प्रबन्धन योजना

परियोजना से प्रभावित कांगड़ा तहसील के दस ग्रामों और शाहपुर तहसील के चार ग्रामों के पीएएफ के लिए प्रतिकर RFCTLAR (HP) नियम, 2015 के आधार पर निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है। अधिग्रहित भूमि, संरचना, चल/अचल संपत्ति आदि से संबंधित नुकसान के अनुसार प्रत्येक प्रभावित परिवार को मुआवजा देने के लिए उचित सावधानी बरती जाएगी। अधिनियम यह सुनिश्चित करता है कि पीएफ को उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए और उनकी सभी संबधित चिंताओं का ध्यान रखा जाना चाहिए। एसआईए टीम ने सर्वेक्षण और समुह चर्चा के दौराण पीएएफ द्वारा उठाई गई चिंताओं को अधिनियम के प्रावधानों के साथ मिलान करने का प्रयास किया। लोग परियोजना का पूर्ण रूप से विरोध कर रहे हैं क्योंकि उनका व्यवसाय एवं अवास प्रभावित हो रहा हैं। हवाई अड्डे के निर्माण/ विस्तार के लिए सुझाई गई वैकल्पिक भूमि और स्थान जिससे कम से कम सामाजिक और आर्थिकछति का अवलोकन को जनकल्याण एवं मांग के संर्दभ में लिया जाए। यदि हवाई अड्डा का विस्तार किया जा रहा है तो परियोजना से प्रभावित लोगों के कल्याण के लिए प्रस्तावित उपाय RFCTLAR (HP) नियम, 2015 के अनुसार निम्नलिखित हैंः–

1. परियोजना से सबंधित विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन, व्यवहार्यता प्रतिवेदन एवं पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना उपल्बघ नहीं हैं इसलिए प्रस्तुत सामाजिक समाघात प्रबन्धन योजना सिर्फ एक सुझाव/संदर्भ के रूप में प्रस्तुत हैं जिसका बिना पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के कोई औचित्य नहीं हैं।

2. भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया से पहले सामाजिक प्रभाव आकलन का क्रियान्वयन किया जाना चाहिए।

3. भूमि अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों के लिए पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना उपलब्ध होना चाहिए।

4. अधिग्रहण प्रक्रिया से पहले अधिक मौद्रिक लाभ और विस्थापित परिवार की सूची, भूमि का स्वामित्व और बुनियादी ढांचा, वाणिज्यिक संरचना, प्रभावित क्षेत्र में भूमिहीन लोगों की सूची, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित पीएएपी की सूची है, प्रभावित क्षेत्र में विकलांग सूची, प्रभावित क्षेत्र में भूमिहीन खेतिहर मजदूरों की सूची, प्रभावित क्षेत्र में चल/अचल संपत्ति की सूची तैयार किया जाना चाहिए और तदनुसार, प्रतिकर प्रदान किया जाय।

5. परियोजना का परिचालन सभी लागू विधानों, नीतियों, क्षति को कम से कम करने हेतु किये गये उपायों जैसे उचित प्रतिकर अथवा आजीविका के स्रोतो तथा संसाधनों का विकास राष्ट्रीय एवं राज्य के विधानों के अनुपालन मे किया जाना चाहिए।

6. जहाँ तक सम्भव हो परियोजना के परिचालन में सामाजिक कुप्रभाव नहीं होने देने के लिए उचित स्रोतो के सृजन का प्रयास किया जाना चाहिए। जहाँ यह सम्भव न हो तो सामाजिक प्रभाव /प्रतिघात की अवधि, सघनता एवं प्रभाव के प्रसार को कम से कम किया जाना चाहिए। साथ ही, ऐसे प्रभाव जिनको पूर्ण रूप से कम नहीं किया जा सकता है उनको पूर्व की स्थिति में लाने का प्रयास सुनिश्चित किया जाना चाहिए (उदाहरण के लिए कृषि भूमि, आजीविका के स्रोत, व्यक्तियों की जीवनशैली की गुणवत्ता आदि)।

7. परियोजना की प्राथमिकता उपयुक्त निर्माण पद्धति अनुसूची एवं अन्य क्षति को कम से कम करने के उपायों का उपयुक्त निर्धारण करते हुए प्रभावित व्यक्तियों एवं परिवारों के कल्याण एवं जीविकोपार्जन के अनुरूप होनी चाहिए।

8. हवाई अड्डा का विस्तार एवं परिचालन प्रत्यक्ष रूप से सामाजिक प्रभाव से सम्बंधित हो सकता है अथवा प्राकृतिक पर्यावरण एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था में परियोजना के कार्यकलापों के सम्पादन आदि के रूप में समाघात सम्भव है। इस प्रकार के सभी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष समाघात का सही

एवं पारदर्शी रूप से आंकलन करते हुए उन्हें कम करने हेतु शमन के उपायों को अपनाने की आवश्यकता है।

9. परियोजना में दुर्बल/कमजोर व्यक्तियों एवं परिवारों, जैसे ऐसे भूमिहीन एवं बटाई कृषक जो अपने जीविकोपार्जन हेतु कृषि मजदूरी पर निर्भर हैं उन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। ऐसे व्यक्ति एवं परिवार नई परिस्थितियों के अनुसार निर्णय लेने, परामर्श करने एवं विचार–विमर्श में भाग लेने में असमर्थ रहते है। साथ ही, आजीविका के नये साधनों एवं परियोजना के अन्तर्गत काम के अवसरों के सम्बंध में भी अनभिज्ञ रहते हैं। प्रभावित उन लोगो को भी उचित मुआवजा मिलना चाहिए जिनके पास उचित भूमि स्वामित्व या भूमि पंजीकरण नहीं है, हालांकि वे कई वर्षों से प्रभावित क्षेत्र में रह रहे हैं।

10. परियोजना मे उन सभी व्यक्तियों, समूहों एवं समुदायों के विधि सम्मत अधिकारों एवं रूचि का ध्यान रखा जाना चाहिए जो परियोजना से प्रभावित हैं। इस प्रकार इसमें उन सभी को सम्मिलित किया जाना है जिनकी भूमि, फसल एवं अन्य परिसंम्पत्तियों हवाई अड्डा के विस्तार के रेखांकन में अवस्थित हैं तथा ऐसे अन्य व्यक्ति जिनके सुख–साधन, जीवन–स्तर एवं अन्य सुरक्षा कवच आदि प्रभावित हुए हैं।

11. परियोजना में व्यक्तियों, समूहों एवं समुदायों को परियोजना के हितधारकों के रूप में अपनी तर्कसंगत, रूचियों एंव परियोजना से सम्बधित विषयों में अपने विचार रखने का अधिकार होगा। प्रभावित लोगों के असहमति का अधिकार सुनिश्चित किया जाना चाहिए और उस पर विधिवत विचार किया जाना चाहिए।

12. अधिग्रहण से प्रभावित लोगो के लिए आजीविका योजना, लिंग योजना, शिक्षा योजना आदि सहित आर एंड आर पैकेज अनिवार्य और समयबद्ध होना चाहिए।

13. पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन से पहले भुगतान का समयरेखा का निर्धारण या भुगतान किया जाना चाहिए, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना से पहले किसी को विस्थापन नहीं किया जाना चाहिए।

14. सभी विस्थापित पीएफ को कम से कम तीन बार पूर्व सूचना दी जानी चाहिए, और उनके पशुधन की अत्यधिक देखभाल के साथ उनकी पसंद के नए क्षेत्र में सुचारू पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के लिए 9–12 महीने का उचित समय दिया जाना चाहिए।

15. विस्थापन/पुनर्वास के कारण आर्थिक, मनोवैज्ञानिक, पारिस्थितिक, मानसिक समावेशन को पूर्ण करने वाले सामाजिक प्रभावों के लिए उचित मुआवजा मिलना चाहिए।

16.. अधिग्रहण और उसके बाद पुनर्वास प्रक्रिया के लिए पारदर्शिता और भागीदारी दृष्टिकोण का पालन किया जाना चाहिए

17. भूमि के दुरुपयोग को रोकने के लिए अत्यंत सावधानी रखनी चाहिए।

18. भूमिहीन लोगों के लिए पट्टे का विकल्प होना चाहिए।

19. संस्थागत तंत्र–विवादों के निपटान के लिए राष्ट्रीय/राज्य निगरानी प्राधिकरण/आयुक्त आर एंड आर/प्रशासक का गठन किया जाना चाहिए।

भूमि एवं परिसम्पत्तियों के अधिग्रहण एवं परियोजना के संचालन के फलस्वरूप होने वाले प्रभावों एवं उनके शमन के उपाय को निम्न रूप में प्रस्तुत किया गया है।

क्र0.सं0	**प्रभाव/समाघात**	**प्रभाव की श्रेणी एवं प्रकार**	**निवारण हेतु उपाय**
1.	उपजाऊ भूमि की क्षति	उच्च गंभीर एवं दीर्घकालीन	1. भूमि का अधिग्रहण तकनीकी व्यावहारिकता प्रतिवेदन' के आधार पर किया जाना चाहिए जिससे यह स्पष्ट हो सके कि हवाई अड्डो के विस्तार के लिए भूमि का अधिग्रहण अन्तिम विकल्प है और प्रस्तावित भूमि तकनीकी रूप से सर्वोत्तम है। 2. भूमि के मुआवजे के लिए अधिकृत एवं पात्र व्यक्तियों को (प्रतिकर हेतु पात्रता, प्रतिकर की धनराशि, प्रतिकर उपलब्ध कराने की समयावधि, प्रतिकर से सम्बंध में आपत्ति करने का तरीका

			आदि) स्पष्ट रूप में परिभाषित करते हुए प्रभावित भूस्वामियों को अवगत कराया जाना चाहिए। 3. प्रतिकर के लिए एकढांचा विकसित किया जाना चाहिए जिसमें केवल प्रभावित संम्पत्ति का प्रतिकर न होकर मूल्य आधारित हों। 4. निर्माण प्रारम्भ करने से पूर्व पुनर्वास के सभी उपाय पूर्ण किये जाने चाहिए। चूँकि भूमि अधिग्रहण योजना के अन्तर्गत अधिग्रहीत भूमि का प्रतिकर दिये जाने का प्राविधान है। अतः प्रभावित भूस्वामियों को प्रतिकर का भुगतान समय से किये जाने का प्रयास किया जाना चाहिए। 5. यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि प्रतिकर के भुगतान में किसी बिचौलिये की भूमिका न हो। 6. प्रतिकर की राशि के निर्धारण से पूर्व अधिग्रहीत की जाने वाली भूमि में अवस्थित सभी संम्पत्तियों यथा नलकूप/बोरिंग/ पम्पसेट, दुकानें, भवन, पेड़ पौधों आदि के मूल्य का निर्धारण सम्बंधित विभागों द्वारा किये जाने एवं उसके यथेष्ट प्रतिकर का भुगतान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इस प्रकार की परसंम्पत्ति की पूरी सूची तैयार की जानी चाहिए। यदि उपरोक्त संम्पत्तियों, उदाहरण स्वरूप पेड़–पौधों की प्रतिकर की धनराशि कम प्रतीत हो रही है तो प्रभावित कृषक को इसे खुले बाजार में बेचने की छूट दी जानी चाहिए। इस स्थिति में सम्बंधित विभाग (यथा वन विभाग) से अनुमति दिलाने का कार्य भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। 7. प्रभावित ग्राम की शत् प्रतिशत कृषि भूमि के अधिग्रहण के बावजूद प्रतिकर के निर्धारण में उस छोटी भूमि को भी सम्मिलित किया जाना चाहिए जो हवाई अड्डो के निर्माण में प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित नही है, तथापि निर्माण कार्य के कारण अनुपयोग्य हो गयी है। उदाहरण स्वरूप किसी कृषक की भूमि का एक छोटा सा टुकड़ा जो कुछ मीटर ही लम्बा अथवा चौड़ा हो सकता है। उसे अधिग्रहीत न किये जाने के बावजूद वह उस कृषक के किसी उपयोग का नहीं रह जायेगा। सामाजिक समाघात अध्ययन में सामने आया है कि इस प्रकार के मुद्दो के प्रति

			कृषकों में भ्रान्तियां फैली हैं। अतएव इस सम्बंध में जिला प्रशासन द्वारा अधिग्रहण की जानेवाली भूमि का भौतिक सत्यापन करा के प्रदर्शित किया जाना चाहिए जिससे कृषकों को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित भूमि की वास्तविक जानकारी हो सके। 8. मौद्रिक प्रतिकर के अतिरिक्त प्रभावित कृषकों को ग्राम समाज की भूमि में से कुछ भूमि उपलब्ध करायी जानी चाहिए जिससे उसका वैकल्पिक रोजगार अथवा पशुओं का बाड़ा बनाने आदि में उपयोग किया जा सके।
2.	जीविकोपार्जन की क्षति एवं पलायन की सम्भावना	उच्च गम्भीर एवं अल्पकालीन	1. ऐसे भूस्वामियों को प्राथमिकता दी जाये जिनकी भूमि परियोजना द्वारा 70 प्रतिशत से अधिक प्रभावित हो चुकी है। 2. स्थानीय निवासियों को हवाई अड्डो के विस्तार में रोजगार को प्राथमिकता दी जाए। 3. प्रभावित परिवारों के सदस्यों को आवश्यकता पड़ने पर तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाए। 4. यदि सम्भव हो तो नयी क्रय की गई भूमि में निःशुल्क बोरिंग एवं बिजली कनेक्शन में प्राथमिकता एवं छूट दी जाए। 5. जिनका व्यवसाय पूर्ण रूप से समाप्त हो रहा हैं उन लोगों को व्यवसाय शुरू करने हेतु प्राथमिकता के अधार पर सहयोग देना चाहिए। 6. जिनका व्यवसाय पूर्ण रूप से समाप्त हो रहा हैं उन लोगों को व्यवसाय शुरू करने हेतु स्थल का अवांटन एवं ऋण में छुट देना चाहिए।
3.	निर्माण अवधि में कर्मकारों एवं दीर्घकालीन परिचालन अवधि में अस्थानीय एवं बाहरी व्यक्तियों के कारण सामुदायिक मूल्यों एवं जीवन शैली में प्रभाव। परियोजना	कम तीव्रता एवं दीर्घकालीन	1. निर्माण अवधि मे किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में स्थानीय निवासियों के लिए शिकायती रजिस्टर/पंजिका अथवा हेल्प लाइन एवं फोन नम्बर की व्यवस्था होनी चाहिए। 2. सभी प्रकार की शिकायतों का निवारण समयबद्ध रूप से किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

	के निर्माण अवधि में परियोजना कार्यकर्ताओं की उपस्थिति एवं उनके कृत्य सामाजिक–आर्थिक पर्यावरण को प्रभावित करने का महत्वपूर्ण कारक है इससे स्थानीय समुदाय भी प्रभावित हो सकता है। समुदायों के व्यक्तियो में प्रभाव पड़ता है । इसके अतिरिक्त स्थानीय रूप में उपलब्ध सीमित सुविधाओं का परियोजना कार्यकर्ताओं द्वारा उपयोग से भी स्थानीय व्यक्तियों की जीवन शैली पर प्रभाव पड़ने की सम्भावना।		3. बहुत बड़े आकार के संघर्ष/विवाद की स्थिति में ग्रामस्तर पर बैठक करनी चाहिए ग्रामों में बड़ी संख्या में बाहरी कार्यकर्ताओं के आने के फलस्वरूप लैगिंक आपराधिक घटनाएँ एवं शिकायतें आ सकती हैं। 4. ठेकेदारों द्वारा अपने कर्मचारियों के लिए उनके आचरण के सम्बंध में आचार संहिता (कोड ऑफ कन्डक्ट) अथवा स्पष्ट नियमावली बनानी चाहिए। इस नियमावली में स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए की कर्मचारी–गण स्थानीय निवासियों से किस–किस विषय में तथा किस सीमा तक बात/चीत कर सकते हैं।

8.1 प्रभाव से बचने, कम करने और क्षतिपूर्ति करने के उपाय :

प्रस्तावित कांगड़ा हवाई अड्डे विस्तार के किसी भी प्रतिकूल प्रभाव से बचने के लिए सर्वोत्तम संभव तकनीकी डिजाइन प्रस्तावित किया जाना चाहिए और न्यूनतम संभव भूमि अधिग्रहण करने का प्रयास किया जाना चाहिए, जिससे अधिग्रहण में न्यूनतम व्यवधान हो। साथ ही, निर्माण चरण

के दौरान भी उचित उपायों की योजना बनाई जाना चाहिए, जिससे स्थानीय निवासियों को परेशानी न हो। भूमि और उससे जुड़े प्रभाव की भरपाई के लिए, RFCTLARR अधिनियम, 2013 और RFCTLARR (HP) नियम 2015 के आधार पर व्यापक R&R योजना बनाई जाना चाहिए।

परियोजना कार्यान्वयन एजेंसी को निम्नलिखित कार्य करने का सुझाव :

परियोजना कार्यान्वयन एजेंसी को RFCTLARR (HP) नियम 2015 के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित कार्य करने का सुझाव दिया जाता है :

• **शिकायत निवारण तंत्र विकसित करने की आवश्यकता :** भूमि अधिग्रहण और आर एंड आर से संबंधित शिकायतों के समय पर समाधान के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जानी चाहिए। यह शुरुआत से परियोजना के अंत तक मौजूद रहना चाहिए।

• पुनर्वास कार्य योजना की गुणवत्ता की निगरानी एक वरिष्ठ नामित अधिकारी की निगरानी में नियमित आधार पर प्राधिकरण द्वारा की जानी चाहिए और प्रत्येक तीन महीने में एक बार बेहतर गुणवत्ता की निगरानी नियमित आधार पर बाहरी एजेंसी द्वारा की जानी चाहिए।

• आर एंड आर का मूल्यांकन किसी बाहरी एजेंसी द्वारा किया जाना चाहिए और यदि आवश्यक हो तो सुझाव का उपयोग आगे की कार्रवाई के लिए किया जाना चाहिए। आर एंड पी (पुनर्वास कार्य योजना) का मूल्यांकन योजना के मध्य में और एक अंतिम अवधि पर होना चाहिए।

8.2 प्रभाव और प्रबंधन योजना

इस खंड में उन विभिन्न प्रभावों के बारे में बताया गया है जो प्रस्तावित परियोजना का पीएपी के जीवन पर प्रभाव डालता है, और उन प्रभावों को कम करने के लिए निम्नलिखित प्रबंधन योजना प्रस्तुत किया गया हैं :

- भूमि अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों के लिए पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना RFCTLAR (HP) नियम, 2015 और RFCTLAR act 2013 के अनुसार होना चाहिए

- परियोजना प्रभावित परिवारों पर सबसे पहला और महत्वपूर्ण प्रभाव उनकी कृषि भूमि का स्थायी अधिग्रहण है। इस प्रभाव के लिए प्रबंधन योजना उन्हें RFCTLAR (HP) नियम, 2015 और RFCTLAR act 2013 के अनुसार प्रतिकर प्रदान करना चाहिए है।

- प्रभावित जिन परिवार का व्यवसाय पूर्ण रूप से समाप्त हो जाएगा, ऐसे परिवारो को व्यवसाय शुरू करने के लिए आर्थिक सहयोग या जब तक उनका व्यवसाय पहले के स्थित में ना आ जाए तब उन परिवार को प्रतिमाह उनके वर्तमान आय के अनुसार प्रतिकर मिलना चाहिए।

- कुछ ऐसे परिवार भी हैं जो अपनी आजीविका के लिए कृषि भूमि पर निर्भर हैं और भूमि के अधिग्रहण के साथ, वे आजीविका का अवसर खो देंगे। चूँकि सभी गाँवों की अधिकांश भूमि कृषि योग्य है, खेती के लिए उपयोग की जाने वाली भूमि पर कृषि उपज का पूर्ण नुकसान होगा। ऐसे परिवारों के लिए नई तकनिक के रोजगार के लिए प्रशिक्षण देना चाहिए।

8.3. महिलाओं के लिए प्रबंधन योजना :

प्रस्तावित परियोजना का महिलाओं पर संभावित प्रभाव भूमि के रूप में अचल संपत्तियों से जुड़ी दीर्घकालिक सुरक्षा का नुकसान हो सकता है। प्रबंधन योजना को परियोजना प्रभावित महिलाओं को वित्तीय स्थिरता से मजबुत करने के लिए सशक्त बनाने पर ध्यान देना चाहिए। उनकी वर्तमान स्थिति को ऊपर उठाने के लिए उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है। हालांकि, जहां परियोजना के माध्यम से महिलाओं को नियोजित किया जाएगा वहां सुरक्षा और सुरक्षा की कड़ी निगरानी की आवश्यकता है। महिलाओं को भी प्रबंधन योजना की समान लाभार्थी बनने के लिए निम्नलिखित व्यवस्थित उपाय किए जाना चाहिए :

.1. कार्यन्वयन एजेंसी को सक्रिय पहल करनी चाहिए ताकि संसाधनों तक पहुंच प्राप्त करने के लिए समूह–आधारित गतिविधियों में भाग लेने के लिए महिलाओं से उचित परामर्श लिया जा सके और उन्हें कार्य करने के लिए आमंत्रित किया जा सके।

2. आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और बढ़ावा देने की जरूरत है।

3. पीएएफ की महिलाओं को आवश्यक कौशल प्रदान करने के लिए एक व्यवस्थित और संरचित योजना को संबंधित सरकारी एजेंसियों द्वारा उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए तैयार करने की आवश्यकता है।

8.4 विकास प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी :

परियोजना की तैयारी से लेकर निर्माण चरण तक और एक हद तक संचालन चरण तक परियोजना में महिलाओं की भागीदारी की परिकल्पना की गई है। इसके अलावा, निम्नलिखित बिंदुओं पर विचार किया जाएगा :

• परियोजना तैयार करने के चरण में, सर्वेक्षण और परामर्श के दौरान महिलाओं की भागीदारी संभव हुई।

• निष्पादन एजेंसी सक्रिय पहल करेगी ताकि संसाधनों तक पहुंच प्राप्त करने के लिए महिलाओं से उचित परामर्श किया जा सके और उन्हें समूह आधारित गतिविधियों में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा सके।

• महिलाओं के कौशल को ध्यान में रखते हुए निर्माण चरण के दौराण और संचालन चरण के दौराण भी महिलाओं को काम मे लगाया जाना चाहिए।

• निगरानी और मूल्यांकन गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित की जानी चाहिए।

• महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर उनकी समग्र सामाजिक आर्थिक स्थिति के उत्थान में मदद करेंगे और उन्हें सुरक्षा की स्थिति प्रदान करेंगे।

• महिलाओं के लाभ से संबंधित परियोजना कार्य की निगरानी उनकी भागीदारी को आमंत्रित करेगी जो प्रक्रिया को उनके लिए अधिक पारदर्शी बनाएगी। महिलाओं को उनके दृष्टिकोण से परियोजना के परिणामों का मूल्यांकन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा और महिलाओं की

भागीदारी बढ़ाने के लिए बेहतर और अनुकूल स्थिति बनाने के लिए परियोजना में आगे संशोधन के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के लिए उनके उपयोगी सुझावों पर ध्यान दिया जाएगा।

8.5 निर्माण शिविरों में महिलाओं का प्रावधान

• **अस्थायी आवास –** श्रमिकों/श्रमिकों के परिवारों को निर्माण कार्य के दौराण श्रमिक शिविर स्थल पर उपयुक्त आवास उपलब्ध कराया जाना चाहिये। कमरे का आकार मानक (4मी0,2/व्यक्ति) के अनुसार होना चाहिए। मानक उपलब्ध न होने की स्थिति में ठेकेदार द्वारा इसका डिजाइन तैयार किया जाना चाहिये। डिजाइन को निर्माण पर्यवेक्षण सलाहकार द्वारा विधिवत अनुमोदित किया जाना चाहिये। ऐसे परिवारों के लिए स्वीकृत डिजाइन के अनुसार कमरों का निर्माण किया जाना चाहिये।

• **स्वास्थ्य केंद्र –** निर्माण शिविर के लिए अस्थायी रूप से स्थापित स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करके श्रमिकों की स्वास्थ्य समस्याओं का ध्यान रखा जाएगा। प्राथमिक चिकित्सा आवश्यकताओं या मामूली दुर्घटना के मामलों से निपटने के लिए स्वास्थ्य केंद्र में कम से कम एक विजिटिंग डॉक्टर होना चाहिए, बड़ी बीमारियों और गंभीर मामलों के रोगियों को रेफर करने के लिए निकटतम अस्पताल के साथ संबंध होना चाहिए। शिविर में माताओं और बच्चों के इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र में एमसीडब्ल्यू (मातृ एवं बाल कल्याण) इकाइयां होनी चाहिए। इसके अलावा, स्वास्थ्य केंद्र बच्चों के लिए आवश्यक नियमित टीकाकरण प्रदान करेगा।

• **शिशु गृह सुविधाएं –** यह उम्मीद की जाती है कि महिला श्रमिकों में निर्माण स्थल पर शिशुओं और छोटे बच्चों वाली माताएं होंगी। शिशु गृह का प्रावधान ऐसी महिलाओं की समस्याओं को हल कर सकता है जो अपने बच्चों को शिशु गृह में छोड़कर दिन के लिए निर्माण गतिविधियों में काम कर सकती हैं।

• **निर्माण कार्यों का समय निर्धारण –** तेजी से निर्माण कार्य की मांग के कारण यह उम्मीद की जाती है कि 24 घंटे का कार्य शेड्यूल चालू रहेगा। महिलाओं को नाइट शिफ्ट से छूट दी जानी चाहिए। यौन उत्पीड़न को कम करने के लिए निर्माण स्थल पर कड़ी सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए।

• **शिक्षा सुविधाएं –** निर्माण श्रमिक मुख्य रूप से चलते–फिरते समूह हैं। वे अपने परिवारों को साथ लेकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते हैं। इसलिए उनके बच्चों को उनके काम के स्थान पर शिक्षित करने की आवश्यकता है। प्राथमिक शैक्षिक सुविधाओं के साथ डे क्रेच सुविधाओं का विस्तार किया जाना चाहिए।

8.6 प्रशिक्षण आवश्यकता आकलन

सामाजिक प्रभाव प्रबंधन योजना में पीएपी के आर्थिक निर्वाह के लिए रणनीति बनानी होगी। उन्हें नए कौशल प्रदान करने या प्रशिक्षण के माध्यम से अपने मौजूदा कौशल को उन्नत करने के लिए अपने उत्पादन स्तर को सुधारने में मदद करने के लिए प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। चूंकि पीएफ ज्यादातर अपनी प्राथमिक आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर हैं, इसलिए प्रशिक्षण उनकी आय बहाली के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण घटक है। पीएएफ के लिए जो अपनी आर्थिक गतिविधियों में विविधता लाने का इच्छा रखते हैं, उन्हें उनकी प्राथमिकताओं के अनुसार आय सृजन में संलग्न करने के लिए उपयुक्त विभिन्न प्रशिक्षण आवश्यकताओं की पहचान करनी होगी। कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अलावा, सामान्य उद्यमिता विकास का भी आकलन करने की आवश्यकता है और ऐसे विकास कार्यक्रम भी प्रशिक्षण कार्यक्रम का एक हिस्सा होना चाहिए जिसका उद्देश्य पीएपी की प्रबंधकीय क्षमताओं में सुधार करना हो। इसके अलावा, कुछ कौशल जैसे सिलाई और बुनाई, छोटी अच्छी दुकानें, विपणन–खरीद और बिक्री स्थानीय उत्पाद आदि के प्रति महिलाओं की पहुंच में सुधार के लिए क्षमता बढ़ाने वाली सहायता प्रदान करने की आवश्यकता है, जो महिलाओं के लिए आय के पूरक स्रोत के रूप में कार्य कर सकती है। परियोजना से प्रभावित महिलाओं और बच्चों को व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिया जा सकता है। ये प्रशिक्षण कार्यक्रम विशेष रूप से महिला समुदाय के विकास और कल्याण

के लिए बनाई गई मौजूदा सरकारी योजनाओं के माध्यम से प्रदान किए जाएंगे और प्रशिक्षण संबंधी गतिविधियों की स्थापना को सुविधाजनक बनाने के लिए परियोजना से पूरक निधियों को स्थानांतरित किया जा सकता है। ऐसे कई सरकारी योजनाए और एनजीओ हैं जिनसे इस उद्देश्य के लिए संपर्क किया जा सकता है और उनका उपयोग किया जा सकता है, जैसे कि :

क. स्वयं सहायता समूह,

ख. महिला और बाल विकास के लिए समर्थन,

ग. विभिन्न गांवों में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आदि।

8.7 कौशल विकास के माध्यम से आजीविका संचालन और आय सृजन की रणनीति :

इस परियोजना से कौशल विकास प्रशिक्षण और तहसील स्तर पर चल रही सरकारी योजनाओं के साथ जुड़ाव के माध्यम से आय सृजन के अवसर प्रदान करने की उम्मीद है। निष्पादन एजेंसी पीएपी के लाभ के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं को गतिशील बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएगी। निष्पादन एजेंसी प्रशिक्षण कार्यक्रमों का अधिकतम लाभ देने के लिए पीएफ और तहसील के समबंधित विभाग के साथ काम करेगी।

